https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, गुरुवार 24 जुलाई 2025 ● श्रावण अमावस्या, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 107 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.8 | 24.0 |
| डालटनगंज | 34.6 | 25.7 |
| धनबाद | 34.6 | 28.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# आयोग ने शुरू की उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारी, कहा-जल्द घोषित होगा कार्यक्रम

एजेंसियां। नयी दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद चुनाव आयोग एक्शन मोड में आ गया है. आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है. आयोग ने बुधार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव से संबंधित तैयारियां शुरू कर दी हैं. तैयारी संबंधी गतिविधियां पूरी होने के बाद जल्द ही उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी. जगदीप धनखड़ ने सोमवार को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था. मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके इस्तीफे को स्वीकार कर लिया था. चुनाव आयोग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गृह मंत्रालय ने 22 जुलाई को एक अधिसूचना के जरिए भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे की सूचना दी है. इसमें कहा गया कि चुनाव आयोग को अनुच्छेद 324 के तहत भारत के उपराष्ट्रपति पद के चुनाव कराने का अधिकार प्राप्त है. यह चुनाव राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव अधिनियम 1952 और इसके तहत बने नियमों (राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव नियम 1974) द्वारा कराया जाता है. आयोग ने कहा कि हमने उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 से संबंधित तैयारियां शुरू कर दी हैं. तैयारियां पूरी होने के बाद उपराष्ट्रपति पद के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी. आयोग ने कहा कि निर्वाचक मंडल की तैयारी, जिसमें राज्यसभा एवं लोकसभा के निर्वाचित




तथा मनोनीत सदस्य शामिल होते हैं शुरू कर दी गई है. इसके अलावा रिटर्निंग ऑफिसर / सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति को अंतिम रूप दिया जा रहा है. आयोग ने कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति चुनावों से संबंधित जानकारियों और रिकॉर्ड को देखा जा रहा है.

**कैसे होगा अगले उपराष्ट्रपति का चुनाव :** उपराष्ट्रपति चुनाव में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सांसद, राज्यसभा में मनोनीत 12 सांसद और लोकसभा के 543 सांसद वोट डाल सकते हैं. इस तरह के कुल 788 लोग वोट डाल सकते हैं. हालांकि, चुनाव आयोग जब उपराष्ट्रपति चुनाव की तारीखों का एलान करेगा, तब वह लोकसभा और राज्यसभा में सभी मौजूदा सदस्यों की गिनती करेगा. संविधान के अनुच्छेद 66 में उपराष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया का जिक्र है. यह चुनाव अनुपातिक प्रतिनिधि पद्धति से किया जाता है, जो कि लोकसभा या विधानसभा चुनाव की वोटिंग प्रक्रिया से बिल्कुल अलग है. उपराष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग सिंगल ट्रांसफरेबल वोट सिस्टम से होती है.

**उपराष्ट्रपति की उम्मीदवारी कब स्वीकार होती है :** चुनाव में खड़े होने के लिए किसी भी व्यक्ति को कम से कम 20 संसद सदस्यों को प्रस्तावक और कम से कम 20 संसद सदस्यों को समर्थक के रूप में नामित कराना होता है. उपराष्ट्रपति का प्रत्याशी बनने के लिए 15 हजार रुपए की जमानत राशि जमा करनी होती है. नामांकन के बाद फिर निर्वाचन अधिकारी नामांकन पत्रों की जांच करता है और योग्य उम्मीदवारों के नाम बैलट में शामिल किए जाते हैं.

**राष्ट्रपति चुनाव से कितना अलग है उपराष्ट्रपति का चुनाव :** उपराष्ट्रपति चुनाव में संसद के दोनों सदनों के सदस्य वोट डालते हैं. इनमें राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी शामिल होते हैं. राष्ट्रपति चुनाव में निर्वाचित सांसद और सभी राज्यों के विधायक मतदान करते हैं. राष्ट्रपति चुनाव में मनोनीत सांसद वोट नहीं डाल सकते हैं, लेकिन उपराष्ट्रपति चुनाव में ऐसा नहीं है. उपराष्ट्रपति चुनाव में ऐसे सदस्य भी वोट कर सकते हैं.

## पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ के इस्तीफे की वजह बताए केंद्र सरकार : मल्लिकार्जुन खरगे



पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया. विपक्ष लगातार धनखड़ के पद छोड़ने पर सवाल उठा रहा है. इसी बीच अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का इस मामले में बयान आया है. उन्होंने कहा कि इस इस्तीफे के पीछे स्वास्थ कारण नहीं लगते है. ऐसे में सरकार को जवाब देना चाहिए कि उपराष्ट्रपति ने किन कारणों से इस्तीफा दिया है. विपक्षी नेताओं का कहना है कि धनखड़ ने सिर्फ स्वास्थ समस्याओं के चलते ही अपना पद नहीं छोड़ा है बल्कि इसके पीछे कोई अन्य कारण है, जो देश को पता होना चाहिए. खरगे ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, सरकार को जवाब देना चाहिए कि उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया. इसके पीछे क्या वजह है. उन्होंने आगे कहा कि, हमें तो लगता है दाल में कुछ काला है.

## ब्रीफ न्यूज

### पीएम मोदी ब्रिटेन और मालदीव की यात्रा पर

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ब्रिटेन और मालदीव के चार दिनी दौरे पर बुधवार को रवाना हुए. अपने दौरे के पहले चरण में पीएम मोदी 23-24 जुलाई को ब्रिटेन में रहेंगे, जहां उनके ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर से वार्ता और कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने हैं. मोदी इसके बाद 25-26 को मालदीव की यात्रा पर रहेंगे, जहां वे राष्ट्रपति मुइज्जू के आमंत्रण पर मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के समारोह में भाग लेंगे.

### नाटककार रतन थियम का मुंबई में निधन

**मुंबई।** प्रसिद्ध नाटककार और रंगमंच निर्देशक रतन थियम का निधन हो गया. उन्हें बीती मध्य रात लगभग 1:30 बजे इम्फाल स्थित रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली. भारतीय रंगमंच को नई पहचान देने वाले रतन थियम ने अपने करियर में कई ऐतिहासिक नाटकों का निर्देशन किया और भारतीय थिएटर को वैश्विक मंच पर सम्मान दिलाया. उनके निधन से थिएटर जगत में शोक की लहर है.

### 200 ग्राम गांजा के साथ धराया माडा का कर्मी

**धनबाद।** लुबी सकुर्लर रोड स्थित माडा कार्यालय परिसर में बुधवार को धनबाद थाना की पुलिस ने छापेमारी कर माडा के एक कर्मी वीर बहादुर सिंह को 200 ग्राम गांजा के साथ धर दबोचा है. हीरापुर माडा कालोनी निवासी वीर बहादुर सिंह की पोस्टिंग तोपचांची झील के आसपास होने की बात कही जा रही है. धनबाद थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि माडा का एक कर्मचारी गांजा तथा ब्राउन शुगर की तस्करी में लिप्त है.

### दिल्ली और गुजरात से 4 आतंकी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** गुजरात एटीएस ने बड़ी आतंकी साजिश का खुलासा करते हुए अल कायदा इन इंडियन सबकांटिनेंट से जुड़े मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है. इस कार्रवाई में चार संदिग्ध आतंकियों को पकड़ा गया है. गुजरात एटीएस के मुताबिक, पकड़े गए आतंकियों में दो को गुजरात से, एक दिल्ली से और एक नोएडा से गिरफ्तार किया गया है. ये सभी एक्यूआईएस से जुड़े बताए जा रहे हैं. गिरफ्तार आतंकियों की पहचान सैफुल्लाह कुरैशी, मोहम्मद फर्दीन, और मोहम्मद फैक के रूप में हुई है.

### 5 साल बाद चीनियों को मिलेगा पर्यटक वीजा

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने पांच साल के लंबे अंतराल के बाद चीनी नागरिकों को पर्यटक वीजा जारी करने की घोषणा की है. यह प्रक्रिया 24 जुलाई से फिर से शुरू की जाएगी. बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को इस फैसले की जानकारी दी. गौरतलब है कि मार्च 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान संक्रमण की रोकथाम के लिए भारत ने सभी पर्यटक वीजा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिए थे. इसके बाद से चीनी नागरिकों के लिए वीजा सेवा बंद थी.

**मानसून सत्र : तीसरे दिन भी हंगामे के बीच नहीं चली संसद**

# ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में सोम-मंगल को 'शब्द-संग्राम'

एजेंसी। नयी दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर पर अगले हफ्ते संसद में 'शब्द-संग्राम' छिड़ेगा. सोमवार को लोकसभा और मंगलवार को राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस होगी. मॉनसून सत्र के पहले दिन विपक्षी सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग को लेकर सरकार की घेरेबंदी की थी. विपक्ष के हंगामे के बीच उसी दिन संसद के दोनों सदनों में सरकार ने साफ कर दिया था कि वह चर्चा के लिए तैयार है. विपक्ष चर्चा के आखिर में पीएम मोदी के जवाब पर अड़ा हुआ था. पीएम मोदी के ब्रिटेन और मालदीव दौरे पर होने के कारण विपक्ष ने अपना मिशन 'ऑपरेशन सिंदूर' अगले हफ्ते तक टाल दिया था और सत्र के दूसरे दिन से रणनीति बदलते हुए बिहार वोटर लिस्ट के मुद्दे पर अपने वार को धार देना शुरू किया था. अब इस हफ्ते के आखिर में पीएम मोदी के विदेश से लौटने के बाद सोमवार और मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर दोनों सदनों में चर्चा होगी. राज्यसभा की व्यापार सलाहकार समिति (बीएसी) की बैठक में बुधवार को विपक्ष ने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग की. विपक्ष ने कहा कि इस मुद्दे पर राज्यसभा में अगले हफ्ते से दो दिन तक 16 घंटे की चर्चा होनी चाहिए और पीएम मोदी की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए. यह बैठक मानसून सत्र के दौरान हुई, जिसमें विभिन्न दलों के नेता, राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू शामिल हुए. बैठक की अध्यक्षता राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने की.

**पीएम के विदेश में होने पर विपक्ष ने बदली रणनीति :** मॉनसून सत्र के शुरुआती तीन दिन काफी हंगामेदार रहे हैं. सत्र के पहले दिन जहां विपक्षी दलों ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा कराए जाने की मांग की वहीं इस सत्र के दूसरे और तीसरे दिन बिहार में मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाए जाने की कवायद पर विपक्ष हमलावर रहा. विपक्षी सांसदों ने पहलगाम हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे संवेदनशील मुद्दों पर प्रधानमंत्री के जवाब और सदन में चर्चा की भी मांग की थी. किरेन रीजीजू ने बताया कि बीएसी में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा का समय तय किया गया था, लेकिन विपक्ष सभी मुद्दों पर एक साथ चर्चा चाहता है. किरण रिजिजू ने कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष हंगामा कर रहा है और देश के करदाताओं के पैसे और सदन का समय बर्बाद कर रहा है.



## काले कपड़ों में संसद पर प्रदर्शन

एजेंसियां। नयी दिल्ली

संसद के मॉनसून सत्र का बुधवार को तीसरा दिन था. बुधवार को भी सत्ता और विपक्ष के बीच खूब हंगामा हुआ, ऐसे में विपश के हंगामे के बीच सदन (लोकसभा और राज्यसभा) की कार्यवाही गुरुवार की सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई. बता दें कि पहले दो दिनों की तरह ही बुधवार की कार्यवाही भी दोनों सत्ता और विपक्ष के बीच टकराव के कारण बाधित रही. बुधवार को संसद परिसर में बिहार के एसआईआर को लेकर विपक्षी दलों ने एक बार फिर विरोध प्रदर्शन किया. इसमें लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी काले कपड़ों में नजर आए. विपक्ष ने एसआईआर अभियान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. बता दें कि संसद के मॉनसून सत्र के दौरान सबसे चर्चित मुद्दों में शामिल 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर चर्चा की तारीख तय की गई है. इसे लेकर अब राज्यसभा में 29 जुलाई को 16 घंटों तक चर्चा होगी.

**क्या बोले लोकसभा स्पीकर :** विपक्ष के रवैये पर आपत्ति जताते हुए अध्यक्ष ने कहा कि देश आपके व्यवहार और आचरण को देख रहा है. मुझे बैनर लाने वाले सदस्यों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करनी होगी. यह सदन चर्चा और संवाद के लिए है, नारेबाजी के लिए नहीं. सदन की मर्यादा बनाए रखें. विपक्ष की नारेबाजी के बीच राज्यसभा की कार्यवाही भी बाधित हुई और बाद में दोपहर तक के लिए स्थगित कर दी गई. विपक्षी नेता यह मांग कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री दोनों सदनों और राष्ट्र को महत्वपूर्ण मुद्दों पर संबोधित करें. जिनमें पहलगाम आतंकवादी हमला और आगामी विधानसभा चुनावों से पहले बिहार में चुनाव आयोग द्वारा की जा रही एसआईआर प्रक्रिया शामिल है. दोपहर 2 बजे के बाद भी संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा जारी रहा, तो कार्यवाही अगले दिन तक के लिए स्थगित कर दी गई.

### ये हैं विपक्ष की 4 मांगें

विपक्ष की यह भी मांग है कि पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच 'युद्धविराम' करने के बार-बार किए गए दावों पर प्रतिक्रिया दें. कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने बुधवार को विधानसभा चुनावों से पहले बिहार में चुनाव आयोग द्वारा की जा रही मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया पर चर्चा के लिए लोकसभा में एक स्थगन प्रस्ताव पेश किया. अपने नोटिस में, टैगोर ने एसआईआर प्रक्रिया को 'खतरनाक और असंवैधानिक' करार दिया. उन्होंने मोदी सरकार पर चुनाव आयोग का 'इस्तेमाल' करके बिहार में गरीबों और हाशिए पर पड़े समुदायों को मताधिकार से वंचित करने का आरोप लगाया. उधर, राज्यसभा सांसद संतोष कुमार पी, अखिलेश प्रसाद सिंह, सैयद नसीर हुसैन, रानानी अशोकराव पाटिल और रंजीत रंजन ने भी बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तत्काल मामले पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव प्रस्तुत किए. इसके अलावा, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी ट्रंप के दावे को लेकर सवाल खड़े किए. राहुल गांधी ने कहा कि ट्रंप आखिर इतनी बार यह बात क्यों कह रहे हैं?

- अपने नोटिस में, टैगोर ने एसआईआर प्रक्रिया को 'खतरनाक और असंवैधानिक' करार दिया



**राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राजभवन में दिलाई शपथ**

# चीफ जस्टिस ने संभाला पदभार

शुभम संदेश। रांची

जस्टिस तरलोक सिंह चौहान झारखंड हाइकोर्ट के नये मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं. बुधवार को राजभवन में सुबह 10 बजे से आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नये मुख्य न्यायाधीश को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. शपथ ग्रहण समारोह में जस्टिस तरलोक सिंह चौहान के परिजनों के साथ-साथ राजनीतिक क्षेत्र से जुड़ी नामचीन हस्तियों के अलावे न्यायपालिका से जुड़े बड़ी संख्या में न्यायविद मौजूद रहे. शपथग्रहण के बाद राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नये मुख्य न्यायाधीश को बधाई दी. शपथग्रहण समारोह में मौजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी नये मुख्य न्यायाधीश को बधाई दी. शपथग्रहण समारोह में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के अलावे विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, राज्य सरकार के कई मंत्री और झारखंड हाईकोर्ट के कई न्यायाधीश मौजूद रहे. गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश के शिमला जिला के रोहड़ से संबंध रखने वाले जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को झारखंड के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्रन के त्रिपुरा हाईकोर्ट में तबादले के बाद चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है.



### झारखंड के 17वें मुख्य न्यायाधीश बने चौहान

जस्टिस तरलोक सिंह चौहान झारखंड हाईकोर्ट के 17वें मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं. राजभवन स्थित बिरसा मंडप में आयोजित शपथग्रहण स्थल को इस मौके पर विशेष रूप से सजाया गया. कार्यक्रम के बाद वे सीधे हाईकोर्ट के लिए रवाना हुए और मुख्य न्यायाधीश के रुप में कार्यभार संभाला. जस्टिस तरलोक सिंह चौहान हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में वरिष्ठतम न्यायाधीश थे. उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा शिमला से पूरी की थी. इसके बाद पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से कानून की पढ़ाई की. वर्ष 1989 में उन्होंने हिमाचल प्रदेश स्टेट बार काउंसिल में बतौर अधिवक्ता नामांकन कराया और वकालत शुरू की .झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने नये मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान का स्वागत करते हुए उम्मीद जताते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में हाईकोर्ट में लंबित केसों की सुनवाई में तेजी आएगी और जजों के रिक्त पदों को भरे जाने की उम्मीद है. गौरतलब है कि तरलोक सिंह चौहान का कार्यकाल जनवरी 2026 तक का है. मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस चौहान के आगमन से न्यायिक प्रणाली में नई ऊर्जा और दिशा आने की उम्मीद जताई जा रही है. न्यायिक समुदाय और अधिवक्ताओं के बीच उनके स्वागत को लेकर उत्साह का वातावरण देखा गया.

## विस का मानसून सत्र 1 अगस्त से और आज होगी कैबिनेट की बैठक

**रांची ।** झारखंड विस का मानसून सत्र 1 अगस्त से शुरू होने जा रहा है. इस सत्र को लेकर सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं. इसी क्रम में राज्य सरकार ने 24 जुलाई को शाम 4 बजे कैबिनेट बैठक बुलाई है. यह बैठक झारखंड मंत्रालय स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में आयोजित की जाएगी. इसकी जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग द्वारा जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में दी गई है.

**कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लग सकती है मुहर :** सूत्रों के अनुसार, इस कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण विभागीय प्रस्तावों पर चर्चा हो सकती है और कुछ पर निर्णय भी लिया जा सकता है. विधानसभा सत्र को देखते हुए सरकार कुछ बड़े नीतिगत फैसलों को हरी झंडी दे सकती है. विभागों द्वारा पहले ही संबंधित प्रस्तावों की तैयारी पूरी कर ली गई है.

**कैबिनेट बैठक के बाद दिल्ली लौट सकते हैं मुख्यमंत्री :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में इलाजरत हैं. इसी कारण मुख्यमंत्री पिछले एक महीने से अधिक समय से दिल्ली में रह रहे हैं. कैबिनेट बैठक के बाद सीएम हेमंत सोरेन के फिर से दिल्ली रवाना होने की संभावना जताई जा रही है.

# 31 करोड़ का जीएसटी घोटाला, दो गिरफ्तार

- हीरापुर के अवनीश और मटकुरिया के फैजल ने खड़ी की थी 12 फर्जी कंपनियां
- पांच राज्यों में फैला हुआ है इस गिरोह का नेटवर्क

शुभम संदेश । धनबाद

जमशेदपुर-डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) जमशेदपुर की टीम ने जीएसटी चोरी के एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा किया है. डीजीजीआई जमशेदपुर की टीम ने 12 फर्जी कंपनियां खड़ी करने और इनके नाम पर 200 करोड़ की फर्जी इनवॉइस (चालान) काटने के मामले में धनबाद के हीरापुर निवासी अवनीश जायसवाल और मटकुरिया निवासी मो फैजल खान को गिरफ्तार किया है.


सोमवार से डीजीजीआई की टीम धनबाद में दोनों के ठिकानों पर लगातार सर्च अभियान चला रही थी. अभियान के दौरान मिले दस्तावेजों के आधार पर अंत में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. बुधवार को उन्हें जमशेदपुर कार्यालय लाया गया, जहां उनके बयान दर्ज किये गये. इसके बाद दोपहर में उन्हें डिमना रोड स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां मेडिकल कराने के बाद दोनों को घाघीडीह सेंट्रल जेल भेज दिया गया. छापेमारी अभियान का नेतृत्व कर रहे डीजीजीआई जमशेदपुर के अपर निदेशक सार्थक सक्सेना ने बताया कि जरूरत पड़ी तो उन्हें रिमांड पर लिया जाएगा. बताया जा रहा है कि फर्जीवाड़ा का सिंडिकेट झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और बिहार जैसे राज्यों में सक्रिय है. यह सिडिंकेट फर्जी कंपनियों के माध्यम से कोयला और स्टील कारोबार में नकली बिलिंग कर बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामलों को अंजाम दे रहा है. डीजीजीआइ के अधिकारी घोटाले से जुड़े कई दस्तावेज, बैंक रिकॉर्ड और डिजिटल सबूतों के आधार पर जांच को आगे बढ़ा रहे हैं. डीजीजीआई जमशेदपुर के अपर निदेशक सार्थक सक्सेना ने बताया कि हीरापुर निवासी अवनीश जायसवाल और मटकुरिया निवासी मो फैजल खान ने 12 फर्जी कंपनियां खड़ी कर 200 करोड़ का फर्जी इनवॉइस (चालान) काटकर 31 करोड़ रुपये की निकासी अवैध तरीके से कर ली है.

# यूपीआई से अब इंडियन यूजर्स विदेशी ई-कॉमर्स साइट्स पर भी कर सकेंगें पेमेंट, लॉन्च हुआ पेयपल वर्ल्ड

शुभम संदेश । नई दिल्ली

भारतीय उपयोगकर्ता अब पेयपल के माध्यम से यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) का उपयोग करके आसानी से क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट कर पाएंगे. वैश्विक भुगतान कंपनी पेयपल ने पेयपल वर्ल्ड नामक एक नए प्लेटफॉर्म की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य दुनिया की सबसे बड़ी भुगतान प्रणालियों और डिजिटल वॉलेट्स को आपस में जोड़ना है.

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) एक क्विक रियल टाइम पेमेंट सिस्टम है, जो यूजर्स को




वास्तविक समय के आधार पर, एक से अधिक बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करने की सुविधा देता है. यह बहुत आसान प्रक्रिया है जिसमें बैंक अकाउंट डिटेल्स की कोई जरूरत नहीं होती है. पिछले दो वर्षों में कई देशों ने यूपीआई ऐप के माध्यम से भुगतान स्वीकार करना शुरू कर दिया है.

### यूपीआई से सीमा पार भुगतान आसान

पेयपल वर्ल्ड शुरुआत में पेयपल और वेनमो के बीच इंटरऑपरेबिलिटी पेश करेगा. इसके शुरुआती लॉन्च में यूपीआई को भी शामिल किया गया है, जिसका मतलब है कि भारतीय उपभोक्ता अब अंतरराष्ट्रीय व्यापारियों से खरीदारी कर सकते हैं और यूपीआई विकल्प के जरिए भुगतान कर सकते हैं. भारतीय उपभोक्ताओं के लिए यह बेहद सुविधाजनक होगा, क्योंकि वे उसी भुगतान प्रणाली का उपयोग कर पाएंगे, जिससे वे पहले से परिचित हैं. अमेरिका के किसी ऑनलाइन स्टोर से कपड़े खरीदते समय, चेकआउट पेज पर पेयपल विकल्प पर क्लिक करने के बाद अब यूपीआई पेमेंट का विकल्प दिखेगा. इससे उपभोक्ता अपने यूपीआई अकाउंट से ही भुगतान कर सकेंगे.

### एनपीसीआई ने किया स्वागत

एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) के प्रबंध निदेशक और सीईओ रितेश शुक्ला ने कहा पेयपल वर्ल्ड के प्लेटफॉर्म पर यूपीआई का एकीकरण वैश्विक विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. यह सीमा पार भुगतान को और अधिक सहज, सुरक्षित और समावेशी बनाने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है. यह सहयोग विदेशों में भुगतान करने वाले भारतीय उपयोगकर्ताओं के लिए सुविधा बढ़ाएगा और वैश्विक व्यवसायों को यूपीआई उपयोगकर्ताओं के बढ़ते आधार का लाभ उठाने में सक्षम बनाएगा.

# खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




- 14 राज्यों से आए आधिकारी और प्रतिभागियों ने कार्यशाला में लिया भाग, बोलीं मंत्री दीपिका पांडेय सिंह– स्वस्थ भविष्य की ओर संगठित ग्रामीण महिलाएं, झारखंड में समूह की 32 लाख ग्रामीण महिलाएं राज्य में बदलाव की घटक, सेतु दीदी को अच्छे कार्य के लिए किया गया सम्मानित

**शुभम संदेश। रांची**

महिलाओं का स्वास्थ्य केवल एक सामाजिक संकेतक (सोशल इंडिकेटर ) नहीं बल्कि देश के आर्थिक विकास का भी दर्पण है. झारखंड सरकार मंईयां सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना जैसे योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ठोस कदम उठा रही है. इन योजनाओं को सखी मंडल के माध्यम से जमीनी स्तर तक पहुंचाया जा रहा है. हेल्थ, पोषण के साथ-साथ अब मेंटल वेल-बीइंग पर भी फोकस करना समय की ज़रूरत है. एक स्वस्थ नागरिक ही शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर समाज की नींव रख सकता है. सेतु दीदियां और सखी मंडल की महिलाएं अब न केवल स्वयं जागरूक हो रही हैं बल्कि अपने समुदाय को भी संगठित और सशक्त कर रही हैं. यह परिवर्तन अब गांव-गांव तक पहुंच रहा है और यही झारखंड की वास्तविक ताक़त है. उक्त बातें ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कही. वह बुधवार को संगठन, स्वास्थ्य, समृद्धि,खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर महिला समूहों की सहभागिता विषय पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं. यह कार्यशाला भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड सोसाईटी (जेएसएलपीएस)के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई.

कार्यशाला में विभिन्न राज्य जैसे राजस्थान,छत्तीसगढ़,जम्मू और कश्मीर, झारखण्ड की एफएनएच कैडर ने अपने अनुभव साझा किए. उन्होंने बताया कि वह समूह के माध्यम से पोषण वाटिका माहवारी स्वच्छता आदि पर साझा प्रयास के जरिए कार्य कर रहीं हैं झारखण्ड से खूंटी जिला की सेतु दीदी क्लेमेंसिया ओर्रा ने बताया की टीपीसी समूह सलाह के साथ साथ आंगनबाड़ी केंद्र, आशा दीदी के साथ समूह बैठक में महिलाओं की साझेदारी सुनिश्चित कर योजना तैयार कर कार्य कर रही हैं. समूह बैठक में आयरन, काल्सिम गोली, डीवोर्मींग पर भी कार्य कर रही हैं, जिससे काफी जागरूकता परिवारों में आ रही है. कार्यक्रम में झारखंड में उत्कृष्ट कार्य कर रही सेतु दीदियों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यशाला स्थल पर 14 राज्यों एवं झारखंड की ओर से स्टॉल्स भी लगाए गए. जिनमें खाद्य,पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए नवाचारों की प्रभावशाली प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई.

**खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में झारखंड में सराहनीय कार्यः** स्मृति शरण, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आपसी सीख को साझा कर, उसे सूचीबद्ध करना और आगे की रूपरेखा तैयार करने में मदद करना है. उन्होंने बताया कि खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में झारखंड ने सराहनीय कार्य किया है. कार्यशाला के पहले दिन प्रतिभागियों ने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान 14 जिलों के जमीनी प्रयासों का अवलोकन किया और उससे महत्वपूर्ण सीख लिया, जिसे वे अपने-अपने राज्यों में लागू कर सकेंगे. उन्होंने आगे कहा कि आगामी वर्ष में रूरल प्रॉस्पेरिटी एंड रेजिलिएंस प्रोग्राम की शुरुआत होने जा रही है जिसमें एफएनएच एक महत्वपूर्ण घटक होगा.

### संचालित योजनाओं से महिलाएं हो रहीं सशक्त

ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन ने कहा कि महिलाओं का सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण ही स्वस्थ समृद्ध और विकसित समाज की नींव है. उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मंईयां सम्मान योजना, पीवीटीजी परिवारों तक राशन पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित डाकिया योजना ,फूलो–झानो आशीर्वाद योजना के माध्यम से महिलायें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से समृद्ध हो रही हैं.

## एक नजर

### सीएम हेमंत सोरेन ने पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मुलाकात की



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को दीपाटोली स्थित क्यूरेस्टा अस्पताल पहुंचे. मुख्यमंत्री ने वहां इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मुलाकात की. मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित चिकित्सकों से विमल लकड़ा के स्वास्थ्य में हो रहे सुधार से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की.

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कड़िया मुंडा से मेडिका में की मुलाकात, शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को रांची स्थित मेडिका मणिपाल अस्पताल पहुंचे. मुख्यमंत्री ने वहां इलाजरत लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. मुख्यमंत्री ने कड़िया मुंडा के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की. बता दें कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र से 8 बार सांसद रहे और पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा की तबीयत अचानक बिगड़ गई. इसके बाद उन्हें मंगलवार को रांची के भगवान महावीर मणिपाल (पूर्व में मेडिका) अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस संबंध में डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम को कड़िया मुंडा की तबीयत अचानक खराब हो गई। इसके बाद उन्हें नियमित जांच के लिए अस्पताल लाया गया, लेकिन चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया. कड़िया मुंडा का इलाज वरिष्ठ चिकित्सक डॉ विजय मिश्रा की देखरेख में चल रहा है. डॉक्टरों के अनुसार, दिल्ली एम्स में डॉ माधव की देखरेख में जो उपचार की प्रक्रिया अपनाई गई थी, उसी आधार पर उनका इलाज फिलहाल मणिपाल अस्पताल में किया जा रहा है. डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि फिलहाल उनकी हालत स्थिर है, लेकिन दो दिनों तक अस्पताल में रखकर सभी आवश्यक जांच की जा रही है. चिकित्सकों का कहना है कि कड़िया मुंडा को फिलहाल विशेष देखरेख की जरूरत है.

## पुनीत अग्रवाल की जमानत पर अब 26 को होगी सुनवाई

**शुभम संदेश। रांची**

बोकारो जिला के तेतुलिया मौजा स्थित करीब 100 एकड़ से अधिक वन भूमि की अवैध खरीद-बिक्री के आरोपित राजवीर कंस्ट्रक्शन के मालिक पुनीत अग्रवाल की जमानत याचिका पर अब अगली सुनवाई 26 जुलाई को होगी. बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान सीआईडी की ओर से डायरी पेश नहीं की जा सकी. इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई का नई तारीख निर्धारित की है. इसी मामले के दो अन्य आरोपितों वीर अग्रवाल और विमल अग्रवाल की अग्रिम जमानत याचिका पर भी 26 जुनाई, शनिवार को सुनवाई होगी, क्योंकि इस मामले में भी एजेंसी ने अब तक केस डायरी पेश नहीं की है. पुनीत अग्रवाल को सीआईडी ने गत सोमवार को गिरफ्तार किया था. पुनीत, वीर अग्रवाल और विमल अग्रवाल पर आरोप है कि इन्होंने राजवीर कंस्ट्रक्शन कंपनी के माध्यम से तेतुलिया मौजा के उस वनभूमि के लिए उमायुष कंपनी को तीन करोड़ 40 लाख रुपए भुगतान किया था. आरोपों के मुताबिक बोकारो के तेतुलिया में 100 एकड़ से ज्यादा वन भूमि को फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दिया गया. इसमें भू-माफिया, अंचल कर्मी और बोकारो स्टील प्लांट के अधिकारियों की मिली भगत है. यह वो जमीन है, जिसे बोकारो स्टील प्लांट के द्वारा वन विभाग को वापस लौटाया गया. सीआईडी बोकारो के सेक्टर 12 थाना में दर्ज कांड संख्या 32/2024 को टेकओवर कर अपनी जांच शुरू कर चुकी है. इस मामले में ईडी भी जांच कर रही है.


## दलित और गरीबों को वोट देने से रोकना चाहती है भाजपा : कैलाश

**शुभम संदेश। रांची**

राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा है कि चुनाव आयोग संवैधानिक तौर पर निष्पक्ष संस्था होती है, लेकिन इन दिनों आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के जरिए बिहार के दलित मजदूर किसान और कमजोर परिवार के लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर कर रहा है. उन्होंने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एसआईआर के डॉक्यूमेंट्री आधार पर बड़ी संख्या पलायन किए गए लोगों को भी वोटर लिस्ट से बाहर कर दिया जाएगा. इससे करोड़ों गरीब और मजदूर वोट नहीं दे पाएंगे. उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण में नागरिकों को आधार कार्ड, वोटर कार्ड और राशन कार्ड को मान्यता नहीं देने का घोषणा की गई है. जो 11 डॉक्यूमेंट्स मांगे गए हैं वह रोज कमाने खाने वाले और गरीब कहां से दे पाएंगे. इसलिए चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया अनुचित है. यादव ने कहा कि देश का संवैधानिक संस्थान चुनाव आयोग आखिरकार इतनी हठधर्मिता क्यों दिखा रहा है. निश्चित रूप से चुनाव आयोग कहीं न कहीं केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर काम कर रहा है.

उन्होंने कहा कि दलित, मजदूर, किसान और दबे कुचले वर्ग के लोग राजद के समर्थक और वोटर्स हैं. ऐसे में भाजपा चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर दलित और गरीब तबके लोगों को वोट देने से रोकना चाहती है.

## भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के करीबी देवता पांडेय गिरफ्तार



**रांची/देवघर।** गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के करीबी माने जाने वाले देवता पांडेय को देवघर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. यह गिरफ्तारी मंगलवार की देर रात जसीडीह थाना क्षेत्र से की गई. पुलिस सूत्रों के अनुसार, देवता पांडेय पर सरकारी दस्तावेजों में छेड़छाड़ का गंभीर आरोप है. इसके अलावा भी उनके खिलाफ अन्य कई आरोपों की भी जांच की जा रही है. फिलहाल पुलिस देवता पांडेय से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की गहराई से तफ्तीश की जा रही है. संभावना है कि पूछताछ के बाद और भी अहम जानकारियां सामने आ सकती हैं. देवता पांडेय की गिरफ्तारी को लेकर राजनीतिक हलकों में भी हलचल देखी जा रही है, चूंकि वे सांसद निशिकांत दुबे के करीबी माने जाते हैं. इस लिए इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हैं.

### निकाय चुनाव की आहट पर कांग्रेस हुई सक्रिय

# भाजपा के शहरी जनाधार को चुनौती देने की रणनीति

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में निकाय चुनाव अब करीब आते दिख रहे हैं. हाल ही में पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार चुनाव की तैयारी में है. वहीं, 24 जुलाई को प्रस्तावित राज्य कैबिनेट बैठक में राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति संभावित है, जो चुनाव प्रक्रिया की दिशा में एक अहम कदम होगा. इन संकेतों को देखते हुए कांग्रेस ने भी शहरी क्षेत्रों में अपनी संगठनात्मक तैयारी तेज कर दी है.

कांग्रेस ने अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को शहरी निकायों के लिए पार्टी पर्यवेक्षक नियुक्त किया है. उन्हें राज्यभर के शहरी क्षेत्रों का भ्रमण कर नगर और वार्ड स्तर पर कांग्रेस कमेटियों के गठन की जिम्मेदारी सौंपी गई है. इसके साथ ही उन्हें जिला कांग्रेस अध्यक्षों, पर्यवेक्षकों और पूर्व प्रत्याशियों के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन को सुदृढ़ करने का निर्देश भी दिया गया है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा भेजे गए पत्र में यह भी कहा गया है कि जिन क्षेत्रों में पिछले विधानसभा या लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रत्याशी रहा हो, वहां की स्थानीय राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कमेटियों का गठन किया जाए. इसके अलावा राजेश ठाकुर को गठबंधन के अन्य घटक दलों से तालमेल बनाए रखने की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी दी गई है.

हालांकि निकाय चुनाव औपचारिक रूप से गैर-दलीय आधार पर होंगे, लेकिन कांग्रेस इसे एक अघोषित दलीय प्रतिस्पर्धा के रूप में देख रही है. पार्टी की रणनीति है कि इंडिया गठबंधन के तहत झामुमो, राजद और कांग्रेस मिलकर अधिकतम सीटों पर साझा उम्मीदवार उतारें, ताकि भाजपा को उसके शहरी गढ़ों में टक्कर दी जा सके. राज्य के 49 शहरी निकायों में होने वाले इस चुनाव को कांग्रेस न केवल संगठन विस्तार का माध्यम मान रही है, बल्कि भाजपा के प्रभाव वाले क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का अवसर भी समझ रही है. यदि गठबंधन की रणनीति सफल होती है, तो इसका सकारात्मक असर आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों पर भी पड़ सकता है.

### कांग्रेस ने 49 नगर निकायों में नियुक्त किए पर्यवेक्षक

| निकाय | पर्यवेक्षक | निकाय | पर्यवेक्षक |
|---|---|---|---|
| बन्ना गुप्ता | मानगो नगर निगम | ममता देवी | ममता देवी रामगढ़ नगर परिषद |
| रामनाथ करुवा | जुगसलाई नगर परिषद | अंबा प्रसाद | बचरा नगर पंचायत |
| छोटू सिंह मुंडा | चकुलिया नगर पंचायत | श्वेता सिंह | चास नगर निगम |
| यशस्वनी सहाय | कपाली नगर परिषद | कुमार जयमंगल | फुसरो नगर परिषद |
| राज बक्शी | सरायकेला नगर पंचायत | अजय कुमार दूबे | धनबाद नगर निगम |
| अजय सिंह | आदित्यपुर नगर परिषद | अनुपमा सिंह | चिरकुंडा नगर परिषद |
| त्रिषाणु राय | चाईबासा नगर परिषद | समीर राज | गिरिडीह नगर निगम |
| अनुप्रिया सोय | चक्रधरपुर नगर परिषद | उपेंद्र सिंह | धनवार नगर पंचायत |
| भूषण बाड़ा | सिमडेगा नगर परिषद | इकबाल अंसारी | सरिया नगर पंचायत |
| सुखदेव भगत | गुमला नगर परिषद | कलिमुद्दीन | साहेबगंज नगर परिषद |
| कालीचरण मुंडा | खूंटी नगर पंचायत | भावना गुप्ता | राजमहल नगर पंचायत |
| यशस्वनी सहाय | रांची नगर निगम | केएन त्रिपाठी | चतरा नगर परिषद |
| कालीचरण मुंडा | बुंडू नगर पंचायत | मुन्ना सिंह | हजारीबाग नगर निगम |
| निशांत आलम | पाकुड़ नगर परिषद | लीलावती | डोमचांच नगर पंचायत |
| कमल आर्या | बड़हरवा नगर पंचायत | राजेंद्र जायसवाल | झुमरी तिलैया नगर परिषद |
| प्रभात दूबे | गढ़वा नगर परिषद | नागेश्वर राम | कोडरमा नगर पंचायत |
| राजेंद्र प्रताप देव | नगर उंटारी नगर परिषद | रामेश्वर उरांव | लोहरदगा नगर परिषद |
| केएन त्रिपाठी | लातेहार नगर पंचायत | प्रदीप यादव | देवघर नगर निगम |
| सुधीर चंद्रवंशी | विश्रामपुर नगर परिषद | प्रदीप यादव | मधुपुर नगर पंचायत |
| राधाकृष्ण किशोर | छतरपुर नगर पंचायत | दीपिका पांडेय सिंह | महगामा नगर पंचायत |
| रंजीत पासवान | हुसैनाबादद नगर पंचायत | इरफान अंसारी | मिहिजाम नगर परिषद |
| लाल सूरज | हरिहरगंज नगर परिषद | इरफान अंसारी | जामताड़ा नगर परिषद |

### पूर्व डीसी छवि रंजन, अफसर और भानू के खिलाफ नहीं मिली अभियोजन स्वीकृति

## ईडी ने कोर्ट को बताया, डीम्ड सैंक्शन माना जाए

**शुभम संदेश। रांची**



राजधानी रांची के चेशायर होम की भूमि की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मनी लॉंड्रिंग मामले में ईडी की ओर से रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में याचिका दायर की है. इस याचिका के जरिये कोर्ट को यह जानकारी दी गई है कि राज्य सरकार ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, रिम्स के कर्मचारी अफसर अली और राजस्व कर्मचारी भानू प्रताप के खिलाफ अब तक अभियोजन स्वीकृति नहीं दी है. दरअसल ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के मद्देनजर करीब पांच महीने पूर्व सरकार से छवि रंजन. अफसर अली और भानू प्रताप के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मांगी थी. लेकिन उक्त आरोपितों के विरुद्ध अब तक अभियोजन स्वीकृति नहीं मिली.120 दिनों बाद भी सरकार से जवाब नहीं मिलने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिटीशन दायर कर न्यायालय से सरकार की तरफ से जवाब नहीं मिलने को अभियोजन स्वीकृति मानने (डीम्ड सैंक्शन) का अनुरोध किया है.

**सरकारी अधिकारियों के खिलाफ केस चलाने के लिए लेनी होगी सरकार से अनुमति**

दरअसल नवंबर 2024 से पहले तक मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में किसी अधिकारी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सरकार से अभियोजन स्वीकृति लेने की जरूरत नहीं होती थी. लेकिन इस मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गयी थी. सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई के बाद नवंबर 2024 में दिये गये फैसले में सरकारी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सरकार की अनुमति को आवश्यक बताया था.

### शराब घोटाला

## आरोपी कंपनियों के मालिकों को नहीं मिली अग्रिम जमानत

**रांची।** शराब घोटाला से जुड़े केस के आरोपियों विक्रम सिंह, परेश सिंह, बिपिन जादव भाई परमार और महेश सियाराम की अग्रिम जमानत याचिका पर बुधवार को रांची एसीबी की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई.

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उक्त सभी आरोपियों को अग्रिम बेल देने से इनकार करते हुए सभी की याचिका खारिज कर दी है. सभी आरोपियों की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की. एसीबी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आलोक सिंह ने अग्रिम जमानत याचिका का विरोध किया.

## झारखंड के 7 राजनीतिक दलों में से 5 ने नहीं रखा अपना पक्ष

**शुभम संदेश। रांची**

भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड के ऐसे 7 राजनीतिक दलों को सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिन्होंने पिछले 6 वर्षों में एक भी चुनाव नहीं लड़ा है. इस संबंध में राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने इन सभी दलों को 22 जुलाई को लिखित रूप में अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया था. लेकिन तय समय पर सिर्फ 2 राजनीतिक दल ही सीईओ कार्यालय पहुंचे, जबकि 5 दलों का कोई प्रतिनिधि नहीं आया, न ही उनकी ओर से कोई सूचना दी गयी. सीईओ कार्यालय पहुंचने वाली पार्टी में जनसाधारण पार्टी और झारखंड विकास दल हैं. इन दोनों दलों के पदाधिकारियों ने शपथपत्र के साथ यह दावा किया कि उनकी पार्टियां सक्रिय हैं और वे राजनीतिक गतिविधियों में लगे हुए हैं. अब चुनाव आयोग इन दोनों दलों द्वारा दिए गए पक्ष की समीक्षा करेगा और आगे का फैसला लेगा. वहीं जो 5 राजनीतिक दल नहीं पहुंचे उनमें भारत विकास मोर्चा, भारतीय जनमुक्ति पार्टी, मानव मुक्ति मोर्चा, नवजवान संघर्ष मोर्चा और राष्ट्रीय मजदूर किसान प्रजातांत्रिक पार्टी शामिल हैं. इन दलों को पहले ही सूचना भेज दी गई थी कि वे 15 जुलाई तक शपथपत्र के साथ लिखित पक्ष भेजें और 22 जुलाई को सीईओ के सामने उपस्थित हों. लेकिन तय समय पर न आने के कारण अब इन 5 दलों को सूची से हटाने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी. चुनाव आयोग के निर्देशों के मुताबिक, यदि कोई दल लंबे समय तक चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेता है और सक्रिय नहीं रहता, तो उसे पंजीकृत राजनीतिक दलों की सूची से बाहर कर दिया जाता है.

## गुरुजी की देखभाल में जुटीं सीता सोरेन और बेटी जयश्री

**शुभम संदेश। नयी दिल्ली/रांची**



पूर्व विधायक सीता सोरेन अपनी बेटी जयश्री सोरेन के साथ पिछले 15 दिनों से लगातार दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल में अपने ससुर एवं झारखंड के वरिष्ठ नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन की सेवा और देखभाल में जुटी हैं. दोनों अस्पताल में मौजूद रहकर उनका हालचाल ले रही हैं और उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिए लगातार प्रार्थनाएं कर रही हैं. शिबू सोरेन पिछले करीब एक माह से अस्पताल में भर्ती हैं. मिली जानकारी के अनुसार उन्हें मल्टीपल ऑर्गन डिसएबल डिजीज की शिकायत है. डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल उनकी स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन उन्हें लगातार चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है. परिवार की ओर से जानकारी दी गई है कि शिबू सोरेन के जल्द स्वस्थ होने की कामना को लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम में विशेष प्रार्थनाएं भी की जा रही हैं. शिबू सोरेन के समर्थकों और शुभचिंतकों में भी चिंता का माहौल है और वे उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं. झारखंड आंदोलन के अगुआ रहे शिबू सोरेन को राज्य में 'दिशोम गुरु' के नाम से जाना जाता है. वे लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं और वर्तमान में राज्यसभा सांसद हैं.

### पर्यटन | दिल्ली में केंद्रीय मंत्री और सुदिव्य सोनू की बैठक में बनी सहमति

# रांची का अशोक होटल झारखंड सरकार के हवाले

**शुभम संदेश। रांची**



झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने मंगलवार की शाम नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से शिष्टाचार भेंट की. यह बैठक झारखंड में पर्यटन के समग्र विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों और योजनाओं पर चर्चा के लिहाज से बेहद अहम रही. इसमें रांची के अशोक होटल को राज्य सरकार को हस्तांतरण पर सहमति बनी. बैठक के दौरान राज्य में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने, विरासत स्थलों के संरक्षण और पर्यटन से जुड़े संस्थागत विकास पर गहन विचार-विमर्श हुआ. मंत्री सोनू ने बताया कि केंद्रीय मंत्री से कई बिंदुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई.

**अशोक होटल, रांची का राज्य सरकार को हस्तांतरणः** रांची स्थित अशोक होटल के झारखंड सरकार को हस्तांतरण पर सैद्धांतिक सहमति बन गई है. इससे राजधानी में पर्यटन के लिए आधारभूत संरचना को बल मिलेगा.

**स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत ईको-टूरिज्म परियोजनाएं :** चांडिल, नेतरहाट और तेनुघाट जैसे स्थलों पर ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए नई परियोजनाओं की योजना बनाई गई है.

**विशेषीकृत पर्यटन संस्थान की स्थापनाः** अन्य राज्यों की तर्ज़ पर झारखंड में भी आईआईटीटीएम मॉडल पर आधारित एक विशेषीकृत पर्यटन संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिससे युवाओं को पर्यटन क्षेत्र में प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिल सकें.

**राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मेलों का आयोजनः** राज्य में पर्यटन को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए एमओटी (केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय) और राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन मेलों के आयोजन पर सहमति बनी.

**विरासत स्थलों का संरक्षणः** झारखंड के पुरातात्विक और विरासत स्थलों के संरक्षण व संवर्धन के लिए केंद्र सरकार से तकनीकी व वित्तीय सहयोग की मांग की गई.

मंत्री सुदिव्य सोनू ने केंद्र सरकार से इन सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग का अनुरोध किया, जिससे झारखंड को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान दिलाई जा सके.

### झारखंड में संस्थाओं के निबंधन के लिए नए नियम लागू

# अब हर साल देनी होगी विदेशी फंडिंग की डिटेल

**रांची।** झारखंड सरकार ने बिहार संस्था निबंधन नियमावली 1985 को निरस्त करते हुए 'झारखंड संस्था निबंधन नियमावली 2025 लागू कर दी है. इस संबंध में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है. अब संस्था के निबंधन के लिए ऑनलाइन आवेदन लिया जाएगा. साथ ही संस्थाओं को हर वित्तीय वर्ष के अंत में अपनी सभी गतिविधियों, प्राप्त अनुदानों (राज्य, केंद्र और विदेशी फंडिंग) की जानकारी राज्य सरकार को देना अनिवार्य होगा. सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह संस्थाओं को वित्तीय सहायता देने के लिए बाध्य नहीं है, लेकिन यदि दे तो वह स्वैच्छिक होगा. यह नई नियमावली राज्य में कार्यरत एनजीओ और अन्य गैर-सरकारी संस्थाओं के पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है.

### इन मामलों में निबंधन का आवेदन अस्वीकार होगा

- संस्था का नाम पहले से निबंधित संस्था जैसा हो.
- नाम से यह प्रतीत हो कि यह संस्था सरकार द्वारा प्रायोजित है.
- संस्था विशुद्ध रूप से किसी जाति, धर्म आदि को बढ़ावा देती हो.
- संस्था पर न्यायालय में आरोप सिद्ध हो चुके हों.
- संस्था ने पूर्व में किसी अर्थदंड का भुगतान न किया हो.
- संस्था व्यवसायिक उद्देश्य से बनाई गई हो.

### किन प्रयोजनों के लिए संस्था का निबंधन होगा

- सामाजिक कल्याण, शिक्षा और खेल का विकास, महिला एवं बाल कल्याण, वन एवं पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सेवाएं और जागरूकता, जनहित से जुड़े अन्य विषय

### नए नियमों की मुख्य बातें

- राष्ट्रीय स्तर पर निबंधन कराने पर 3000 रुपये कंप्यूटरीकरण शुल्क देना होगा.
- केवल झारखंड में काम करने वाली संस्था को 2000 रुपये शुल्क देना होगा.
- राज्य और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर काम करने वाली संस्थाओं को 1000 रुपये अतिरिक्त शुल्क देना होगा.
- नवीकरण का प्रावधान भी रखा गया है, जो समय पर कराना अनिवार्य है.
- तीन साल तक वार्षिक प्रतिवेदन नहीं देने पर निबंधन रद्द कर दिया जाएगा.
- कदाचार, समय पर नवीकरण नहीं करने, या गलत जानकारी देने पर भी निबंधन रद्द हो सकता है.

https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, गुरुवार 24 जुलाई 2025, श्रावण अमावस्या, संवत 2082



हरमनप्रीत ने शब्द नहीं, शतक से दिया जवाब




झारखंड शराब घोटाला

## सुमित फैसिलिटी का डायरेक्टर गिरफ्तार

रांची (शुभम संदेश)। झारखंड में हुए 38 करोड़ रूपये के शराब घोटाला मामले में एसीबी ने एक और गिरफ्तारी की है. मंगलवार को एसीबी ने कार्रवाई करते हुए अमित प्रभाकर को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है. अमित प्रभाकर सुमित फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है. वित्तीय वर्ष 2022 -23 में सुमित फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा शराब दुकानों में मैन पावर सप्लाई की जा रही थी. शराब घोटाले मामले में अब तक एसीबी कार्रवाई करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है. उल्लेखनीय है कि शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत जांच कर रही एसीबी अब मुख्य आरोपित निलंबित आईएएस विनय कुमार चौबे सहित सभी आरोपितों पर 90 दिनों के भीतर चार्जशीट करेगी.

### केशरगढ़ा में कथित चाल धंसने की खबर पर दिन भर बाघमारा में चला हो-हंगामा

# सांसद ने कहा बुलाई जाए एनडीआरएफ, नहीं तो थाने से नहीं जाएंगे, एनडीआरएफ आई और खाली हाथ लौटी

**खास बातें**

- सांसद चौधरी के साथ विधायक सरयू राय भी पहुंचे थे केशरगढ़
- सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी, पुलिस ने किया बचाव

शुभम संदेश। बाघमारा/कतरास

बाघमारा थाना क्षेत्र के केशरगढा में अवैध खनन के दौरान कई मजदूरों की मौत की चर्चा फैलने के बाद बुधवार को बाघमारा में दिनभर हो हंगामा कायम रहा. एक तरफ गिरिडीह सांसद चंद्रपकाश चौधरी ने न सिर्फ संबंधित इलाके का दौरा किया बल्कि वारदात में मरने वालों की सूची जारी करते हुए एनडीआरएफ को बुलाने की मांग कर बाघमारा थाने में डेरा डाल दिया, तो दूसरी तरफ सांसद के खिलाफ केशरगढ़ा के लोगों ने जमकर नारेबाजी की. सांसद पर विस्थापन जैसे मुद्दों को छोड़कर कोयला चोरी पर बोलने का आरोप लगा. यहां पुलिस को बीच बचाव करना पड़ा. हालांकि बाद में सांसद की मांग पर एनडीआरएफ की टीम भी आई और घटनास्थल की खाक छानने के बाद खाली हाथ लौट गई. इधर मामले को लेकर पुलिस और बीसीसीएल द्वारा पहले से ही वारदात की पुष्टि नहीं की गई थी. बताते चलें कि मंगलवार की रात यह खबर फैली थी कि केशरगढ़ में अवैध खनन के दौरान चाल धंस गई थी और कई मजदूर इसमें दब गए.

(शेष पेज-11 पर)





**सांसद ने बाघमारा थाना में डाला डेरा**

केशरगढ़ा से लौटने के बाद सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने बाघमारा थाना पहुंचे. यहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों की क्लास लगा दी. साथ ही कहा कि जब तक एनडीआरएफ टीम नहीं आएगी, तब तक वहां से नहीं हटेंगे. उन्होंने बाघमारा पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाया. सांसद ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस हमारी हत्या करना चाह रही है लेकिन हमलोगों न्याय को लेकर लड़ने वाले लोग हैं, गुंडा माफियाओं से डरने वाले नहीं हैं. सांसद की मांग पर एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और वारदात के बाबत छानबीन की, देर शाम तक खाक छानने के बाद कोई भी साक्ष्य नहीं मिला, तब टीम लौट गई. इधर सांसद भी थाने से विदा हो गए.

## सांसद ढुलू महतो ने क्षेत्रीय मुद्दों को मजबूती से उठाया

- रेलवे कनेक्टिविटी और कृषि क्षेत्र में नवाचार को लेकर सदन में रखे सवाल

**संसद का मानसून सत्र**

शुभम संदेश। धनबाद

संसद के मानसून सत्र के दौरान धनबाद लोकसभा से सांसद ढुलू महतो ने क्षेत्रीय हितों से जुड़े दो अहम सवाल लोकसभा के पटल पर रखने का काम किया है. इन प्रश्नों का उत्तर संबंधित विभागों रेल मंत्रालय एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रदान किया गया. बेहतर रेलवे कनेक्टिविटी को लेकर सांसद महतो ने कहा कि अगरतला-देवघर एक्सप्रेस (15625/26) पूर्वोत्तर भारत को झारखंड के देवघर से जोड़ती है, लेकिन धनबाद, मधुपुर और जामताड़ा जैसे प्रमुख स्टेशनों को नजरअंदाज करती है जबकि इन क्षेत्रों से पूर्वोत्तर की ओर यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है. साथ ही, झाझा–डिब्रूगढ़ रेल सेवा के बंद हो जाने से भी लोगों को कठिनाई हो रही है. उन्होंने सरकार से इस ट्रेन को धनबाद तक विस्तारित करने और इसकी साप्ताहिक सेवा को त्रै-साप्ताहिक (तीन दिन) करने की योजना की माँग की.

(शेष पेज-11 पर)

## वासेपुर में बम विस्फोट, दो गिरफ्तार, जिंदा बम बरामद

शुभम संदेश। धनबाद

वासेपुर के कलाली बगान इलाके में मंगलवार की रात बमों के धमाका हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया. मामले की खबर पाकर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जबकि मौके से दो जिंदा बम भी बरामद किए गए हैं.जानकारी के मुताबिक, मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात करीब दो बजे दो युवकों ने इलाके में दहशत फैलाने की नीयत से बम फोड़े गए थे. तेज धमाके की आवाज से क्षेत्रवासी घबरा उठे और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई. बैंक मोड़ थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है.तलाशी के दौरान कलाली बगान की गली नंबर सात से दो और जिंदा बम बरामद किए गए हैं. इसके बाद बुधवार तड़के करीब चार बजे पुलिस ने संदेह के आधार पर दो युवकों राजू झाड़ी और नटुआ कुरैशी को उनके घरों से हिरासत में लिया. दोनों से थाने में गहन पूछताछ की जा रही है. पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि ये बम कहां से लाए गए थे और इसके पीछे मकसद क्या था.

## अनुसंधानकर्ता ने साक्ष्यों के साथ की है छेड़छाड़

- बचाव पक्ष की तरफ से जारी है बहस

**नीरज हत्याकांड**

शुभम संदेश। धनबाद

पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्याकांड में बचाव पक्ष की बहस बुधवार को भी जारी रही. बचाव पक्ष की ओर से बहस के लिए सुप्रीम कोर्ट से आए अधिवक्ता एमए नियाजी ने अदालत के समक्ष कई प्रश्न खड़े किए. बचाव पक्ष की ओर से बहस का बिंदु यह था कि प्रत्यक्षदर्शी गवाह आदित्य राज घटना के दिन घटनास्थल पर मौजूद नहीं था जबकि उसका टावर लोकेशन गिरिडीह था, जिसे अनुसंधानकर्ता ने छिपा लिया और अदालत के समक्ष टेक्निकल सेल द्वारा जारी टावर लोकेशन का कागजात समर्पित किया. जबकि टेक्निकल सेल को कागजात जारी करने का कोई अधिकार नहीं है. आदित्य राज के केंद्रीय अस्पताल में दाखिल होने वाले कागजात के साथ भी छेड़छाड़ की गई है. अनुसंधानकर्ता जानबूझकर बेड टिकट और इलाज के दस्तावेज अस्पताल में जप्त नहीं किया.

(शेष पेज-11 पर)

## आरएसपी कॉलेज के खंडहर में बेसुध युवती मिली

- दुष्कर्म की आशंका, शरीर पर चोट के निशान
- पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में कराया भर्ती

शुभम संदेश। झरिया

झरिया धनबाद मुख्य मार्ग भगतडीह स्थित बंद आरएसपी कॉलेज भवन परिसर में बुधवार को झरिया की एक छात्रा बेसुध अवस्था में मिली. सूचना पाकर झरिया थाना पुलिस घटना स्थल पहुंची और उसे इलाज के लिए झरिया स्थित एक निजी अस्तपताल में भर्ती कराया. चिकित्सकों के परामर्श के बाद एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है. उसके साथ दुष्कर्म होने की आशंका जताई जा रही है. आरएसपी कॉलेज परिसर में बुधवार की शाम बारिश के बाद कुछ युवक क्रिकेट खेल रहे थे. इसी बीच सभी युवक कॉलेज के पीछे सुनसान खंडर बने भवन की तरफ चले गए. जहां देखा कि एक युवती बेहोश अवस्था में पड़ी हुई थी. उसके शरीर में थोड़ी बहुत हलचल थी. उसके एक हाथ में चोट भी है. तब युवकों ने इसकी सूचना झरिया पुलिस को दी.

(शेष पेज-11 पर)




## राजापुर परियोजना वर्कशॉप बना चोरों का चारागाह

# लोहा चोरी में दो गुट भिड़े, जमकर हुई पत्थरबाजी

शुभम संदेश। झरिया

बस्ताकोला क्षेत्र स्थित बीसीसीएल की राजापुर परियोजना वर्कशॉप इन दिनों लोहा चोरों का चारागाह बन चुका है. मंगलवार देर रात चोरों के एक गिरोह ने वर्कशॉप की बाउंड्री वॉल तोड़कर लाखों रुपये मूल्य के कीमती लोहा और हैवी मशीनों के पार्ट्स चोरी कर मालवाहक वाहन से फरार हो गए. सूत्रों के अनुसार, चोरी के बाद जब वही गिरोह दोबारा माल लेने लौटा तो स्थानीय लोहा चोरों के दूसरे गिरोह से उनकी भिड़ंत हो गई. दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की, गाली-गलौज और पथराव तक की नौबत आ गई, जिससे मौके पर भगदड़ मच गई. बताया जा रहा है कि वर्कशॉप का पिछला हिस्सा काफी समय से टूटा हुआ है, जिससे चोर लगातार वहां से स्क्रैप और कीमती सामान चुरा रहे हैं. वर्कशॉप में रात के समय कोई भी बीसीसीएल कर्मी मौजूद नहीं रहता, जिसका फायदा चोर उठा रहे हैं. स्थानीय चोरों ने क्षेत्र में बाहरी गिरोह की चोरी पर आपत्ति जताई थी, जिसके बाद यह टकराव हुआ. वर्कशॉप में भारी मात्रा में स्क्रैप और महंगे वाहन पार्ट्स मौजूद हैं, जिन्हें लगातार निशाना बनाया जा रहा है.



**बीसीसीएल प्रबंधन की उदासीनता :** परियोजना पदाधिकारी केके सिंह ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है, लेकिन किसी कर्मी द्वारा अब तक लिखित शिकायत नहीं दी गई है. उन्होंने कहा कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी. गौरतलब है कि परियोजना बंद होने के बाद यहां से सीआईएसएफ सुरक्षा हटाई जा चुकी है. इसके बाद से ही चोरों का मनोबल बढ़ गया है. चोरों ने कई बार बीसीसीएल कर्मियों से मारपीट की है और उनके मोबाइल व नकदी भी छीन ली है. इससे कर्मचारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और चोरों को रोकने से परहेज कर रहे हैं.

### ग्रामीणों ने पकड़ा लोहा चोर, दो साथी फरार

**झरिया।** होरलाडिह कोलियरी के एक नंबर चानक पर बुधवार दोपहर लोहा चोरी कर रहे तीन चोरों को ग्रामीणों ने खदेड़ दिया. इसमें झरिया शमशेर नगर निवासी मो. राहुल को लोगों ने पकड़ लिया, जबकि उसके दो साथी विक्की और डांगा भागने में सफल रहे. चोर चानक के लगभग 50 फीट ऊंचाई पर चढ़कर लोहा काट रहे थे. सूचना मिलते ही बोरागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए चोर को हिरासत में लिया. चोरों के पास से तीन मोबाइल, दो हथौड़े और आरी ब्लेड बरामद हुए, जिन्हें ग्रामीणों ने पुलिस को सौंप दिया. बताया जा रहा है कि होरलाडिह कोलियरी इन दिनों लोहा चोरों का गढ़ बन चुका है. चार दिन पूर्व ही चोरों ने फिडर वन की बिजली लाइन के चार खंभे काट गिराए थे. इस कार्रवाई में कलाम खान, समीर अंसारी, गुड्डू पाशा, चिंटू अंसारी, महफूज अंसारी समेत कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा. स्थानीय लोग लगातार हो रही चोरी से परेशान हैं और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

### कांग्रेस नेता स्कूटी से गिरकर जख्मी

**केंदुआ (शुभम संदेश)।** कांग्रेस नेता सह जिला महामंत्री संजय जायसवाल धनबाद-बोकारो सड़क पर गोधर 26 नम्बर में स्कूटर से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं. उन्हें संजीवनी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है. उनके दाहिना हाथ व पैर फ्रैक्चर कर गया है. डॉ सुनील कुमार ने कहा कि इनके घुटना (पैर) का ऑपरेशन किया जाएगा. केंदुआ बाजार निवासी संजय जयसवाल मंगलवार को स्कूटी से धनबाद जा रहे थे. गोधर 26 नम्बर में बने गढ्ढे में आगे चल रहे वाहन ने अचानक ब्रेक लगा दिया।इसके कारण संजय को भी ब्रेक लगानी पड़ी. तब संजय सड़क में बने व उभरे पत्थर पर गिर पड़े. साथियों ने इन्हें तत्काल नर्सिंग होम में भर्ती कराया.जिले के कई वरीय पार्टी नेताओं ने घायल संजय से अस्पताल में भेंट की.

## न्यूज अपडेट

### अवैध बालू लदे दो 407 वाहन जब्त

**बरवाअड्डा (शुभम संदेश)।** मंगलवार की देर रात एसडीएम राजेश कुमार के नेतृत्व में जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा खनन निरीक्षक बसंत उरांव पुलिस दल बल के साथ संयुक्त रूप से खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध बरवाअड्डा थाना अंतर्गत जीटी रोड किसान चौक के समीप से जांच अभियान चलाया. जांच के दौरान दो 407 वाहन संख्या जेएच 01डी-9309 एवं जेएच 09के- 7958 को अवैध रूप से बालू ले जाते को पकड़ा गया. जिला खान निरीक्षक सुमित प्रसाद ने बरवाअड्डा थाना में आवेदन देकर जब्त किए गए दोनों 407 वाहन के चालक मकरूद्दीन अंसारी थाना पूर्वी टुंडी एवं सिराज अंसारी थाना पूर्वी टुंडी, दोनों वाहनों के मालिक एवं इसमें में शामिल अज्ञात लोगों के खिलाफ अवैध रूप बिना परिवहन चालान के बालू खनिज का खनन एवं परिवहन करना खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत बरवाअड्डा थाना में मामला दर्ज कराया. बरवाअड्डा पुलिस ने बालू लदे जब्त दोनों 407 को कब्जे में लेकर वाहन चालक कमरुद्दीन अंसारी, सिराज अंसारी, वाहनों मालिकों एवं सम्मिलित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.

### डिग्री कॉलेज टुंडी में पौधरोपण कार्यक्रम



**टुंडी (शुभम संदेश)।** बुधवार को डिग्री कॉलेज टुंडी के परिसर में प्राचार्य डॉ इंद्रजीत कुमार की अध्यक्षता में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, बीबीएमकेयू के कुलपति प्रो. डॉ. राम कुमार सिंह एवं जिला वन पदाधिकारी विकास पालीवाल उपस्थित हुए. इस कार्यक्रम में पर्यावरण के संरक्षण में वृक्षारोपण की भूमिका पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई. साथ ही परिसर में कुल 70 पौधे लगाए गए. विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा की पर्यावरण के संरक्षण हेतु प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए. एक पेड़ माँ के नाम एक प्रयास है, जिससे हमलोग अपनी वसुंधरा को हरा -भरा कर अपनी भावी पीढ़ियों को एक संतुलित पृथ्वी समर्पित कर सकें. कुलपति डॉ सिंह ने पौधरोपण को जीवन का संस्कार बनाने की बात कही, जिससे मानव और प्रकृति के बीच बढ़ती खाई को पाटा जा सकता है. जिला वन पदाधिकारी ने कहा की वृक्ष पुरे समाज और आने वाली पीढ़ी के लिए जीवनदायी धरोहर है. प्राचार्य ने बच्चों को जागरूक किया. प्रो अविनाश कुमार और मंच संचालन डॉ रानी सिंह के द्वारा किया गया. इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति की गई. इस कार्यक्रम में कॉलेज के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएँ उपस्थित हुए.

### कौआबांध में अखंड संकीर्तन, निकली कलश यात्रा



**गोविंदपुर (शुभम संदेश)।** श्री दुर्गा मंदिर प्रांगण जीटी रोड कौआबांध में शिवलिंग स्थापना एवं बजरंगबली प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के तीसरे दिन अखंड संकीर्तन की शुरुआत हुई. वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान पूर्वक शिवलिंग एवं प्रतिमा की स्थापना की गई. अखंड संकीर्तन की पूर्णाहुति गुरुवार को होगी तथा भंडारा लगेगा. इसी के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी. इसके पूर्व कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी. इस आयोजन को लेकर कौआबांध के लोगों में उत्साह है एवं माहौल भक्तिमय हो गया है. इस महायज्ञ में बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, गोविंदपुर प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, डीएन सिंह, बलदेव महतो, सुभाष गिरि, नितेश गोप, नंद गोपाल गिरि समेत बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया. इस आयोजन में मंदिर समिति के डबलू साव, बिजेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, राजधर गुप्ता, सोनू सिंह, राम अयोधया सिंह, मुन्ना साव, संजीत साव, तेज प्रताप सिंह , सेवालाल गुप्ता आदि लगे हुए हैं पूर्णाहुति पर भंडारा का आयोजन गुरुवार को होगा.

### कोल माइंस वर्कर यूनियन की बैठक



**निरसा बाजार।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र के सेन्ट्रल पुल स्थित भाकपा-माले पार्टी कार्यालय में बुधवार को कोल माइंस वर्कर यूनियन की एक बैठक संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता हरेंद्र सिंह व संचालन सुनील गिरी ने किया. बैठक में केंद्रीय सम्मेलन मेंबरशिप बढ़ाने और सांगठनिक ढांचा का कैसे विस्तार हो, इसको लेकर चर्चा की गई. बैठक में एक स्वर से कार्यकर्ताओं ने कहा कि तन मन और धन से यूनियन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया. इस बैठक में हरेंद्र सिंह, जगदीश शर्मा, विपिन मंडल, संजय सिंह, मुख्तार अंसारी, गणेश महतो, बुधीराम, नीलकंठ लोहार यदि उपस्थित थे.

### बीएमएस का स्थापना दिवस मनाया



**केंदुआ (शुभम संदेश)।** धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ ने कुसुंडा क्षेत्रीय कार्यालय समक्ष हर्षोल्लास पूर्ण तरीक़े से भारतीय मजदूर संघ का 70 वां स्थापना दिवस मनाया. अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के मंत्री कृष्णा सिंह ने संघ का ध्वज फहराया. मजदूरों को बधाई दी गई. मजदूर हितों में संघ द्वारा किये गए कार्यों की उपलब्धियां बताई गई.संघठन के सदस्यों ने एरिया गेट पर स्थापना दिवस के खुशी में प्रदर्शन करते हुए नारे लगाए और गेट मीटिंग की. मौके पर कुसुंडा क्षेत्र के एरिया,गोधर,धनसार,जीकेकेसी के तारकेश्वर सिंह,सत्यनारायण यादव,सतेंद्र ढांगी, इसराइल खान,नीतीश पांडे,नवनीत सिंह,महाबीर चौहान,राजाराम पासवान , सलमा खातून,जावेदा खातून,दुलारी देवी,संजू देवी सहित काफी संख्या में संघ समर्थक सदस्य मौजूद थे.

### पिंकी फाउंडेशन ने कराया जरूरतमंद का इलाज



**चिरकुंडा (शुभम संदेश)।** चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 19 निवासी अशीम कुरैशी का हाथ टूट गया था. इस दर्दनाक स्थिति में पिंकी फाउंडेशन ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए उन्हें तुरंत दुर्गापुर अस्पताल पहुंचाया. पीड़ित का इलाज कराकर घर भेजा. इलाज का पूरा खर्चा पिंकी फाउंडेशन द्वारा वहन किया गया. फाउंडेशन के अकरम कुरैशी और बाबू खान ने दिन-रात साथ रहकर सहायता की. इस नेक कार्य के लिए पिंकी फाउंडेशन और चिरकुंडा नागरिक मोर्चा की लोगों ने सराहना की.

## ब्रीफ खबरें

### चिरकुंडा फीडर से जुड़े क्षेत्र में 7 घंटे बिजली बाधित

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के डीपीएस कुमारधुबी में चिरकुंडा फीडर के ब्रेकर का रिले जल जाने के कारण चिरकुंडा फीडर से जुड़े हजारों उपभोक्ताओं की बिजली बुधवार की सुबह गुल हो गई जिस कारण इस बरसात की उमस भरी गर्मी में लोग 7 घंटे तक परेशान रहे. जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब 5 बजे एसएचएमएस कालेज के समीप अज्ञात वाहन द्वारा बिजली पोल में धक्का मारे जाने के कारण बिजली के तार आपस में लड़ जाने के कारण कई जगह जम्फर कट गए थे. जिससे चिरकुंडा फीडर के ब्रेकर का रिले जल गया. सरसापहाड़ी, तालडांगा, नेहरू रोड, सुभाषनगर, तालडांगा हाउसिंग कालोनी, कुमारधुबी स्टेशन रोड सहित आस पास के क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं की बिजली ठप हो गई. बिजली मिस्त्री द्वारा फाल्ट को ठीक किया गया. दोपहर बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी.

### डीएवी पब्लिक स्कूल के नए प्राचार्य ने संभाला पदभार

**केंदुआ।** डीएवी पब्लिक स्कूल कुसुंडा के नये प्राचार्य अजीत कुमार दुबे ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया. इसके पहले दुबे डीएवी घाटो, हजारीबाग में वरीय शिक्षक पद पर कार्यरत थे. पहली बार प्राचार्य की जिम्मेवारी मिली है. विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य नवीन कुमार व अन्य वरीय शिक्षकों ने नए प्राचार्य का स्वागत किया. विद्यालय की छात्राओं ने वैदिक मंत्रों के साथ तिलक लगाया. विदित रहे कि विद्यालय की प्राचार्या झूमा महता का तबादला 13 जुलाई को डीएवी डाल्टेनगंज हो गया था. मौके पर एनएन श्रीवास्तव, एआरओ, डीएवी झारखंड जोन-सी, एस.मोदक, प्राचार्य ,डीएवी,अलकुसा,विद्यालय के वरीय शिक्षक एके तिवारी, एमके सिंह, डॉ आरबी राय,बी खल्खो, एस कुमार,एमके श्रीवास्तव, सीमा कुमारी,एके मिश्र सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थीं.

# गोविंदपुर सर्विसलेन के अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त, 48 घंटे की मोहलत

## माइक से एलान कर दी चेतावनी, खुद तोड़ दें, नहीं तो प्रशासन तोड़ेगा

- अतिक्रमण कर बना ली गई हैं दुकानें, गैराज और पक्के चबूतरे

शुभम संदेश। गोविंदपुर

गोविंदपुर में जीटी रोड के सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाया जाएगा. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने अतिक्रमणकारियो को दो दिनों की मोहलत दी है. इसके अलावा सभी अवैध क्रॉसिंग को बंद कर दिया जाएगा. कई स्थानों पर जीटी रोड की जमीन पर पक्का निर्माण हाल के दिनों में कर दिया गया है. ऐसे सभी अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए जाएंगे. प्राधिकरण ने मंगलवार शाम और बुधवार की सुबह माइक से लोगों को चेतावनी दी है. कहा है कि यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो बलपूर्वक हटा दिया जाएगा. धनबाद एसडीएम राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर द्विवेदी, अंचलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे तथा पुलिस उपाधीक्षक शंकर कामती ने एनएचएआई अधिकारी निगम बेहरा के साथ जीटी रोड का निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि बार-बार की चेतावनी के बाद भी जीटी रोड के सर्विस लेन को खाली नहीं किया जा रहा है. इससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है तथा सड़क जाम लग रहा है. उन्होंने कहा कि कोलकाता जीटी रोड के सर्विस लेन में गोविंदपुर सरकारी अस्पताल से लेकर पोस्ट ऑफिस के आगे तक जगह-जगह अतिक्रमण कर लिया गया है. इससे लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. इसके अलावा जगह-जगह गंदगी के अंबार लग गए हैं. दुकानदार कूड़ा-कचरा जीटी रोड के सर्विस लेन पर फेंक देते हैं जो गैरकानूनी है. ऐसे दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा. इसी तरह दिल्ली लेन में भी अतिक्रमण है. कोऑपरेटिव बैंक से लेकर गोविंदपुर ऊपर बाजार तक जगह-जगह सड़क का अतिक्रमण कर दुकान खोल दी गई है. गैराज भी बना दिए गए हैं. कहा कि धनबाद डीसी के आदेश पर सभी अवैध क्रॉसिंग को बंद कर दिया गया था तथा रेलिंग के भी छोटे क्रॉसिंग को बंद कर दिया गया था, परंतु अपनी सुविधा के लिए लोग जबरन जीटी रोड के रेलिंग को काटकर रास्ता बना रखे हैं. इस तरह के अवैध कटिंग को बंद करने का काम शुरू कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि आरएस मोर कॉलेज के पास जबरन क्रॉसिंग खोल दिया गया है, जबकि उसे क्रॉसिंग को बंद कर नीचे के अंडरपास से पर होने की सभी को हिदायत दी गई है. इसी तरह विभिन्न स्थानों पर जबरन क्रॉसिंग बना दिए गए हैं व लोग अवैध तरीके से सड़क पार कर रहे हैं.उन्होंने कहा कि सभी अवैध क्रॉसिंग को बंद कर दिया जाएगा. वर्तमान में केवल गोविंदपुर ऊपर बाजार तथा साहिबगंज मोड़ के क्रॉसिंग से लोग सड़क पार करेंगे. बाद में सुभाष चौक के क्रॉसिंग पर विचार होगा.



सड़क के बगल की जमीन पर पक्का निर्माण और बनी दुकानें

## विधायक अरूप ने गांवों का दौरा कर सुनी समस्याएं



शुभम संदेश। निरसा

विधायक अरूप चटर्जी ने बुधवार को निरसा विधानसभा क्षेत्र क मंगलमारा, टूनापाड़ा, बड़ाजोर, पोड़ाडिहा आदि गांवों का कर ग्रामीणों की ज्वलंत समस्याओं को देखा. ग्रामीणों की पीड़ा सुनी. जिस-जिस गांव विधायक पहुंचे वहां के ग्रामीणों ने उन्हें फूलों का माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया. ग्रामीणों ने विधायक चटर्जी को एक-एक कर समस्याएं सुनाई. विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनी और निदान करने का आश्वासन भी दिया. मौके पर टार्जन मरांडी, दिनेश किस्कू, बाबूजान हेम्ब्रम, गणेश बास्की, राजू लोहार, श्यामल राय, दिनेश कुमार राय, हाराधन मांझी, जॉय राय, साजन हाड़ी, परिमल हाड़ी, जर्मन मरांडी, सुखदेव किस्कू, बाबु गोप,दीनू गोप,लखीरतन बाउरी, बन्धन बाउरी, रामजन हेम्ब्रम सहित कई महिला पुरुष मौजूद थे.

## कचर्रा माथाबांध तालाब के बीच झूला 11 हजार वोल्ट का तार

### खतरे की आंशका से ग्रामीणों ने तालाब में उतरना छोड़ा

शुभम संदेश। महुदा

धनबाद जिला के बाघमारा प्रखण्ड अंतर्गत हाथुड़ीह पंचायत के कचर्रा ग्राम में एक बड़ा तालाब माथाबांध है, इस तालाब के बीचों बीच 11 हजार वॉल्ट की बिजली तार लगभग 40 वर्षों से अधिक का पुराना बिजली तार तालाब में झूला हुआ देखकर गांव के लोग तालाब जाने से डर रहे हैं. लोग बिजली विभाग को कोस रहे हैं कि बार बार इस तालाब से 11 हजार पावर का बिजली तार को हटाने की मांग जनप्रतिनिधिओं और बिजली विभाग के अधिकारियों से की गई है लेकिन अभी तक इस पर किसी प्रकार की तार को हटाने पर कोई भी पहल नहीं की गई. अब तक केवल आश्वासन ही आश्वासन मिलते आ रहा है कि अब तालाब से तार को हटाकर दूसरे तरफ से बिजली का कनेक्शन ट्रांसफर तक कर दिया जायेगा लेकिन ऐसा नहीं हो पाया. इस तालाब का प्रयोग गांव के सैकड़ों लोग नहाने, पानी लेने और पूजा पाठ के लिए करते हैं. लेकिन अब खौफ के मारे तालाब जाने से भी बच रहे हैं. लोगों का कहना है कि यदि कोई वारदात होती है तो विभाग की घोर लापरवाही के कारण होगी.



# ओबी डंपिंग एरिया में पेड़ों की कटाई का विरोध

## एग्यारकुंड प्रखंड में डंप यार्ड में लगे पेड़ों की धड़ल्ले से चल रही कटाई, भट्ठा संचालक पर आरोप

शुभम संदेश। निरसा बाजार

एग्यारकुंड प्रखंड अंतर्गत मोहुल बागान छठ तालाब समीप ओबी डंप में लगे पेड़ों की धड़ल्ले से चल रही कटाई का ग्रामीणों ने विरोध जताया. ग्रामीणों की शिकायत पर राजपुरा कोलियरी प्रबंधक संजीव कुमार एवं सर्वेयर कौशल कुमार उक्त स्थल पर पहुंचे. देखा की इसीएल द्वारा किये गए ओबी डंप पर लगे कई पेड़ों की कटाई कर दी गई है. पूछताछ में पता चला की पास के ही जीटी हार्डकोक भट्ठा संचालक के निर्देश पर कराई गई है. उन्होंने इस पर कड़ी आपत्ति जताई. कहा कि इसीएल की जमीन पर बिना अनुमति भट्ठा संचालक द्वारा पेड़ की कटाई की गई है इसकी जांच कर कार्रवाई कर की जाएगी. वहीं दूसरी ओर जीटी हार्डकोक भट्ठा के मैनेजर जितेंद्र सिंह का कहना है कि जिस जमीन पर पेड़ की कटाई की गई है वह जमीन जीटी हार्डकोक की है. दो दिन पूर्व वन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद पेड़ की कटाई की गई है. इधर ग्रामीणों का कहना है की किसी भी परिस्थिति में पेड़ की कटाई नहीं करने दी जाएगी. आज पूरा देश पेड़ लगाने पर लगा हुआ है, ताकि ग्लोबल वार्मिंग से लोगों को राहत मिल सके. और जीटी हार्डकोक के मालिक पेड़ की कटाई में लगे हुए है. इसे लेकर उपायुक्त धनबाद, वन विभाग से लेकर मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत की जाएगी. मौके पर दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे.




### संकल्प एजुकेशन का छात्र नवोदय के लिए चयनित



**कतरास।** बुधवार को संकल्प एजुकेशन अंगार पथरा में खुशी की लहर दौड़ गई जब यह पता चला कि संकल्प एजुकेशन के छात्र प्रतीक कुमार यादव का चयन पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बेनागोरिया मे कक्षा 6 के लिए हुआ है. प्रतीक के पिता राजेश यादव एवं माता पिंकी देवी पासीटांड कतरास में रहते हैं. प्रतीक प्राथमिक विद्यालय पासीटांड़ का छात्र है. उनके अथक प्रयास एवं मेहनत के से यह सफलता मिली है. संकल्प एजुकेशन के निदेशक सह जय धरती मां फाउंडेशन के जिला सचिव सहदेव महतो, संकल्प एजुकेशन के प्रबंध निदेशक मनोरमा देवी ,शिक्षक अमित यादव एवं कुणाल कुमार शर्मा ने भी उन्हें बधाई दी है.

BEFORE : THE EXECUTIVE MAGISTRATE, AT DHANBAD

**AFFIDAVIT**





I, **PREM KUMAR SHARMA**, S/o- Sri Abhay Kumar Sharma, aged about- 49 years, by faith-Hindu, by occupation-Service, Resident of Subhadra Niwas, Anand Nagar, Teliyabandh, Near Teliyabandh, P.O.-Katrasgarh, P.S.-Katras, Dist.-Dhanbad (Jharkhand)-828114, Aadhar No.- 5126 2673 7755 do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-

1. That, my son's actual name is ARNAV SHARMA which has been mentioned in his Birth Certificate Vide No.- B20252090001300l4439 issued dated 04.07.2025 from Registrar (Birth & Death) Municipal Corporation, Dhanbad and School Record.
2. That, my son's another name is wrongly mentioned in his Aadhar Card Vide No.- 3427 1976 2750 as HARSH SHARMA in place of ARNAV SHARMA.
3. That, this affidavit has been made for rectification of my son's name in aforesaid Aadhar Card as ARNAV SHARMA.
4. That, I affixed our recent photographs for our proper identification.
5. That, the contents of this affidavit are correct and genuine to the best of my knowledge and belief.
6. That, I have concealed nothing in it nor any part hereof is false or incorrect.
7. That, I am swearing this affidavit to produce it before the concerning authority for correction of my son's name and for needful purpose.

Affidavit No. 84857 Dt. 19.07.2025

# 15वें वित्त आयोग की राशि खर्च करने में लाएं तेजी : डीडीसी

खास बात

- मनरेगा और आवास योजनाओं की हुई समीक्षा



शुभम संदेश। बोकारो

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और प्रखंड प्रमुखों के साथ एक संयुक्त बैठक की. इस बैठक में 15वें वित्त आयोग की योजनाओं के तहत राशि खर्च की प्रगति, साथ ही मनरेगा एवं आवास योजनाओं की स्थिति की क्रमवार समीक्षा की गई.

**प्रखंडों के असंतोषजनक प्रदर्शन पर चिंता**

डीडीसी ने बैठक में कहा कि कई प्रखंडों का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है, जिसे अविलंब सुधारने की आवश्यकता है. उन्होंने बताया कि राज्य स्तर से इसकी लगातार निगरानी की जा रही है. उन्होंने 15वें वित्त आयोग की राशि खर्च में तेजी लाने के लिए बीडीओ और प्रमुख के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि यदि किसी बात को लेकर आपसी मतभेद हैं, तो उन्हें पीछे छोड़कर विकास के लिए एकजुट होकर तेजी से काम करने की जरूरत है. योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए बीडीओ और प्रखंड प्रमुखों के बीच नियमित समन्वय अत्यंत आवश्यक है.

**मनरेगा और आवास योजनाओं पर विशेष जोर**

डीडीसी ने कहा कि मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजन में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति जरूरी है. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि परियोजनाएं समयबद्ध तरीके से शुरू और पूरी की जाएं ताकि मजदूरों को रोजगार मिले और आँकड़ों में सुधार हो. बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) और अबुआ आवास (एएवाई) के तहत लंबित/अपूर्ण आवासों की भी समीक्षा की गई. डीडीसी ने निर्देश दिया कि ऐसे सभी मामलों की सूची तैयार कर त्वरित रूप से कार्य पूर्ण कराएं. प्रखंड समन्वयक और रोजगार सेवक को इसकी प्रतिदिन निगरानी का निर्देश दिया गया.

**एनएलएम टीम के संभावित दौरे पर तैयारी के निर्देश**

बैठक में डीडीसी ने यह भी जानकारी दी कि राष्ट्रीय लेबल मॉनिटरिंग (एनएलएम) की टीम का जिला दौरा संभावित है. उन्होंने सभी प्रखंडों को कागजी और भौतिक प्रगति को अद्यतन रखने तथा फील्ड स्तर की तैयारियों को पुख्ता करने का निर्देश दिया. इस अवसर पर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मी आदि उपस्थित थे.

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार, 5 वाहन बरामद



शुभम संदेश। गोड्डा

गोड्डा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है. ये अपराधी झारखंड, बिहार और बंगाल में चार पहिया वाहन चोरी कर फर्जी कागजात पर बेचते थे. उनकी निशानदेही पर दो पिकअप, दो कार और एक स्कॉर्पियो सहित चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए हैं. इन पर तीनों राज्यों में तीन दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं. पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि चोरी की घटनाओं के उद्भेदन के लिए एसडीपीओ महगामा चंद्रशेखर सिंह के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई थी. कोडरमा पुलिस और तकनीकी सेल से मिले इनपुट के बाद झारखंड, बिहार और बंगाल में सघन छापेमारी कर यह सफलता मिली. गिरफ्तार चोरों की पहचान अजय कुमार चौधरी, जीतू श्रीवास्तव, साजन कुमार, संतोष कुमार और चंद्रशेखर कुमार ठाकुर के रूप में हुई है. पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे चोरी के वाहनों के चेसिस नंबर बदलकर फर्जी कागजात तैयार करते थे.

## ब्रीफ खबरें

### धनवार में सर्पदंश से 9 वर्षीय बच्ची की मौत

**धनवार (गिरिडीह)।** धनवार प्रखंड के ग्राम पंचायत बरजो निवासी सिकंदर राय की 9 वर्षीय पुत्री सोनम कुमारी की सर्पदंश से मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार बच्ची अपने घर में सो रही थी, इसी बीच एक साँप ने उसे काट लिया. लोगों को इसकी जानकारी होने से पहले ही सोनम की मौत हो चुकी थी. इस दुखद घड़ी में उसके परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और ग्रामीण उन्हें सांत्वना देने पहुंच रहे हैं. बताया गया है कि सोनम अपने घर में इकलौती बहन थी, उसके दो छोटे भाई हैं. उसके पिता रोजी-रोजगार के लिए बाहर रहते हैं. परिवार की आर्थिक स्थिति काफी खराब है, जिसके कारण ग्रामीणों ने सरकार से सहयोग करने की अपील की है.

### शनि देव मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा

**बोकारो।** श्री श्री शनि ठाकुरबाड़ी, चास के द्वारा 52वें वार्षिक श्रवणी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर शनि देव जी की एक भव्य शोभायात्रा मंदिर से शुरू हुई, जो बाईपास रोड, चेक पोस्ट, मेन रोड और महावीर चौक होते हुए पुनः मंदिर में समाप्त हुई. शनि भक्तों ने जयकारा लगाकर शोभायात्रा को सफल बनाया, जिसमें श्रद्धालुओं, खासकर महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही. शोभायात्रा की शुरुआत चास अनुमंडल पुलिस अधिकारी प्रवीण सिंह और चास नगर निगम आयुक्त संजीव कुमार ने पूजा-आरती करके की. इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सभी शनि सेवकों का सहयोग सराहनीय रहा.

### अनिमेष ने किया अध्यक्ष पद के लिए नामांकन

**बोकारो।** बोकारो बार एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया बुधवार को समाप्त हो गई, जिसमें पूर्व अध्यक्ष अनिमेष कुमार चौधरी ने फिर से अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया है. उन्होंने अधिवक्ताओं के सर्वांगीण विकास का वादा किया, जिसमें उन्नत अधिवक्ता क्लब का निर्माण, युवा अधिवक्ताओं के लिए कोचिंग, सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन, चंद्रपुरा, जारीडीह और दुगदा थाना को बोकारो जजशिप में जोड़ना और बीएसएल से क्वार्टर दिलाने का प्रयास शामिल है. अनिमेष ने अपने पिछले कार्यकाल में महिला कॉमन रूम, शौचालय और जल व्यवस्था का भी उल्लेख किया. चुनाव 2 अगस्त 2025 को होगा और परिणाम 3 अगस्त को घोषित किए जाएंगे. बोकारो कोर्ट के लगभग 1200 अधिवक्ता इस चुनाव में मतदान करेंगे, जिससे चुनावी माहौल गरमा गया है.

### ललन यादव बने जमुआ राजद के प्रखंड अध्यक्ष

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ प्रखंड राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की बैठक महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक का संचालन राजद नेता ललन यादव ने किया. बैठक में प्रदेश महासचिव गिरेंद्र यादव और जिलाध्यक्ष इरफान आलम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. बैठक के दौरान डॉ. मंजूर अंसारी ने ललन यादव को प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत करने का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन वरिष्ठ नेता तितु यादव और भुनेश्वर यादव ने किया. कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव पर सहमति जताई, जिसके बाद जमुआ प्रखंड सचिव ललन यादव को राजद का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत कर दिया गया. इस संबंध में प्रदेश महासचिव गिरेंद्र यादव ने बताया कि सभी प्रखंडों के मनोनयन पत्र बहुत जल्द जिले में एक समारोह आयोजित कर सभी प्रखंड अध्यक्षों को सौंपे जाएंगे.

## शिकारीपाड़ा में अवैध क्रशर पर डीएमओ की कार्रवाई

# शाहिद बाला बाबा स्टोन यूनिट सील



शुभम संदेश। दुमका

उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर पूर्ण रोक लगाने के लिए अभियान छेड़ रखा है. इसी कड़ी में बुधवार को शिकारीपाड़ा के पिनरगरिया में नियम विरुद्ध संचालित हो रहे शाहिद बाला बाबा स्टोन यूनिट क्रशर पर कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया. डीएमओ आनंद कुमार ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध खनन, भंडारण या परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसमें संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

**खान निरीक्षक ने पकड़ी अनियमितता**

डीएमओ आनंद कुमार के निर्देश पर खान निरीक्षक गौरव कुमार सिंह ने बुधवार को शिकारीपाड़ा के पिनरगरिया स्थित शाहिद बाला बाबा स्टोन यूनिट क्रशर का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि क्रशर खनन विभाग के नियमों के खिलाफ संचालित किया जा रहा था. इसकी सूचना उन्होंने डीएमओ को दी, जिसके बाद आनंद कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्रशर को सील करने का निर्देश दिया. खान निरीक्षक द्वारा इस निर्देश के आलोक में क्रशर को सील कर दिया गया. डीएमओ आनंद कुमार ने दोहराया कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन, भंडारण या परिवहन नहीं होने दिया जाएगा. नियम विरुद्ध कार्य करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

### टास्क फोर्स ने बेकचुरी में अवैध क्रशर किया सील

**तालझारी।** जिला उपायुक्त द्वारा गठित टास्क फोर्स की टीम ने बुधवार को तालझारी अंचल क्षेत्र के बेकचुरी मौजा में संचालित एक क्रशर पर छापेमारी कर उसे सील कर दिया। अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो के नेतृत्व में टास्क फोर्स ने एम/एस एम.डी. मुस्तकिम अंसारी स्टोन वर्क्स का निरीक्षण किया. छापेमारी के दौरान क्रशर पर काम कर रहे मजदूर भाग गए, जिससे क्रशर से संबंधित कागजात और दस्तावेज़ों की जांच नहीं हो सकी. खनन संबंधित सरकारी प्रावधानों का पालन नहीं करने के कारण क्रशर को सील कर दिया गया. एसडीओ ने बताया कि क्रशर स्थल पर कई अनियमितताएँ पाई गईं. अनुज्ञप्तिधारी से संबंधित सूचना पट नहीं लगाया गया था. क्रशर स्थल में जल छिड़काव (टेप वाटर स्प्रिंकलर) की व्यवस्था नहीं थी. बेल्ट कन्वेयर टिनसीट या ग्रीन क्लॉथ से ढका हुआ नहीं था. क्रशर स्थल पर वृक्षारोपण नहीं किया गया था.

क्रशर स्थल पर तीन तरफ से पक्की चारदीवारी पाई गई, परंतु एक तरफ चहारदीवारी नहीं थी. सीटीओ की वैधता जी.एम.एम.एस. पोर्टल के अनुसार 25 मई 2025 तक ही थी. इन सभी अनियमितताओं के कारण तत्काल क्रशर को सील कर दिया गया, जिसकी रिपोर्ट जिला उपायुक्त को भेजी जाएगी. टास्क फोर्स टीम में अंचल अधिकारी सह बीडीओ राम सुमन प्रसाद, थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडे, और खनन निरीक्षक, साहिबगंज मौजूद थे.

### बेंगाबाद में बिजली चोरी के आरोप में पांच पर प्राथमिकी दर्ज

**बेंगाबाद (शुभम संदेश)।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बनहती और महदईया गाँवों में मंगलवार को बिजली विभाग ने बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की. विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की संयुक्त टीम ने छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें पांच लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया. इस संबंध में बिजली विभाग के कनीय अभियंता (जेई) अमित कुमार ने बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है. जेई द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बनहती गांव के वासुदेव कुमार, कुर्बान मियां और शाहिद अंसारी तथा महदईया गांव के महेश्वर मंडल और मो. शबीर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए गए. बेंगाबाद थाना ने जेई के आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पांचों के विरुद्ध बेंगाबाद थाना में कांड संख्या 108/25 के तहत मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है. बिजली विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा. विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है.

## न्यूज अपडेट

### करंट से एक व्यक्ति की मौत

**बोरियो (शुभम संदेश)।** थाना क्षेत्र के पुआल पंचायत के पुआल गांव में रामजीत पंडित (46) की बिजली के करंट लगने से मौत हो गई. मृतक के पुत्र मनीष कुमार ने बताया कि उनके पिता बकरी चराने के लिए खेत गए हुए थे, जहाँ पंचायत भवन के समीप झूलते हुए बिजली के तार से करंट लगने के कारण उनकी जान चली गई. मनीष कुमार और ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले कई महीनों से एलटी तार जमीन से मात्र 2 फीट ऊपर झूल रहा था. इसकी शिकायत बिजली मिस्त्री को भी दी गई थी, इसके बावजूद झूलते हुए तार को ठीक नहीं कराया गया. ग्रामीण महिलाओं ने परिजनों को जानकारी दी कि एक व्यक्ति बिजली के तार पर लटका हुआ है. इसके बाद मनीष कुमार ने सूखे लकड़ी की सहायता से अपने पिता के शरीर से तार को हटाया और उन्हें बोरियो सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) ले आए. सीएचसी में मौजूद डॉ. सुदामा कुमार ने रामजीत पंडित को मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलने पर एएसआई उमेश उपाध्याय सीएचसी पहुँचे और मामले की छानबीन करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. मृतक की पत्नी भवानी देवी ने बताया कि उनके पति ही घर में एकमात्र कमाने वाले थे और मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे. उन्होंने बताया कि उनके 18 और 13 साल के दो पुत्र हैं जो अभी पढ़ाई कर रहे हैं. इस घटना के बाद परिवार के सामने भयंकर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है. ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मुआवजे की मांग की है. वहीं, जेई नील गगन ने बताया कि उन्हें एलटी तार लटके रहने की कोई शिकायत नहीं मिली थी.

### मनरेगा लोकपाल पर लगा जांच में लापरवाही का आरोप

**डुमरी (शुभम संदेश)।** झारखंड पीपुल्स पार्टी (झापीपा) के केंद्रीय सचिव अशोक अग्रवाल 'आजाद' ने आयुक्त हजारीबाग, डीसी गिरिडीह, डीडीसी गिरिडीह, मनरेगा लोकपाल गिरिडीह, एसडीओ डुमरी और बीडीओ डुमरी को ईमेल के माध्यम से एक पत्र प्रेषित किया है. पत्र में उन्होंने आरोप लगाया है कि मनरेगा लोकपाल द्वारा चीनो पहुंचकर पंचायत भवन में आरोपी मोतीलाल और आरोप लगाने वाले व्यक्ति से केवल बातचीत हुई, जबकि स्थलीय जांच और अन्य रिकॉर्ड की कॉपी की जांच नहीं की गई. आजाद ने लिखा है कि गंभीर आरोप के आरोपित पंचायत सेवक मोतीलाल को वहां (चीनो और चेगडो) से हटाकर जांच करनी चाहिए थी. उन्होंने आगे लिखा है कि बाद में दबाव और समझौते के जरिए रिश्वत लेने-देने की बात को दबाने का प्रयास किया गया, जो दुर्भाग्यपूर्ण है. उनके अनुसार यह आरोपित मोतीलाल और उसकी टीम को बचाने का प्रयास है, क्योंकि उससे स्पष्टीकरण तक नहीं लिया गया और मास्टर रोल वगैरह की कोई जांच नहीं हुई. बल्कि, उन्हें ही पत्र लिखकर उपस्थित होने और जवाब देने को कहा गया, जो दुर्भाग्यपूर्ण है. आजाद ने बताया कि इसके बावजूद उन्होंने पत्र लिखकर अगली तिथि निर्धारण की बात कही थी, जिसे लोकपाल मनरेगा ने स्वीकार किया था. लेकिन, अब तक उन्हें न तो जांच रिपोर्ट से, न ही आरोपित मोतीलाल द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण और जवाब से और न ही किसी प्रकार की जांच रिपोर्ट से अवगत कराया गया है.

### डीएवी स्पोर्ट्स मीट एथलेटिक्स का समापन

**बोकारो (शुभम संदेश)।** डीएवी सेक्टर-4 में आयोजित डीएवी स्पोर्ट्स मीट क्लस्टर-6 एथलेटिक्स का बुधवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया. इस दो दिवसीय आयोजन में विभिन्न आयु वर्गों में ट्रैक और फील्ड इवेंट्स हुए. समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल के महत्व और जीवन मूल्यों पर जोर दिया. उन्होंने बच्चों को पॉक्सो एक्ट, ट्रैफिक नियमों और साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया. सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया. विद्यालय के प्राचार्य एस.के. मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं और उम्मीद जताई कि वे राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी जगह बनाएंगे. उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी और वी. सिंह के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया. ए.के. सिंह (जीएम, एल एंड आर, टाउन एंड एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट, बीएसएल) ने कहा कि खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है. खेल परिणामों में, ओवरऑल चैंपियनशिप लड़कों और लड़कियों दोनों वर्गों में डीएवी सेक्टर-4 ने जीती. डीएवी सेक्टर-4 ने लड़कों में 475 पॉइंट और लड़कियों में 328 पॉइंट के साथ खिताब अपने नाम किया.

### पूर्व विधायक ने 'चाय पर चर्चा' कर सुनी जनसमस्याएं

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ के पूर्व विधायक केदार हाजरा ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान जमुआ चौक पर दर्जनों समर्थकों और पार्टी नेताओं के साथ चाय पर चर्चा की. इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की जनसमस्याओं पर विस्तार से बातचीत की. क्षेत्र के लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया और उनके शीघ्र समाधान का आग्रह किया. मौके पर पूर्व विधायक केदार हाजरा ने कहा कि जमुआ और देवरी प्रखंड के दर्जनों राजस्व ग्रामों में ठनका गिरने और तकनीकी खराबी के कारण ट्रांसफार्मर जल गए हैं, जिससे भीषण गर्मी में आमलोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने बताया कि लोगों की समस्याओं को देखते हुए संबंधित विभाग से संपर्क कर कई गांवों में ट्रांसफार्मर लगवाए गए हैं. उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रखंड के चरघरा, निमापहरी, बसकुपाय, धानोटांड, चतरो सहित विधानसभा क्षेत्र के कई अन्य गांवों में दो से चार दिनों के अंदर ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे. इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत राम, पूर्व अध्यक्ष चीना खान, विधायक के पूर्व प्रतिनिधि बैजू यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

### परीक्षित चोपड़ा ने बच्चों संग मनाया जन्मदिन

**बोकारो (शुभम संदेश)।** रोटरी क्लब चास के सदस्यों ने सहयोग विलेज के बच्चों के साथ परीक्षित चोपड़ा का जन्मदिन मनाकर खुशियां बांटीं. इस अवसर पर रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर ने बताया कि रोटरी ने बेसहारा बच्चों के साथ खुशियाँ बाँटने का प्रयास किया है, ताकि वे भी समाज की मुख्यधारा का हिस्सा महसूस करें. कार्यक्रम की संयोजक ललिता चोपड़ा ने कहा कि समाज के वंचित वर्ग के साथ विशेष दिन मनाने से वह दिन उत्सव बन जाता है और उसका महत्व भी बढ़ जाता है. रोटरी क्लब चास के सदस्यों ने पालक गृह के बच्चों के साथ जन्मदिन का केक काटा और बच्चों के बीच बिस्कुट के पैकेट व चॉकलेट भी वितरित किए. बेसहारा बच्चों ने इस दौरान काफी खुशी जाहिर की. रोटरी क्लब चास के निवर्तमान अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि पालक गृह के बच्चों के साथ जन्मदिन मनाकर रोटरी ने समाज को एक बड़ा संदेश देने का प्रयास किया है.

### महिला समिति ने छात्रों में बांटे लैपटॉप

**बोकारो (शुभम संदेश)।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटी टेक्निकल कैंपस (एनएएसी-बी++ ग्रेड प्रत्यायित), इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज में बोकारो की 'फर्स्ट लेडी' और महिला समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने कॉलेज छात्रों के बीच लैपटॉप का वितरण किया. कॉलेज के निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने अध्यक्ष एवं उप-अध्यक्ष अलका मानवती व देवजानी मिश्रा, सचिव श्रृचा प्रियदर्शनी और अन्य सदस्यों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया. निदेशक ने अतिथियों को कॉलेज के बारे में विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया. लैपटॉप वितरण कार्यक्रम के लाभार्थी छात्रों की चयन प्रक्रिया और उसकी पारदर्शिता के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि यह महिला समिति की पहल होने के कारण महिला लाभार्थियों को वरीयता दी गई है, जिसमें तीन छात्राओं और एक छात्र को लाभार्थी के रूप में चुना गया है. अध्यक्षा अनीता तिवारी ने अपने भाषण में महिला समिति के उद्देश्यों और गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि समिति कमजोर वर्ग की महिलाओं को रोजगार प्रदान करती है और दो स्कूल भी चलाती है.

# बोकारो में स्नेह मिलन सह चौपाई गायन प्रतियोगिता

शुभम संदेश। बोकारो

बी.एस.एल. झोपड़ी कॉलोनी स्थित संस्कार केंद्र गुरु वशिष्ठ शिशु सृजन वाटिका में स्नेह-मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर संस्था की प्रदेश महासचिव साध्वी झा ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि स्नेह-मिलन समाज को जोड़ने और जोड़े रखने में एक सक्षम कड़ी है. उन्होंने संस्था के माध्यम से संगठित समाज और उसके क्रियाकलापों को उल्लेखनीय बताया. संकल्प सृजन बोकारो द्वारा संचालित संस्कार केंद्रों में दो अलग-अलग स्थानों पर स्नेह-मिलन का आयोजन किया गया था.

**माता मनोरमा शिशु सृजन वाटिका में कार्यक्रम**

माता मनोरमा शिशु सृजन वाटिका का स्नेह-मिलन सोनाटांड स्थित कार्यालय में डॉ. बी.बी. कश्यप और उनके दोनों पुत्रों विशाल कश्यप व विनय कश्यप द्वारा आयोजित किया गया. स्मृतिशेष मनोरमा कश्यप की पुण्यतिथि पर बच्चों के बीच दोहा, मंत्र, चौपाई गायन प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण किया गया. साथ ही, बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए फल, मिठाई और चॉकलेट भेंट किए गए. विनय कश्यप और विशाल कश्यप ने बच्चों को अच्छे से पढ़ने और एक अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित किया.

**गुरु वशिष्ठ शिशु सृजन वाटिका में प्रतिभा सम्मान**

गुरु वशिष्ठ शिशु सृजन वाटिका, झोपड़ी कॉलोनी में निशा झा व राज कृष्ण राज की ओर से पुत्र सर्वेश झा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्नेह मिलन सह प्रतिभा सम्मान का आयोजन कराया गया. बच्चों के बीच श्रीरामचरितमानस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और 'मेरा लक्ष्य' विषय पर मंतव्य प्रकट प्रतियोगिता के माध्यम से उनका उत्साहवर्द्धन किया गया. बच्चों के बीच दूध, फल, मिठाई और पठन-पाठन सामग्री का वितरण भी किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्यभामा देवी, सुलेखा देवी, रिंकू देवी, निर्मला देवी, आंचल कुमारी, मनीषा देवी, प्रिया, सरिता, बबीता सहित स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# मौत के बाद नहीं मिली एम्बुलेंस खाट पर गांव ले जाना पड़ा शव



शुभम संदेश। साहिबगंज

झारखंड में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था का मामला एक बार फिर मीडिया की सुर्खियों में है। इस बार साहिबगंज जिले से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहाँ सिस्टम की लापरवाही के कारण एक मरीज की मौत के बाद शव को एम्बुलेंस तक नसीब नहीं हुआ। ताजा मामला बोरियो प्रखंड के लदौनी पहाड़ गांव का है। मंगलवार को लदौनी पहाड़ गाँव निवासी कजरा पहाड़िया की 18 वर्षीय पुत्री बदरी पहाड़िन ने किसी कारणवश कीटनाशक दवा खा ली थी, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन उसे साहिबगंज सदर अस्पताल ले गए, जहाँ इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने एम्बुलेंस का इंतजार किया, लेकिन उन्हें एम्बुलेंस नहीं मिल पाई। अस्पताल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक के परिजनों ने एम्बुलेंस के लिए कई बार कॉल किए, लेकिन कोई एम्बुलेंस नहीं आई। घंटों इंतजार के बाद परिजन परेशान और बेबस होकर बदरी पहाड़िन के शव को चारपाई (खाट) पर ही घर ले जाने को विवश हो गए। परिजनों ने खाट को डोली बनाकर करीब 8 से 10 किलोमीटर की दूरी तय कर सदर अस्पताल से अपने घर तक पहुंचे। मृतका के चाचा ने बताया कि बदरी पहाड़िन ने खेत में छिड़कने वाली कोई दवा खा ली थी, जिसके कारण उसकी हालत गंभीर हो गई थी और मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को ले जाने के लिए कई बार फोन किए, लेकिन एम्बुलेंस नहीं मिला। इस मामले में जिले के सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने बताया कि मृतक की मौत के बाद परिजनों को शव ले जाने के लिए एम्बुलेंस नहीं मिला, ऐसा नहीं होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि किसकी लापरवाही है, मैं देखता हूँ।

# पिछड़ा वर्ग आयोग ने की विभिन्न मामलों की समीक्षा

## जाति और आवासीय प्रमाण पत्र के लंबित मामलों की ली जानकारी

खास बात

- दाखिल खारिज के मामलों को बेवजह रिजेक्ट नहीं करने का दिया आदेश



शुभम संदेश। बोकारो

बुधवार को बोकारो परिसदन सभागार में झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में तथा आयोग के सदस्य नरेश वर्मा, लक्ष्मण यादव और नंद किशोर मेहता की उपस्थिति में पिछड़े वर्ग से संबंधित विभिन्न मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई. समीक्षा के बाद अध्यक्ष ने बताया कि टीम बोकारो में पिछड़े वर्गों की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्थिति का अध्ययन करने आई है. बैठक के दौरान टीम ने जिले में संपन्न डोर-टू-डोर सर्वे, कार्यालय में आउटसोर्सिंग के माध्यम से हुई नियुक्ति में आरक्षण के लाभ व प्रावधान की स्थिति और पिछड़ा वर्ग के नागरिकों के जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों की जानकारी ली. इसके साथ ही, टीम ने प्राकृतिक आपदा से होने वाली मृत्यु में पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों को दिए गए मुआवजे, नॉन-क्रीमी लेयर (एनसीएल) प्रमाण पत्र के लंबित आवेदन, शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में नामांकन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में पिछड़ा वर्ग के लाभुकों की संख्या, मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में पिछड़े वर्गों के लाभुकों सहित अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की. अध्यक्ष व सदस्यों ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पढ़ने-लिखने वाले बच्चों/नौकरी आदि के लिए सही समय पर प्रमाण पत्र मिल जाएँ, इसे अधिकारी सुनिश्चित करेंगे. भूमि के दाखिल-खारिज के मामलों को बेवजह रिजेक्ट नहीं करने को कहा गया. यदि दस्तावेज में कोई कमी है तो उसे पेंडिंग रखकर दस्तावेज उपलब्ध कराने को भू-मालिक को सूचित करें और सब कुछ ठीक होने पर दाखिल-खारिज की प्रक्रिया को पूरा करें. इसके साथ ही, कल्याण व शिक्षा विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के साइकिल वितरण का कार्य विद्यालय स्तर पर आयोजित करने को भी कहा गया. बैठक में डीपीएलआर मेनका, अपर नगर आयुक्त चास संजीव कुमार, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा, जिला कल्याण पदाधिकारी एन.एस. कुजूर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), सभी अंचलों के अंचलाधिकारी व अन्य उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### डीआरएम ने बाल-संवाद में बताए कॅरियर के विकल्प

**धनबाद।** मंडल सभागार में मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र की उपस्थिति में सेंट जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल, धनबाद एवं किड्स गार्डन, झरिया के स्कूली बच्चों के साथ बाल-संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मंडल रेल प्रबंधक द्वारा बच्चों का स्वागत कर उन्हें रेलवे प्रणाली एवं कॅरियर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया. कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मंडल रेल प्रबंधक से रेलवे में कैरियर की संभावनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की. उनके शैक्षणिक अनुभवों एवं कैरियर यात्रा को लेकर भी संवाद किया. इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने संक्षिप्त पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से धनबाद मंडल में रेलवे से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं. बच्चों ने रेल परिचालन एवं संरचना के विषय में व्यावहारिक ज्ञान किया. इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार, स्कूली बच्चों के शिक्षकगण एवं मंडल के कर्मचारीगण उपस्थित थे. उक्त जानकारी वरीय जनसंपर्क अधिकारी मोहम्मद इकबाल ने दी.

### विधायक ने लगवाया 200 केवी का ट्रांसफार्मर

**मधुबन।** फुलारीटांड पंचायत के नावागढ़ में एक सप्ताह के बाद बुधवार की शाम बिजली बहाल होने से बिजली की समस्या से ग्रामीणों को राहत मिली. 200 केवी का ट्रांसफार्मर का उद्घाटन बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, पूर्व मुखिया दिलीप कुमार विश्वकर्मा व विजडम एजुकेशन के निदेशक बी रजक ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया. बताया जाता है कि उक्त स्थान में 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था जो एक सप्ताह पूर्व जल गया था. विभाग द्वारा छः दिन के बाद 100 केवी का ही दूसरा ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया था जो चार्ज में लगते ही उड़ गया. ग्रामीणों ने बिजली विभाग की इस रवैये को लेकर पंचायत के फुलारीटांड मुखिया प्रतिनिधी दिलीप कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में बाघमारा विधायक की आवास चिटाही पहुँचकर बिजली की समस्या बतायी. त्वरित कार्रवाई करते हुए विधायक से विभाग को 100 केवी बदले 200 केवी का ट्रांसफार्मर जल्द उपलब्ध करने की मांग की थी.

**राष्ट्रपति का आगमन**

# डीसी ने किया एयरपोर्ट से लेकर आईएसएम तक का निरीक्षण

## डीसी और एसएसपी समेत पदाधिकारियों ने देखी पूरी व्यवस्था, कई दिशा निर्देश



शुभम संदेश। धनबाद

उपायुक्त आदित्य रंजन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगामी 1 अगस्त 2025 को आईआईटी आईएसएम में निर्धारित कार्यक्रम को लेकर एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक रूट का बारीकी से निरीक्षण किया. उपायुक्त ने एयरपोर्ट से निरीक्षण आरंभ किया. इसके बाद धैया, बरटांड, सिटी सेंटर चौक, लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद सदर सीएचसी, रणधीर वर्मा चौक, जिला परिषद रोड, पुलिस लाइन होते आईआईटी आईएसएम पहुंचे. आईआईटी आईएसएम में उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया. इसके बाद पुनः वहां से धनबाद एयरपोर्ट तक वापसी रूट का भी बारीकी से निरीक्षण किया. वहीं आईआईटी आईएसएम में उन्होंने कार्यक्रम स्थल, प्रेसिडेंट सुइट, राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य अतिथियों के लिए निर्धारित आवासन, ग्रीन रूम, सेफ हाउस, वीआईपी पार्किंग के अलावा राष्ट्रपति के मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार हर वस्तु का निरीक्षण किया. निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने कहा कि सभी एजेंसियों को युद्ध स्तर पर काम करने का निर्देश दिया है. कार्यक्रम को लेकर सभी मोर्चे पर जोर-शोर से काम जारी है. आईआईटी आईएसएम भी अपनी ओर से सभी तैयारियां अच्छे से कर रही है. वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि राष्ट्रपति के निर्धारित रूट पर सुरक्षा के एक-एक बिंदु का जायजा लिया गया है. रूट पर आने वाले सभी कट, रोड जंक्शन, हाई राइज बिल्डिंग, वैसे घर जिनके दरवाजे सड़क पर खुलते हैं, की सूची बनाकर वहां मजिस्ट्रेट एवं पुलिस फोर्स की प्रतिनियुक्ति की जाएगी. इस दौरान उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने धनबाद एयरपोर्ट में चल रही तैयारियों का भी जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए. निरीक्षण में उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, आईआईटी आईएसएम के रजिस्ट्रार प्रबोध पांडेय, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीएसपी मुख्यालय 1 श्री शंकर कामती, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, धनबाद थाना के इंस्पेक्टर राम नारायण ठाकुर, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, सिटी मैनेजर सुमित तिग्गा, धनबाद अंचल के अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता चंदन कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी श्री नारायण राम, बीएन सहदेव, एनडीसी दिपक कुमार दुबे के अलावा अन्य प्रशासनिक तथा पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे.

### सरायढेला में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

धनबाद । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है. नगर निगम भी शहर भर मं अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी है. लगातार तीसरे दिन भी निगम ने शहर के सरायढेला इलाके में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया, इससे पूर्व दो दिन और भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाया गया. वहीं बुधवार को भी लगातार तीसरे दिन आईआईटी-आइएसएम से स्टील गेट तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया. सड़क किनारे अतिक्रमित दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया.

# साक्षरता प्रेरकों का धरना राज भवन घेराव की चेतावनी

शुभम संदेश। धनबाद



पंचायत साक्षरता प्रेरक संघ धनबाद के बैनर तले बुधवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया. यह प्रदर्शन 2018 में बंद की गई साक्षरता योजना को दोबारा शुरू करने और पूर्व प्रेरकों की पुनर्बहाली की मांग को लेकर किया गया. प्रदर्शन में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए सैंकड़ों साक्षरता प्रेरकों ने हिस्सा लिया. संघ के सचिव महफूज आलम ने कहा कि वे सभी प्रेरक 1994 से राज्य सरकार की साक्षरता योजना के तहत शिक्षा केंद्रों में कार्यरत थे. उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में वयस्कों और निरक्षरों को पढ़ाने का काम किया. उनका मानदेय बहुत कम था, फिर भी वे पूरी निष्ठा से काम करते रहे. लेकिन 2018 में अचानक बिना किसी नोटिस के योजना को बंद कर दिया गया और सभी प्रेरकों को कार्यमुक्त कर दिया गया. महफूज आलम ने बताया कि सरकार ने 2018 के बाद एक नई योजना लाने की बात कही थी, लेकिन वह योजना आज तक धरातल पर नहीं उतर सकी. सिर्फ कागजों में योजनाएं बनाई गईं, जिससे हजारों प्रेरकों का भविष्य अधर में लटक गया. प्रेरकों का कहना है कि जिस तरह सरकार अन्य योजनाओं के तहत सेवाएं देने वाले कर्मियों को नियमित या मानदेय पर बहाल कर रही है, उसी तरह साक्षरता प्रेरकों को भी पुनः बहाल किया जाए या किसी अन्य योजना में समायोजित किया जाए. संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी मांगों पर जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाती है, तो वे 4 अगस्त को राजभवन का घेराव करेंगे. साथ ही चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा.

### डीपीएम के खिलाफ सिविल सर्जन से शिकायत

शुभम संदेश। धनबाद

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में काम कर रहे जिला कार्यक्रम सहायक (डीपीए) लालदेव रजक ने अपने सीनियर अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं. रजक का कहना है कि जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) नीरज यादव बीते कई महीनों से उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं. लालदेव रजक ने इस बारे में एक शिकायत पत्र सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा को सौंपा है. उन्होंने आरोप लगाया कि डीपीएम नीरज यादव उन पर झूठे आरोप लगाते हैं, अपशब्द कहते हैं, जबरदस्ती फाइलों पर साइन कराते हैं और अनुचित कामों का दबाव बनाते हैं. इसके अलावा, सार्वजनिक रूप से अपमान और दूर-दराज ट्रांसफर की धमकी भी दी जाती है. रजक ने बताया कि यह सब तब शुरू हुआ जब उन्होंने सर्वाइकल कैंसर की जांच में इस्तेमाल होने वाली वीआईए किट्स की खरीद में गड़बड़ी पर सवाल उठाए थे. उनका दावा है कि किट्स में जरूरी सामान नहीं था और खरीद मंजूरी के बिना की गई थी. सिविल सर्जन ने कहा कि उन्हें शिकायत मिली है और जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी.

### बेलगड़िया टाउनशिप के निवासियों की आजीविका के लिए डीसी की पहल

शुभम संदेश। धनबाद



उपायुक्त आदित्य रंजन द्वारा बेलगड़िया टाउनशिप में विस्थापित लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु सहायक निबंध सहयोग समितियां, धनबाद से निर्गत दो सहयोग समितियों का निबंधन प्रमाण पत्र वितरण समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में किया गया. बेलगड़िया टाउनशिप मत्स्य जीवी सहयोग समिति लिमिटेड एवं बेलगड़िया ई रिक्शा सहयोग समिति लिमिटेड को निबंधन प्रमाण पत्र उपायुक्त ने सौंपा. उपायुक्त ने कहा कि एक और जहां बेलगड़िया टाउनशिप के स्थानीय लोगों को वहां अवस्थित तालाबों में मत्स्य पालन कर समिति सदस्य को स्वरोजगार की प्राप्ति होगी. वहीं दूसरी ओर बेलगड़िया ई रिक्शा की समिति के माध्यम से इलेक्ट्रिक टोटो से बेलगड़िया टाउनशिप क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध हो सकेगा. मौके पर सहायक निबंधक, सहयोग समितियां डब्लू कुमार साव, सहायक नगर आयुक्त प्रसुन्न कौशिक, जेआरडीए के पदाधिकारी, बीसीसीएल के पदाधिकारी एवं दोनों सहकारी समितियां के सदस्य मौजूद रहे.

### टिकट चेकिंग कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा प्रमाण पत्र

शुभम संदेश। धनबाद



मंडल रेल प्रबंधक के दिशा-निर्देश में धनबाद मंडल में निरंतर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है, तथा टिकट चेकिंग कर्मियों को प्रोत्साहित करने हेतु समय-समय पर प्रोत्साहित भी किया जाता है. इसी क्रम में बुधवार को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद मोहम्मद इकबाल द्वारा मंडल के टिकट जांच विभाग के शीर्ष 10 टिकट चेकिंग कर्मियों को अप्रैल 2025 से जून 2025 माह के दौरान उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु उत्कृष्ट सेवा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया. इन टिकट चेकिंग कर्मियों ने अप्रैल से जून 2025 की तिमाही में अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए रेलवे के लिए सर्वाधिक राजस्व अर्जित की है. इस अवधि में शीर्ष 10 कर्मियों द्वारा 8045 यात्रियों को अनियमित यात्रा करते हुए पकड़ा गया, जिनमें बिना टिकट यात्रा करने वाले, बिना उचित प्राधिकार यात्रा करने वाले तथा बिना बुक किए गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्री शामिल थे. इस दौरान 46,04,212/- रूपए का राजस्व रेलवे को प्राप्त हुआ. इनमें भरत कुमार और कैलाश यादव का कार्य सराहनीय रहा.

### बाइक सवार अपराधियों ने दो महिलाओं से छीनी चेन

- लुबी सर्कुलर रोड में मॉर्निंग वॉक के दौरान महिला को बनाया शिकार
- हीरापुर में शाम को घर जा रही महिला की झपट ली चेन

शुभम संदेश। धनबाद

करकेंद में बाइक सवार अपराधियों ने मंगलवार को एक वृद्धा के गले से चेन झपटा था. दूसरे दिन ही धनबाद शहर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत लुबी सर्कुलर रोड में वारदात को अंजाम दिया गया है. मॉर्निंग वॉक कर घर लौट रही महिला से बाइक सवार अपराधियों ने गले से चेन छीनकर फरार हो गए. घटना के संबंध में बताया जाता है कि ज्ञानती देवी रोज की तरह गोल्फ ग्राउंड की तरफ से मॉर्निंग वॉक कर घर जा रही थी. इसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने महिला के गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए. दूसरी घटना जेसी मल्लिक हीरापुर में बुधवार की शाम हुई. बाइक सवार अपराधियों ने महिला के गले से सोने का चेन छीन लिया. जिसके बाद महिला ने हो-हल्ला किया. परंतु बाइक सवार अपराधी मौके पर से फरार होने में कामयाब रहे. जेसी मल्लिक स्थित खुशबू रेस्टोरेंट के समीप धुर्वी राज अपने घर जा रही थी. इसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने मौका पाकर महिला से गले से सोने का चेन छीनकर फरार हो गए.

## आसनसोल

# बीएमएस ने मनाया 70वां स्थापना दिवस

## भामसं का शून्य से शिखर तक का सफर नि:स्वार्थ सेवाभाव का परिणाम : विप्लव राय

शुभम संदेश। सांकतोड़िया




आसनसोल नगरनिगम के 105 नंबर वार्ड के किलबर्न पूर्वांचल कम्युनिटी सेंटर में बुधवार को भारतीय मजदूर संघ का 70वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत संगठन के झंडोत्तोलन कर किया. वरिष्ठ नेताओं ने संयुक्त रूप से मंगलदीप जलाए. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दक्षिण बंग आरएसएस के प्रचारक विप्लव राय के साथ विधायक डॉ अजय पोद्दार, पूर्व मेयर जितेन्द्र तिवारी, पूर्व पार्षद अभिजीत आचार्य, बीएमएस के वरिष्ठ नेता जयनाथ चौबे, खान श्रमिक कांग्रेस के अध्यक्ष विनोद सिंह, महामंत्री मृत्युंजय कुमार सिंह, दयाचंद नोनिया,धनंजय पांडेय, महेंद्र गुप्ता, मुकेश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे. अपने संबोधन में विप्लव राय ने कहा कि श्रमिक संगठनों का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है. उनमें भारतीय मजदूर संघ ने शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है. पूरे विश्व के अग्रणी संगठन बन बैठा है. यह सब कार्यकर्ताओं के कड़ी मेहनत का परिणाम है. उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि संघ के एक-एक समर्पित निष्ठावान कार्यकर्ताओं के निस्वार्थ सेवा भाव का परिणाम है. 23 जुलाई 1955 को प्रसिद्ध श्रमिक नेता स्व. दत्तोपंत ठेंगड़ी के नेतृत्व में भामसं की नींव रखी गई थी. वर्ष 1989 का दौर भारतीय मजदूर संघ के लिए अविस्मरणीय रहा. वर्ष 1955 से 1989 तक महज 34 वर्षों में ही सभी केंद्रीय श्रम संगठनों को पीछे छोड़ते हुए अपने काम के बल पर पहली बार भारतीय मजदूर संघ देश का नंबर एक श्रमिक संगठन बन गया. किसी राजनीतिक पार्टी से जुड़े नहीं रहने के बावजूद हमेशा स्वदेशी विचारधारा को अपनाया. साथ ही राष्ट्र, उद्योग और मजदूर हित को सर्वोपरि मानकर जो अपना सफर शुरू किया तो फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा. एटक देश का सबसे पुराना श्रमिक संगठन है. 31 अक्टूबर 1920 को इसका गठन हुआ. इसके बाद 3 मई 1947 को इंटक, 29 दिसंबर 1948 को एचएमएस तथा 30 अप्रैल 1949 को यूटीयूसी का गठन हुआ. उन्होंने कहा कि इन तमाम स्थापित केंद्रीय श्रमिक संगठनों के कई वर्षों बाद प्रभाव में आए भारतीय मजदूर संघ ने अपनी स्पष्ट नीति के कारण ही लोगों के बीच जगह बनाई. जयनाथ चौबे ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ ने नारा दिया कि देश के हित में करेंगे काम, काम के लेंगे पूरे दाम, जबकि अन्य संगठनों के मजदूरों को नारा दिया जाता था कि हमारी मांगे पूरी हो चाहे जो मजबूरी हो. आगे जाकर उन्ही श्रमिक संगठनों ने कहा कि रघुपति राघव राजा राम, आधा काम और पूरा दाम. इनसे हटकर हमने राष्ट्रीयता को सर्वोपरि रखा.

# कालाझरिया पीएचई का पाइप लाइन ब्रिज टूटकर दामोदर में गिरा

- पंप हाउस का पाइप लाइन ब्रिज टूटने से 52 गांवों में जलापूर्ति प्रभावित

शुभम संदेश। बर्नपुर



बुधवार को बर्नपुर के कालाझरिया स्थित पीएचई पंप हाउस का एक पाइप लाइन ब्रिज अचानक टूट कर नदी में समा गया. इस घटना में ब्रिज के दूसरी तरफ मौजूद एक कर्मी गौतम माझी फंस गया. घटना की जानकारी मिलते ही पंप हाउस में काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जुट गई. इस घटना का मुख्य कारण दामोदर नदी से बालू खनन को बताया जा रहा है. वहीं सूचना पाकर पहुंचे भाजपा प्रदेश सदस्य कृष्णेंदु मुखर्जी ने ब्रिज की दूसरी तरफ फंसे कर्मी को सकुशल निकालने की मांग की. साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि अवैध बालू खनन के कारण दामोदर नदी की हालत बदतर हो गई है. साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि कटमनी की लालसा एवं देखरेख के अभाव के कारण यह घटना घटी है. हीरापुर थाना पुलिस एवं रेस्क्यू टीम की सहायता से टूटे पाइप लाइन ब्रिज के दूसरे तरफ फंसे कर्मी को कड़ी मशक्कत के बाद सकुशल बोट द्वारा बाहर निकाल लिया गया. गौरतलब है कि काला झरिया में पीएचई का पंप हाउस वर्षों से पुराना है, वहां राइजिंग मेन पाइपलाइन लाने के लिए लोहे का पुल बना हुआ था.पुल बीच से ही टूटकर नदी में जा गिरा, नदी में जलस्तर भी काफी है. पुल के साथ मेन लाइन भी टूट गया. इस घटना ने प्रशासन और नगर की चिंता बढ़ा दी है, इसके साथ ही नगर निगम पर भी दबाव बढ़ जायेगा. **भाजपा विधायक अग्निमित्रा ने बताया मैन मेड डिजास्टर :** सूचना पाकर स्थानीय भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल भी पंप हाउस पहुंच स्थिति का जायजा लिया. पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि भगवान की कृपा से कोई बड़ी दुर्घटना नहीं घटी. उन्होंने कहा कि यह मैन मेड डिजास्टर है. नदी से अवैध रूप से बालू निकाल लिए जाने के कारण ब्रिज के खंभों की हालत खराब हो गई है. उन्होंने आरोप लगाया कि मेंटेनेंस के अभाव के कारण यह दुर्घटना घटी है.

ईसीएल और एडीडीए का सख्त फैसला

# रानीगंज में अब नहीं होगा कोई नया निर्माण

शुभम संदेश। रानीगंज

रानीगंज शहर में कोयला खदानों के 300 मीटर के दायरे में अब किसी भी प्रकार का नया निर्माण कार्य नहीं होगा. यह स्पष्ट आदेश आसनसोल-दुर्गापुर विकास प्राधिकरण (एडीडीए) की ओर से जारी किया गया है. नतीजतन, पूरा रानीगंज शहर इस प्रतिबंध के दायरे में आ गया है. इस निर्णय का विरोध करते हुए रानीगंज बचाओ मंच संगठन ने मोर्चा खोल दिया है. मंच में कुल 25 संगठनों को जोड़ा गया है. मंच ने निर्माण पर रोक हटाने की मांग करते हुए एडीडीए, आसनसोल नगर निगम, जिलाधिकारी, केंद्रीय कोयला मंत्री, और ईसीएल को ज्ञापन सौंपा है. लेकिन इसके जवाब में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के मुख्यालय के सिविल विभाग के महाप्रबंधक ने मंच के संयोजक को पत्र में लिखा है कि राज्य और केंद्र सरकार की कई समितियों ने इस इलाके को धसाव और भूमिगत आग के खतरे के कारण अत्यंत खतरनाक क्षेत्र घोषित किया है. इसी वजह से कोई भी नया निर्माण कार्य मंजूर नहीं किया जा रहा है. **मंच का आरोप-निर्णय एकतरफा :** इस पत्र के हवाले से मंच के संयोजक और रानीगंज नगर निगम के पूर्व चेयरमैन गौतम घटक ने कहा कि यह निर्णय एकतरफा है. रानीगंज के रोनाई और कुमारबाजार क्षेत्र को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में कम से कम एक या दो मंजिला मकान निर्माण की अनुमति दी जा सकती है. करीब दो सप्ताह पहले रानीगंज के विधायक तपस बंदोपाध्याय, पांडवेश्वर के विधायक नरेंद्रनाथ चक्रवर्ती और जमुरिया के विधायक हरेराम सिंह ने इस बारे में नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर निवेदन किया था.


### झालदा ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण पदक



**पुरुलिया।** बराकर अग्रसेन भवन में 19-20 जुलाई को आयोजित ओपन स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में झालदा ने शानदार सफलता हासिल की. पुरुलिया का प्रतिनिधित्व करते हुए झालदा मानभूम ताइक्वांडो अकादमी के 15 प्रतियोगियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया. अकादमी के अध्यक्ष शरत कांदू, सचिव अनूप रजक, कोषाध्यक्ष सुकुमार पांडे ने बताया कि प्रतिभागियों ने बहादुरी से प्रतिस्पर्धा की. अकादमी के कोच रेहाल चंद्रा ने बताया कि इन 15 प्रतियोगियों में से 9 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक जीतकर झालदा लौटे हैं. प्रतियोगियों की इस अविश्वसनीय सफलता से पूरा झालदा खुश है. कोच के शब्दों में इस बार लक्ष्य ओलंपिक मंच है.

# चोरी गई एक बाइक की तलाश में पुलिस ने बरामद की पांच बाइक

शुभम संदेश। रानीगंज



चोरी की एक बाइक की तलाश में निकली रानीगंज पुलिस ने पूरे पांच चोरी की बाइकें बरामद कीं. यह सफलता पुलिस को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मिली. बाइक चोरी की शिकायत के बाद रानीगंज थाने की पुलिस ने लगातार अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर दो चोरों को गिरफ्तार किया. पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर पुलिस ने पांच बाइकें बरामद कीं. घटना के संबंध में बताया गया कि 10 जुलाई को रानीगंज के शिशु बागान इलाके से प्रसेनजीत रुझ नामक एक व्यक्ति की ग्लैमर बाइक चोरी हो गई थी. इसके बाद 17 जुलाई को रानीगंज के पंजाबी फाड़ी क्षेत्र अंतर्गत सियारसोल राजबाड़ी मोड़ स्थित एसबीआई एटीएम के सामने से शांतनु मुखर्जी की एक अन्य ग्लैमर बाइक चोरी हो गई. इन दोनों घटनाओं की शिकायत रानीगंज थाने में दर्ज कराई गई. तत्काल कार्रवाई करते हुए रानीगंज थाने के सब-इंस्पेक्टर प्रीतम पाल और परवेज़ आलम के नेतृत्व में पीसी पार्टी ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की. फुटेज के माध्यम से पुलिस ने झारखंड के धनबाद जिले के निरसा थाना क्षेत्र के मोगमा इलाके के कांचनडिह निवासी 21 वर्षीय फैजान अंसारी को पहचाना. पुलिस ने उसे रानीगंज के ही नवीनगर निवासी एमडी राजन के साथ शहर में घूमते हुए ट्रैक किया और गिरफ्तार कर लिया. उनके पास से बरामद बाइक भी गिरीडीह क्षेत्र से चोरी की गई थी. दोनों आरोपियों को आसनसोल जिला अदालत में पेश किया गया. अदालत ने उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया, जिसके बाद गहन पूछताछ में उनके ठिकानों से और चार बाइकें बरामद की गईं. जांच में खुलासा हुआ कि यह गिरोह उन बाइकों को चुराता था जिनका लॉक सिस्टम कमजोर होता है. चोरी की गई बाइकों को यह पश्चिम बंगाल से बिहार और झारखंड तथा बिहार-झारखंड से पश्चिम बंगाल में भेजते थे. वे बाइकों के नंबर प्लेट बदलकर उन्हें दूसरी जगहों पर चलाते थे. इंस्पेक्टर बिकास दत्ता ने बताया कि बाइक चोरी में लगे नेटवर्क में और कौन लोग शामिल हैं, इसकी भी जांच की जा रही है.

## न्यूज अपडेट

### महात्मा गांधी हाई स्कूल में अव्यवस्था, भड़की विधायक

**बर्नपुर (शुभम संदेश)।** 8 नंबर बस्ती के महात्मा गांधी हाई स्कूल में बुधवार आसनसोल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की विधायक अग्निमित्रा पाल पहुंची. विधायक ने विद्यालय में व्याप्त अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर की. उन्हें पता चला कि स्कूल में कई विषयों के शिक्षक नहीं है, जिस वजह से कई विषय पढ़ाए नहीं जा रहे. विधायक ने कहा कि कुछ महीनों बाद उच्च माध्यमिक की परीक्षा होगी. जबकि विद्यार्थियों के अनुसार पॉलिटिकल साइंस और इकोनॉमिक्स, पूरे सत्र में अभी तक इन दो विषयों की एक भी क्लास नहीं हुई है. ऐसी ही हालत माध्यमिक के विद्यार्थियों की भी है. स्कूल के शौचालय की अवस्था भी बेहद खराब है. सफाई कर्मियों को वेतन नहीं दिए जाने की वजह से तकरीबन डेढ़ साल हो गए स्कूल में सफाई कर्मी नहीं है, जिस वजह से शौचालय साफ नहीं किया जा रहे हैं. विधायक ने कहा कि स्कूल 10.30 बजे शुरू होता है और 4.30 बजे तक चलता है. ऐसे में स्कूल में पढ़ने वाली छात्राएं समस्या का सामना करती हैं.

### चोरी का सोना खरीदने के मामले में दुकानदार गिरफ्तार

**बराकर (शुभम संदेश)।** कोलकाता के पोस्ता थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई 350 ग्राम सोने की चोरी के मामले में जांच कर रही कोलकाता लालबाजार क्राइम ब्रांच की टीम ने बुधवार को बराकर के बैगुनिया मोड़ स्थित गिन्नी ज्वेलर्स पर छापेमारी की. इस दौरान दुकान के मालिक कृष्णा बर्मन को चोरी का सोना खरीदने के आरोप में गिरफ्तार किया गया. सूत्रों के मुताबिक, चोरी के मामले में पहले मध्य प्रदेश निवासी मोहम्मद अख्तर कलाम को गिरफ्तार किया गया था. पूछताछ में अख्तर ने बताया कि उसने चोरी का सोना बराकर के गिन्नी ज्वेलर्स को बेचा था. इसी जानकारी के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम बुधवार दोपहर बराकर पहुंची और बराकर पुलिस की मदद से गिन्नी ज्वेलर्स की तलाशी ली. छानबीन के बाद पुलिस ने कृष्णा बर्मन को गिरफ्तार कर कुल्टी थाना लाया, जहां प्रारंभिक पूछताछ और कागजी प्रक्रिया पूरी की गई. इसके बाद कोलकाता पुलिस उन्हें पूछताछ के लिए कोलकाता ले गई.



## सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से पहले सोचें

**आजकल सोशल मीडिया लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर हावी हो गया है। भारत की बात करें, तो सोशल नेटवर्किंग साइट्स लोगों, खास तौर पर युवाओं के लिए नशे जैसी हो गई हैं। आलम यह है कि बहुत-से लोगों को रोज फेसबुक-ट्विटर देखे बिना नींद ही नहीं आती। दिक्कत यह है कि कई लोग इस भ्रम में होते हैं कि वे सोशल मीडिया पर कुछ भी लिख सकते है, किसी के बारे में कुछ भी विचार व्यक्त कर सकते है. यही सब कुछ चलता है!**

जरा सोचिए, व्यवहारिक दुनिया में आप कितने डिप्लोमैटिक रहते हैं। अपने बॉस या सहकर्मी के बारे में आपके मन में जो विचार आते हैं, क्या वे सभी विचार आप उनके सामने व्यक्त कर सकते है? नहीं ना? तो यह क्यों सोचते हैं कि सोशल मीडिया में आप यह सब कुछ लिख सकते है, जो आपके मन में आए?
सच तो यह है कि सोशल मीडिया पर सक्रियता अगर कुछ हद तक आपकी तरक्की की राह आसान करती है, तो कई बार आपकी गलती से यह सक्रियता तरक्की की राह में रोड़ा भी बन सकती है। सोशल मीडिया पर कुछ भी पोस्ट करने से पहले उसके असर के बारे में जरूर सोच-विचार कर लें। ऐसा कुछ पोस्ट करने का प्रयास करें, जिससे आपका करियर बेहतर होता हो, न कि ऐसा कुछ जिससे आपके करियर की गाड़ी पटरी से उतर जाए।

### तस्वीरों से बचें

फेसबुक या अन्य किसी नेटवर्किंग साइट पर अपनी ऐसी कोई तस्वीर न रखें, जिससे आपकी छवि खराब होती हो। मसलन, अगर कोई टीचर है और शराब पार्टी में शामिल होने की फोटो शेयर करता है, तो इससे उसकी अपने स्टूडेंट्स के बीच छवि खराब हो सकती है।

### प्लेटफॉर्म का ध्यान रखें

यह ध्यान रखें कि किस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कैसी चीज पोस्ट की जा सकती है। उदाहरण के लिए बच्चों की गतिविधि अपनी हॉबी, मंदिर जाने जैसी रोजमर्रा की जानकारी आप फेसबुक पर शेयर कर सकते हैं लेकिन लिंक्डइन जैसी प्रोफेशनल नेटवर्किंग वेबसाइट पर नहीं। लिंक्डइन पर ऐसी पर्सनल जानकारी या तस्वीरें शेयर करनी चाहिए, जिससे प्रोफेशनल तबका प्रभावित हो।

### नकारात्मकता से दूर रहें

आपके सोशल मीडिया अकाउंट पर आपकी प्रोफेशनल या पर्सनल लाइफ के बारे में लोगों के मन में पॉजिटिव इमेज बननी चाहिए। आपकी पोस्ट नकारात्मकता से भरी होगी, तो आपके बारे में अच्छी राय नहीं बनेगी। इस बात पर विचार करें कि आपके पोस्ट से ज्यादा-से-ज्यादा लोग आपसे जुड़ रहे हैं या आपसे दूर होते जा रहे हैं।



## करियर में चार चांद लगा सकती है वॉटर साइंस फील्ड

**वॉटर साइंस यानी जल विज्ञान अपने आपमें साइंस की एक बड़ी शाखा है। इसमें न सिर्फ वॉटर साइकिल को स्टडी किया जाता है, बल्कि रिसर्च करके अलग-अलग जगहों पर पानी से जुड़ी प्रॉब्लम्स को दूर करने के विकल्प तलाशे जाते हैं।**

आज दुनिया का शायद ही ऐसा कोई देश हो, जो पानी से जुड़ी किसी समस्या से ग्रस्त न हो। ऐसे में एक वॉटर साइंटिस्ट के लिए हर जगह संभावनाएं है। यह एक ऐसी फील्ड है, जो आपके करियर में चार चांद लगा सकती है।

### क्या है वॉटर साइंस

वॉटर साइंस पानी की जमीन और भूमिगत प्रॉसेस से रिलेटेड साइंस है। इसमें धरती पर मौजूद पहाड़ो और मिनरल्स के साथ पानी की फिजिकल, केमिकल और बायोलॉजिकल प्रॉसेस और लिविंग ऑर्गेनिज्म्स के साथ इसकी एनालिसिस शामिल है। वॉटर साइंस की स्टडी करने वाले एक्सपर्ट्स ही वॉटर साइंटिस्ट कहलाते हैं। वॉटर साइंस की फील्ड में हाइड्रोमिटिरोलॉजी, भूतल, वॉटर साइंस, हाइड्रोजिओलॉजी, ड्रेनेज बेसिन मैनेजमेंट और जल गुणवत्ता से जुड़े सब्जेक्ट्स आते हैं। इसकी कई ब्रांचेज है, जैसे- केमिकल वॉटर साइंस, इकोलॉजिकल वॉटर साइंस, हाइड्रोइन्फॉरमैटिक्स वॉटर साइंस।

### क्या हैं फ्यूचर प्रॉस्पेक्ट्स?

वॉटर साइंटिस्ट बनकर आप विभिन्न प्रकार के ऑर्गेनाइजेशन्स के लिए काम करके अच्छी सैलरी पा सकते है। सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं में वॉटर साइंटिस्ट को अच्छे पैकेज पर एपॉइंट किया जाता है। इसके अलावा आप काउंसलर के रूप में भी काम कर सकते हैं। जैसे- सिविल इंजीनियरिंग, एन्वायरमेंटल मैनेजमेंट और इवैल्युएशन में सेवाएं उपलब्ध कराना। इसके अलावा आप नई एनालिटिकल टेक्नीक्स के जरिए टीचिंग और रिसर्च भी कर सकते हैं। यूटिलिटी कंपनियां और सार्वजनिक प्राधिकरण के साथ जुड़कर जलापूर्ति और सीवरेज सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।

### कैसी होनी चाहिए स्किल्स?

वॉटर रिसोर्सेज डेवलपमेंट और मैनेजमेंट में करियर बनाने के लिए आपमें पेशेंस, डिटरमिनेशन, विस्तृत और अच्छी एनालिसिस करने की एबिलिटी होनी बहुत जरूरी है। इसके साथ ही टीम वर्क की भावना और एफेक्टिव कम्युनिकेशन इस फील्ड में बने रहने के लिए जरूरी है।

### कौन से कोर्सेज है जरूरी?

देशभर की कई यूनिवर्सिटीज वॉटर साइंस और वॉटर रिसोर्सेज जैसे सब्जेक्ट्स में ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स कराती हैं। वॉटर साइंस में करियर बनाने के लिए आप इस सब्जेक्ट से बीएससी करने के बाद एमएससी और फिर पीएचडी या एमफिल कर सकते हैं।

### कैसा है रेम्युनेरेशन?

अपने करियर की शुरुआत में आप 18-20 हजार रुपए तक कमा सकते है। इस फील्ड में एक्सपीरियंस काफी मायने रखता है।



## खुद के लिए समय निकालें

**क्या आप उन लोगों में से हैं जिनके पास घर, काम, अपने समुदाय की तरह-तरह की जिम्मेदारियों की अच्छी खासी सूची है और आप इसे संतुलित करने की कोशिश में लगे रहते हैं। आपका यह इरादा प्रशंसनीय है कि आप एक साथ कई जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रहे हैं। लेकिन आपको एक अलग अप्रोच के लिए काम करने का तरीका अपनाना चाहिए। यहां कुछ टिप्स दिए जा रहे है जो कि आपके लिए फायदेमंद हो सकते है**

- आपको उन चीजो पर ज्यादा फोकस करना चाहिए जो आपके लिए ज्यादा मायने रखते हों। अगर आप चीजों को आसान बनाना चाहते हैं तो आपके पास एक सिंगल टास्क लिस्ट होनी चाहिए। आपको आपके कैलेंडर में सारी चीजें फीड करना चाहिए और उन्हें प्राथमिकता के हिसाब से पूरा करते रहना चाहिए। इस तरह आपका ध्यान फोकस रहेगा और आप काम में भटकेंगे नहीं। इसका एक कारण यह भी है कि प्राथमिकता तय करने से आप महत्वपूर्ण काम को पहले कर पाएंगे जिससे आप रिलेक्स भी रहेंगे।
- अगर आप सामान्य से कुछ घंटे पहले नींद से उठने की आदत डालेंगे तो आपको पूरे दिन रिलेक्स महसूस होगा। आप एक्सरसाइज कर सकते हैं, पढ़ सकते हैं और शांति से दो पल बैठ सकते हैं। साथ ही जल्दी उठने के हेल्थ बेनिफिट्स भी आपको मिलेंगे। जल्दी उठने वाले प्रोएक्टिव, चीयरफुल और डिप्रेशन से कोसों दूर रहते है।
- आपने अपना सौ प्रतिशत दिया लेकिन आप जिस तरह का रिजल्ट चाहते थे, नहीं आ पाया। ऐसे में निराश होना स्वाभाविक है। अब लोग उसे लेकर ही चिंतन-मनन में लगे रहते हैं और अपनी प्रोडक्टिविटी प्रभावित करते है। आप अपने साथ ईमानदार रहें और चीजों में सौ प्रतिशत देने के बाद उसके परिणाम को लेकर आसक्त न रहें।
- आपके पास पहले से ही खूब काम है और ऊपर से आप ने बेमतलब की जिम्मेदारी और लेकर अपना बर्डन बढ़ा लिया। अगर आप किसी भी काम में ना करने से हिचकिचाते हैं तो यह आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। आपको अपने रूटीन में थोड़ा पर्सनल टाइम चाहिए होता है और उसमें भी आपने कुछ ऐसे टास्क ले लिए तो आपके हाथ निराशा ही हाथ लगेगी। मी टाइम लेकर अपराधबोध मत रखिए। यह आपके लिए बहुत जरूरी है।




**इंटरनेशनल ब्यूटी कॉन्टेस्ट्स हो या हाई प्रोफाइल विदेशी हस्तियो की यात्रा, ऐसे इवेंट्स को सफल बनाने में एक लिंग्विस्ट की बड़ी भूमिका होती है। लिंग्विस्ट यानी वह लैंग्वेज प्रोफेशनल, जिसकी एक से ज्यादा भाषाओं पर मजबूत पकड़ हो। अगर आपको भी नई भाषाएं सीखने और उनमें निपुणता हासिल करने में दिलचस्पी है, तो आप बन सकते हैं बेहतरीन लिंग्विस्ट।**

## लिंग्विस्ट के फील्ड में अवसरों की कमी नहीं

भाषा के क्षेत्र में करियर जितना अलग है, उतना ही रोचक भी। एक से ज्यादा भाषाओं की जानकारी आपको न सिर्फ दूसरे देशों और संस्कृति से जोड़ती है, बल्कि कई फील्ड्स में करियर के रास्ते भी खोलती है। आज भाषाओं के क्षेत्र में बेहतरीन प्रोफेशनल्स की काफी डिमांड है। हॉस्पिटल्स हो या बैंक्स, जांच एजेंसियां हो या पब्लिशिंग हाउसेज, हर उद्योग में लिंग्विस्ट के लिए काफी स्कोप है। अगर आपको भी भाषाओं में दिलचस्पी है, तो आप लिंग्विस्टिक्स में बना सकते है शानदार करियर।

लिंग्विस्टिक्स भाषा की वैज्ञानिक स्टडी है। इसमें किसी भाषा विशेष की बनावट और उसके विकास के साथ-साथ दूसरी भाषाओं के साथ उसके संबंध के बारे में भी पढ़ाया जाता है। इसमें भाषा के हर पहलू को कवर किया जाता है। इस विषय के विद्यार्थी के पास भाषा की उत्पत्ति से लेकर उसके विकास तक की जानकारी होती है।

### कौन-से कोर्स?

आप किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन करने के बाद लिंग्विस्टिक्स में पोस्ट ग्रेजुएशन कर सकते हैं। हालांकि ज्यादा अच्छे रेम्युनरेशन के लिए इस फील्ड में उच्च शिक्षा प्राप्त करना ज्यादा फायदेमंद होगा। सरकारी सेवाओं में भी लिंग्विस्टिक्स में एमफिल या पीएचडी जैसी डिग्री को प्राथमिकता दी जाती है।

### लिंग्विस्टिक्स में पढ़ाई करने के बाद करियर ऑप्शन होते हैं

#### लिंग्विस्ट

आप भाषा की उत्पत्ति और विकास में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं और रिसर्च करके स्पीच रिकग्निशन में काम कर सकते हैं।

#### टीचर

आप किसी भी भाषा विशेष का अध्यापन कर सकते है। इस तरह के टीचर्स की कई विश्वविद्यालयों में काफी मांग है।

#### ट्रांसलेटर

इस जॉब में आपको किताबों, स्क्रिप्ट्स और लेखों का दूसरी भाषा में अनुवाद करना होता है।

#### इंटरप्रिटर

इंटरप्रिटर के तौर पर बिजनेस एग्जीक्यूटिव्स या सरकारी अधिकारियों के साथ दूसरे देशों की यात्राओं पर जाने का मौका मिलता है। यहां आप दो लोगों को संवाद करने में मदद करते हैं।
यह बहुत ही टफ जॉब है क्योंकि आपको इस बात का ध्यान रखना होता है कि मूल वाक्य का अर्थ आपके इंटरप्रिटेशन में बदल न जाए। साथ ही, वाक्य बोले जाने के बाद आपको उसका अनुवाद सोचने के लिए न के बराबर समय मिलता है।

### संभावनाएं

इस फील्ड में अवसरों की कोई कमी नहीं है। आप हॉस्पिटल्स में बतौर स्पीच थैरेपिस्ट, बैंक्स में बतौर लैंग्वेज इन्पुट ऑफिसर, पब्लिशिंग हाउसेज में बतौर ट्रांसलेटर और लेक्सिकोग्राफर, पीआर इंडस्ट्री, ट्रैवल एंड टूरिज्म इंडस्ट्री, आईटी इंडस्ट्री में वॉइस रिकग्निशन सॉफ्टवेयर डेवलपर, मिलेट्री, इंटेलिजेंस और फॉरेन सर्विसेज में काम करके बेहतरीन करियर बना सकते हैं।



## अप्रेजल को लेकर है टेंशन, तो जरा इन बातों पर ध्यान दें

कार्तिक एक नामी कंपनी में पिछले कई वर्षों से काम कर रहे हैं। अपने इनोवेटिव अप्रोच और परिश्रम की वजह से आज वे एक सीनियर और जिम्मेदारी भरे पद पर हैं। किसी भी प्रोजेक्ट की प्लानिंग और उस पर अमल से लेकर फाइनल आउटपुट तक वे हर कदम पर अपनी टीम के साथ लगे रहते हैं। वे चाहते, तो सारे काम अपने अधीनस्थों को सौंपकर निश्चिंत हो सकते थे लेकिन बिना खुद काम किए उन्हें तसल्ली नहीं होती। ऐसा नहीं है कि उन्हें अपनी टीम पर भरोसा नहीं है या फिर उनकी टीम कमजोर है। इसके बावजूद हर काम पर बारीकी से नजर रखते हुए आगे बढ़ना उनकी आदत में शुमार है। यही कारण है कि उनके तमाम प्रोजेक्ट्स का आउटपुट प्रभावशाली होता है। हालांकि इसके लिए वे प्रशंसा की ज्यादा उम्मीद नहीं करते, क्योंकि उन्हें लगता है कि बेहतर आउटपुट से जो सुकून मिलता है, वही उनके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है।

### बाहर नहीं, भीतर देखें

आपके काम से ही आपकी पहचान होती है। कई बार आप सोचते होंगे कि मैं तो इस संस्थान में इतने वर्षों से काम कर रहा हू, लेकिन मुझे न तो कभी अच्छा इंक्रीमेंट मिला और न ही उपयुक्त प्रमोशन। हो सकता है कि इस बात को लेकर आप दुखी और निराश भी हों। लेकिन क्या आपने कभी इस बात पर गंभीरता से विचार किया कि आखिर क्यों दूसरों को बेहतर इंक्रीमेंट मिल जाता है और आपको नहीं? यदि नहीं किया, तो अब जरूर इस बात पर विचार करें। दूसरों को कोसने या उनसे ईर्ष्या करने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। बेहतर यही होगा कि दूसरों की उपलब्धियों को देखकर दुखी या निराश होने के बजाए अपने भीतर देखें और अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास करें।

### ढूंढें सवालों के जवाब

अब तक के करियर में आपने कितनी बार किसी काम के लिए बॉस के सामने पहल की है या कोई इनोवेटिव आइडिया दिया है? क्या आप नई चुनौतियों को स्वीकार करने से बचते रहे हैं? क्या आप इसलिए बॉस के सामने पड़ने से कतराते हैं कि कहीं वे आपको कोई नया काम न सौंप दें? क्या आपने अपनी जिम्मेदारियों को बिना किसी गलती के, पूरी कुशलता के साथ डेडलाइन पर पूरा किया है? क्या आप पिछली गलतियों से सबक लेते हुए इस बात का ध्यान रखते है कि आगे उन्हें दोहराया न जाए? क्या आप किसी काम को करने में लंबा वक्त लेते हैं और डेडलाइन का पालन नहीं कर पाते? क्या आपके पास पेंडिंग कार्यों की लाइन लगी रहती है? क्या वाकई आपके ऊपर ज्यादा काम का बोझ है या फिर आप दूसरों को ऐसा दिखाते भर है? इन सब सवालों पर मंथन कर इनके उत्तर ईमानदारी से देना जरूरी है।

### उत्साह भरी पहल

याद रखें, सिर्फ घड़ी देखकर मशीन की तरह काम में जुटे रहने से न तो पहचान मिलती है और न ही रिवॉर्ड। आज हमारे जीवन में टेक्नोलॉजी का दखल काफी बढ़ चुका है। इसकी वजह से स्मार्ट वर्क-स्टाइल को बढ़ावा मिल रहा है। ऐसे में हम पुरानी धीमी पद्धतियों और सोच से चिपके नहीं रह सकते, बल्कि हमें भी वक्त के साथ अपनी सोच और वर्क-स्टाइल में बदलाव लाने के लिए तत्पर रहना चाहिए। यह न सोचें कि अब नई टेक्निक कैसे सीखेंगे! आप चाहेंगे, तो अपने काम को स्मार्ट तरीके से करने की हर स्किल सीख सकते हैं। हां, इसके लिए उत्सुकता और उत्साह दोनों जरूरी है। अपने भीतर की काहिलियत को भगाएं और आगे बढ़कर पहल करें। उत्साहित रहकर काम करेंगे, तो खुश भी रहेंगे और इसका बेहतर परिणाम भी दिखेगा।

### कर्म पर करें भरोसा

अगर आप स्मार्ट और इनोवेटिव तरीके से काम करेंगे, तो उसे जरूर सराहा जाएगा। अपने और अपने विभाग के कार्यों को सामने लाने का प्रयास करें, ताकि वह कहीं अनदेखा-अनजाना न रह जाए। सामने आने वाली नई चुनौतियों को भी आगे बढ़कर स्वीकार करें और उनमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करें। इसके लिए अपनी टीम के साथ मिलकर काम करें। न तो खुद हताश हों और न ही कभी टीम को हताश होने दें।

### न हों निराश

क्या आपको लगता है कि आपने तो हर तरह से बेहतर काम करने और अच्छा परिणाम देने का प्रयास किया, फिर भी उम्मीद के मुताबिक न तो प्रमोशन मिला और न इंक्रीमेंट? यदि हां, तो जरा सोचें कि क्या पहले भी आपके साथ ऐसा हुआ है? अगर पहले उम्मीद के मुताबिक या उम्मीद से ज्यादा मिलता रहा है और सिर्फ इसी बार ऐसा नहीं हुआ, तो फिर आपका निराश या हताश होना उचित नहीं है। खुद को समझाएं और जितनी जल्दी हो सके, अपने आप को व अपने काम को पहले की तरह पटरी पर ले आएं। अगर आप प्रतिक्रिया में काम को लेकर लापरवाही करेंगे या अपने व्यवहार में बेरुखी दिखाएंगे, तो संभव है कि इससे गलत संदेश निकले और आपकी छवि खराब हो। अपना उत्साह और काम के प्रति प्रतिबद्धता बनाए रखेंगे, तो आगे निश्चित ही सकारात्मक परिणाम दिखाई देगा।

**मंथन**

# जमीन महंगी, खरीदारों की अब और कटेगी जेब

राजधानी रांची और उसके आसपास जमीन या फ्लैट खरीदने की योजना बना रहे लोगों के लिए 1 अगस्त 2025 एक निर्णायक तारीख साबित हो सकती है. जिला निबंधन कार्यालय द्वारा नई सरकारी मूल्यांकन दर लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है, जिससे संपत्ति की कीमतों में 8 से 12 फीसदी तक की वृद्धि संभावित है. इस निर्णय का सबसे सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा, खासकर उन पर जो वर्षों की बचत से अपना घर बसाने का सपना देख रहे हैं. हालांकि यह कदम सरकार की राजस्व वृद्धि और बाजार मूल्य के समीप सरकारी दर लाने की दिशा में तार्किक है, लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि इससे संपत्ति खरीद आम लोगों की पहुंच से बाहर होती जा रही है. खासकर रांची नगर निगम के अंतर्गत आने वाले 53 वार्ड और 13 राजस्व मौजे में यह दरें प्रभावी होंगी, जहां मध्यम वर्ग की संख्या अधिक है. नई दर लागू होने से पहले रजिस्ट्री करवाने वालों को पुरानी दर का लाभ मिलेगा, जो फिलहाल एकमात्र राहत है. ऐसे में यदि कोई खरीदार जमीन या फ्लैट खरीदने का मन बना चुका है, तो 31 जुलाई से पहले कदम उठाना उसके लिए आर्थिक रूप से लाभकारी हो सकता है. सरकार को चाहिए कि दरों में वृद्धि के साथ-साथ पारदर्शी ऑनलाइन मूल्यांकन प्रणाली भी विकसित करे, ताकि उपभोक्ताओं को स्पष्ट जानकारी मिले. साथ ही मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कुछ विशेष छूट या किफायती आवास योजनाएं भी शुरू की जानी चाहिए. जमीन का सपना आमजन के लिए सपना ही न बन जाए, यह सुनिश्चित करना राज्य सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है.

**नजरिया**

# स्मार्ट मीटर की नई व्यवस्था सुविधा या ग्राहकों की चुनौती

झारखंड बिजली वितरण निगम लि. (जेबीवीएनएल) द्वारा रांची और धनबाद में 25 जुलाई से ऑटोमेटिक लाइन डिस्कनेक्शन अभियान लागू करने की घोषणा निश्चय ही उपभोक्ता व्यवहार में बड़ा बदलाव लाने जा रही है. सात लाख से अधिक घरों में लगे प्रीपेड स्मार्ट मीटर अब ग्राहको को न केवल समय पर भुगतान के लिए मजबूर करेंगे, बल्कि बिजली आपूर्ति पर उनकी निर्भरता को तकनीकी अनुशासन से जोड़ देंगे. इससे बकाया राशि की समस्या कम होगी और जेबीवीएनएल को अपने संसाधनों के प्रबंधन में मदद मिलेगी. उपभोक्ताओं को भी अब वास्तविक समय में बिजली खपत व खर्च का अंदाजा होगा, जिससे ऊर्जा बचत की संभावना बढ़ती है. गरीब और कम साक्षर उपभोक्ताओं के लिए यह प्रणाली अचानक बिजली कटौती की वजह बन सकती है, खासकर उन स्थितियों में जब वे बैलेंस खत्म होने की सूचना समय पर नहीं जान पाते. कई बार तकनीकी गड़बड़ियां या नेटवर्क की समस्याएं भी उपभोक्ताओं को परेशानी में डाल सकती हैं. ऐसे में जेबीवीएनएल को चाहिए कि वह न केवल प्रभावी जन-जागरूकता अभियान चलाए, बल्कि बैलेंस रिचार्ज के लिए सहज और बहुविकल्पीय प्लेटफॉर्म भी उपलब्ध कराए. स्मार्ट व्यवस्था का उद्देश्य उपभोक्ता को दंडित करना नहीं, बल्कि उन्हें सशक्त बनाना होना चाहिए. यदि तकनीक को सहयोग, संवेदनशीलता और सतर्कता के साथ लागू किया जाए, तभी यह परिवर्तन सफल और स्थायी होगा.

# विशेष गहन पुनरीक्षण की आंच बंगाल तक

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**बंगाल अभी से एसआईआर की आंच से तपने लगा है. विरोध शुरू है.**



**तय मानिए, आनेवाले दिनों में एसआईआर के विरोध की गूंज देश भर में सुनाई देगी. और इसमें सबसे ज्यादा ऊंची आवाज टीएमसी नेताओं की होगी. टीएमसी के विरोध, धमकी और बेचैनी से यह समझ में आ रहा कि दाल में बहुत काला है.**

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान अपने अंतिम चरण में है. विपक्ष लगातार एसआईआर का विरोध कर रहा है. एसआईआर का मामला देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच चुका है. सुप्रीम कोर्ट बिहार में एसआईआर पर रोक नहीं लगाई, पर अभियान की टाइमिंग को लेकर प्रश्न अवश्य उठाए हैं.भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की ऐसी ही समीक्षा करेगा. असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु व बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है. ध्यान रहे बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है. बंगाल में जहां टीएमसी एसआईआर को लेकर बेचैन है तो वहीं कांग्रेस असम को लेकर चिंतित है.गैर भाजपशासित कई राज्यों से विरोध की आवाज उठने लगी है. हालांकि विरोध का सबसे ऊंचा स्वर बंगाल से सुनाई दे रहा है, जहां 2026 में चुनाव होंगे.

बीती 21 जुलाई को कोलकाता में टीएमसी की शहीद दिवस रैली में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा बंगाल में एसआईआर जैसी कवायद करने की योजना बना रही है, इसे अनुमति नहीं देंगे. ममता के निशाने पर भाजपा है. एसआईआर कराना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र का विषय है. सोचिए, बंगाल में एसआईआर अभी शुरू भी नहीं हुआ और ममता ने इसके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है. इसी से टीएमसी की बेचैनी को समझा जा सकता है.ममता का सार्वजनिक मंच से यह कहना कि बंगाल में एसआईआर की अनुमति नहीं दी जाएगी. सीधे तौर पर चुनाव आयोग को धमकी के साथ संविधान और संवैधानिक संस्था का अपमान भी है. अभी हाल ही में संसद द्वारा पारित वक्फ बिल के विरोध में ममता ने कहा था कि बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होने देंगे. भला कोई संविधान के तहत निर्वाचित सरकार और मुख्यमंत्री ऐसे कैसे गैरजिम्मेदाराना संविधान विरोधी बयानबाजी कर सकता है. लेकिन बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार ने नियम कानून और संविधान को शायद खूंटी पर टांग रखा है.ममता एसआईआर को एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर से भी ज्यादा खतरनाक बता चुकी हैं. टीएमसी को यह चिंता सता रही है कि अगर चुनाव आयोग ने चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में टारगेट करके मतदाताओं के नाम काटे तो उसका फायदा भाजपा को होगा. बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है, जिसके बारे में भाजपा आरोप लगाती है कि इनमें बड़ी संख्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या की है. इनका वोट एकमुश्त तृणमूल को जाता है. हर क्षेत्र में 10 से 20 हजार नाम अगर कट जाते हैं तो तृणमूल को उसका बड़ा नुकसान होगा.

हालांकि बिहार से उलट बंगाल में टीएमसी के नेता ज्यादा जागरूक और सक्रिय हैं. वे आसानी से नाम नहीं कटने देंगे. पिछले कई महीनों से वे खुद घर घर जाकर सब चेक कर रहे हैं.भाजपा का आरोप है कि पिछले 14 वर्षों में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार ने अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को मतदाता सूची में व्यवस्थित रूप से घुसपैठ कराई है. बीते मार्च बंगाल भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को ऑडिट और मतदाता सूची संशोधन की जरूरत से अवगत कराते हुए बताया था कि बंगाल में 13 लाख से अधिक फर्जी मतदाता हैं. बीते जून को भाजपा ने दावा किया कि बंगलादेश से जुड़े कोटा सुधार आंदोलन के नेता न्यूटन दास का नाम काकद्वीप विधानसभा इलाके के वोटर लिस्ट में है. तृणमूल ने आरोपों से इनकार किया है.बीते दिनों मालदा के गाजोल के गांव में ऐसा मामला सामने आया है, जहां इलाके में एक भी अल्पसंख्यक नहीं रहता, वहां दो अपरिचित और कथित अल्पसंख्यक वोटरों के नाम नये मतदाता सूची में शामिल पाये गये हैं.

इसे लेकर भाजपा विधायक चिन्मय देव बर्मन ने अवैध घुसपैठ और फर्जी वोटर जोड़ने का आरोप लगाया है. राज्य में अलग-अलग क्षेत्रों से फर्जी वोटर मामले सामने आने के कारण राजनीतिक माहौल और गर्माया हुआ है. ममता बनर्जी ने 'फेक वोटर' की पहचान के लिए एक समिति भी बनाई है.

जानकार मानते हैं कि दिल्ली की जीत के बाद भाजपा की नजर 2026 में बंगाल में ममता को पछाड़ने पर है. दिल्ली चुनाव में मिली जीत से भाजपा का आत्मविश्वास बढ़ा है और वो अधिक मजबूती से ममता बनर्जी को चुनौती देने की कोशिश करेगी. ममता बनर्जी भी जमीनी सच्चाई और आने वाले राजनीतिक खतरों को बखूबी भांप रही है. इसलिए उन्होंने अभी से विरोध का स्वर ऊंचा करना शुरू कर दिया है. सबसे हैरानी की बात यह है कि इंडी गठबंधन के नेता संविधान के सम्मान और रक्षा की बात करते हैं. लेकिन उनकी कथनी और करनी में जमीन आसमान का भेद है. वो कदम कदम पर संविधान, संवैधानिक मूल्यों और परंपराओं का अनादर करते दिखाई देते हैं. एक तरफ, विपक्ष चुनाव आयोग पर भाजपा से मिलीभगत के आरोप लगाता है. वहीं दूसरी तरफ, जब चुनाव आयोग मतदाता सूची की त्रुटियों को दूर कर साफ सुथरी सूची बनाने का अभियान चलाता है, तो उसका विरोध करने लगता है. साफ सुथरी वोटर लिस्ट न बने इसके लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंच जाता है.

विपक्ष के इस दोहरे मापदंड और चरित्र के बारे में भला क्या कहा जाए. विपक्ष के ऐसे रवैये से एक बात तो साफ है कि विपक्ष चुनाव में मिली हार और नाकामी छिपाने के लिए चुनाव आयोग, वोटर लिस्ट और ईवीएम के सिर पर ठीकरा फोड़ता है? तय मानिए, आने वाले दिनों में एसआईआर के विरोध की गूंज देशभर में सुनाई देगी. और यह भी लिखकर रख लीजिए इसमें सबसे ज्यादा ऊंची आवाज टीएमसी के नेताओं की होगी. टीएमसी के विरोध, धमकी और बेचैनी से यह समझ में आ रहा है कि दाल में कुछ नहीं बहुत कुछ काला है. **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं.)**

**आज का इतिहास**

- 1793: फ्रांस ने कॉपीराइट कानून बनाया.
- 1823: चिली में दास प्रथा समाप्त हुई.
- 1870: अमेरिका में पहली रेल सेवा की शुरुआत.
- 1911: हैरम बेहन द्वारा माया सभ्यता के लुप्त शहर माचुपिच्चु को खोज निकाला गया.
- 1932: रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान स्थापित.
- 1938: इंस्टेंट काफी की खोज हुई.
- 1969: अपोलो-11 अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर लौटा.
- 1987: उपन्यासकार जेफ़री आर्चर ने डेली स्टार पेपर के खिलाफ मानहानि का केस जीता.
- 1989: लोकसभा में विपक्ष के सभी सदस्यों का इस्तीफा, जिसे स्वीकार कर लिया गया.
- 1999: अमेरिकी अंतरिक्ष यान कोलंबिया का सफल प्रक्षेपण.
- 2000: एस विजयलक्ष्मी शतरंज की पहली महिला ग्रैंडमास्टर बनी.
- 2005: कोरियाई क्षेत्र को परमाणु हथियारों से मुक्त करने हेतु उत्तर और दक्षिण कोरिया के बीच आम सहमति बनी.

**चिंतन**

# मदद करने वाला नहीं सोचता कि उसे ठगा जा रहा है

बात ज्यादा दिन की नहीं है. अर्जेंटीना के गोल्फर रॉबर्टो डी वीन्सेन्ज़ो अपने दौर के बहुत बड़े गोल्फ के खिलाड़ी रहे हैं. उन्होंने अपने करियर के दौरान दुनिया भर में 230 से अधिक टूर्नामेंट्स जीते. पर वे सिर्फ अपने शानदार खेल के लिए ही नहीं बल्कि अपने पॉजिटिव ऐटिट्यूड के लिए भी जाने जाते हैं . आइए हम उनकी लाइफ से रिलेटेड एक दिल छू लेने वाले वाकये को देखते हैं.

एक बार रॉबर्टो डी वीसेन्जो ने कोई टूर्नामेंट जीता, इनाम में मिले चेक को लेकर वे ड्रेसिंग रूम में चले गए और वहां काफी समय बिताया. जब वे बाहर निकले तो सब लोग जा चुके थे, वे आराम से टहलते हुए पार्किंग लॉट तक पहुंचे और अभी वो अपनी कार में बैठने ही वाले थे कि एक औरत उनके पास आई और बोली, सर , मेरे पास कोई नौकरी नहीं है, मेरा बच्चा बहुत बीमार है, वो मरने वाला है और मेरे पास हॉस्पिटल और डॉक्टर्स को देने के लिए पैसे भी नहीं हैं .

रॉबर्टो उस औरत की फ़रियाद से पिघल गए और तुरंत ही अपनी जीता हुआ चेक एंडोर्स किया और उस औरत को दे दिया अगले हफ्ते वो कंट्री क्लब गए. वहां किसी पीजी ऑफिसियल ने उन्हें बताया कि उनके साथ बहुत बड़ा धोखा हुआ है – उस औरत का कोई बच्चा नहीं है, यहां तक कि उसकी शादी भी नहीं हुई है. गोल्फर रॉबर्टो बोले, तुम्हारा कहने का मतलब कि कोई बीमार बच्चा है ही नहीं!

हां, बिलकुल सही सुना तुमने, अफसर तुरंत बोला.

रॉबर्टो बोले, क्या बात है, ये तो मेरे लिए साल की सबसे अच्छी खबर है.

दोस्तों, सोचिए कितनी करुणा होगी, इस महान गोल्फर के हृदय में, जिसे ठगे जाने का दुःख नहीं बल्कि इस बात की ख़ुशी थी कि ऐसा कोई बीमार बच्चा है ही नहीं. और ऐसा भी नहीं था कि वो दिखावा कर रहे थे, उनकी लाइफ के और भी कई सच्चे किस्से हैं जो हमें बताते हैं कि वे सचमुच एक बड़े दयालु और सकारात्मक दृष्टिकोण के व्यक्ति हैं. उन्होंने जीवन भर जितना बन पड़ा, लोगों की आगे बढ़ कर मदद की.

**X इंडिया पर ट्रेंडिंग**




1. Om Shanti
2. #ChandrashekharAzad
3. #BalGangadharTilak
4. चंद्रशेखर आजाद
5. लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक
6. #HappyBirthdaySuriya
7. #DivyaShishuGarbhaSanskar
8. महान क्रांतिकारी
9. #Shivratri
10. Holistic Pregnancy

# बहुरंग




## बाजपेयी और वर्मा की जोड़ी 'पुलिस स्टेशन में भूत' से हंसी का तड़का दर्शकों को लुभाएगी

अभिनेता मनोज बाजपेयी हाल ही में फिल्म 'डिस्पैच' में नजर आए थे, हालांकि यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर पूरी तरह खरी नहीं उतर पाई. अब मनोज एक बार फिर नए अंदाज में दर्शकों से रूबरू होने को तैयार हैं. एक ओर उनकी फिल्म 'गवर्नर' रिलीज के लिए तैयार है, तो दूसरी ओर वे पहली बार निर्देशक राम गोपाल वर्मा के साथ एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'पुलिस स्टेशन में भूत' में काम करने जा रहे हैं. इस अनोखे टाइटल वाली फिल्म को लेकर अब कुछ दिलचस्प जानकारियां सामने आई हैं, जो दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ा रही हैं. 'स्त्री-2' और 'मुंज्या' जैसी फिल्मों की सफलता के बाद बॉलीवुड में हॉरर कॉमेडी का ट्रेंड एक बार फिर जोरों पर है. इसी लहर में अब दिग्गज निर्देशक राम गोपाल वर्मा भी अपनी नई फिल्म 'पुलिस स्टेशन में भूत' के ज़रिए शामिल होने जा रहे हैं. इस फिल्म में वह 26 साल बाद अपने फेवरेट एक्टर मनोज बाजपेयी के साथ काम कर रहे हैं, और इस कोलैबोरेशन को लेकर काफी उत्साहित भी हैं. हॉरर-कॉमेडी का ये जॉनर जहां मनोज के लिए नया अनुभव होगा, वहीं रामू के लिए भी यह एक दिलचस्प और ताज़ा सिनेमाई दिशा है.

मनोज बाजपेयी इस वक्त अपनी अगली फिल्म 'पुलिस स्टेशन में भूत' की शूटिंग की तैयारियों में जुटे हैं, जिसकी शुरुआत जल्द ही हैदराबाद में होने वाली है. इस प्रोजेक्ट की घोषणा इसी साल अप्रैल में हुई थी और तब से ही दर्शकों के बीच इसे लेकर उत्सुकता बनी हुई है. मनोज बाजपेयी और राम गोपाल वर्मा की जोड़ी इससे पहले 1998 में आई



कल्ट क्लासिक 'सत्या' में साथ काम कर चुकी है, यही फिल्म मनोज को इंडस्ट्री में एक मजबूत पहचान दिलाने वाली साबित हुई थी. इसके बाद 1999 में दोनों ने 'शूल' और 'कौन' जैसी फिल्मों में भी एकसाथ कमाल किया था. अब दो दशक से भी ज्यादा समय बाद, यह जोड़ी फिर से धमाका करने को तैयार है. इस बार हास्य और हॉरर के तड़के के साथ.

रिपोर्ट के अनुसार 'पुलिस स्टेशन में भूत' में मनोज बाजपेयी एक ऐसे पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं, जो मुठभेड़ में मारे गए एक खूंखार गैंगस्टर की आत्मा से बचते फिरते नज़र आएंगे. यह फिल्म हॉरर, कॉमेडी और थ्रिल का ज़बरदस्त मिश्रण होने वाली है. राजपाल यादव भी इस फिल्म में प्रमुख भूमिका में होंगे और अपनी जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों को हँसाने का जिम्मा संभालेंगे. वहीं जेनेलिया डिसूज़ा इस फिल्म में मनोज की पत्नी का किरदार निभा रही हैं. इस फिल्म के साथ राम गोपाल वर्मा और मनोज बाजपेयी की 26 साल बाद वापसी दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है.




**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. जल्दबाजी में कोई भूल संभव है. आय-व्यय समान्य रहेगा. शुभांक-5-7-9

**वृष :** बुरी संगति से बचें. आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें. निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है. भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी. एकाकी प्रवृति का त्याग करें. शुभांक-3-5-7

**मिथुन :** कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. मन प्रसन्न बना रहेगा. अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. शुभांक-2-4-6

**कर्क :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे. मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. मान-सम्मान में वृद्‍घ होगी. हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें. यात्रा योग हैं. शुभांक-5-7-9

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. शुभांक-2-5-8

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी. शुभांक-3-5-7

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. सफलता मिलेगी. सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें. शुभांक-2-5-7

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं. समय व्ययकारी सिद्‍घ होगा. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. आध्यात्मिक रुचि बनेगी. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. कार्य सफल होगें. शुभांक-4-5-7

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. धार्मिक यात्रा का योग बना है. शुभांक-3-6-8

**मकर :** सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा. मान-सम्मान में वृद्‍घ होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें. शुद्‍घ गोचर का लाभ. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. आर्थिक लाभ के किये कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा. शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. स्त्री का सहयोग मिलेगा. शुभांक-2-5-8

**मीन :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्‍घ के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी. अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. आर्थिक स्थिति सुधरेगी. शुभांक-2-4-6

# मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री हुई अनुपम खेर की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट'

अनुपम खेर के निर्देशन में बनी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म को समीक्षकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और दर्शकों ने भी इसकी कहानी और कलाकारों के अभिनय की दिल से सराहना की. हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी. इस बीच फिल्म के पक्ष में एक अच्छी खबर आई है. 'तन्वी द ग्रेट' को मध्य प्रदेश सरकार ने टैक्स फ्री घोषित कर दिया है. माना जा रहा है कि इस फैसले से फिल्म को प्रदेश में ज्यादा दर्शक मिलेंगे और इसकी कमाई में इज़ाफा हो सकता है. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ऐलान किया है कि 'तन्वी द ग्रेट' को राज्य में टैक्स फ्री कर दिया गया है. उन्होंने जनता से इस फिल्म को देखने की अपील करते हुए कहा, ₹यह केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक संदेश है. अनुपम खेर और सभी कलाकारों को हार्दिक शुभकामनाएं. राज्य में इस फिल्म को टैक्स फ्री किया जा रहा है.₹ वहीं, अनुपम खेर ने भी मुख्यमंत्री मोहन यादव का दिल से आभार जताया और इस फैसले को फिल्म के लिए एक बड़ी राहत बताया. उन्होंने कहा कि इस समर्थन से फिल्म और ज्यादा लोगों तक पहुंचेगी और उसका संदेश मजबूत होकर गूंजेगा. फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की बात करें तो यह 21 वर्षीय तन्वी रैना की प्रेरणादायक कहानी है, जो ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से जूझती है. इस किरदार को शुभांगी दत्त ने बेहद संजीदगी से निभाया है. फिल्म में अनुपम खेर भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आते हैं. इसके अलावा जैकी श्रॉफ, पल्लवी जोशी, बोमन ईरानी और करण टैकर जैसे अनुभवी कलाकार भी इस संवेदनशील कहानी का हिस्सा हैं. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, 'तन्वी द ग्रेट' ने अब तक कुल 1.83 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. हालांकि कमाई भले सीमित रही हो, लेकिन फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से सराहना मिल रही है.

# फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने घटाया 26 किलो वजन

प्रसिद्ध फिल्म निर्माता बोनी कपूर इस बार अपनी किसी फिल्म को लेकर नहीं, बल्कि अपने अद्भुत शारीरिक बदलाव को लेकर सुर्खियों में हैं. उन्होंने बिना जिम जाए करीब 26 किलो वजन कम कर सबको चौंका दिया है. बोनी कपूर का यह फिटनेस परिवर्तन न सिर्फ प्रेरणादायक है, बल्कि यह दिखाता है कि दृढ़ संकल्प और अनुशासन से किसी भी उम्र में बदलाव संभव है. बोनी कपूर के नए लुक की फोटोज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं. उनके नए लुक को देखकर फैंस और सेलेब्स जमकर तारीफ कर रहे हैं. लोग कह रहे हैं कि बोनी कपूर का यह अवतार बिल्कुल नया और ऊर्जावान है. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बोनी कपूर ने अपना वजन पूरी तरह डाइट कंट्रोल के जरिए घटाया है. उन्होंने अपनी दिनचर्या में खास बदलाव करते हुए रात के खाने की जगह सिर्फ सूप लेना शुरू कर दिया



है. वहीं सुबह का नाश्ता वह फलों के रस और ज्वार की रोटी जैसे हल्के और पौष्टिक विकल्पों से करते हैं.

एक मशहूर सेलिब्रिटी फोटोग्राफर द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर की गईं बोनी कपूर की कुछ नई तस्वीरें, जिनमें उनका बदला हुआ लुक साफ नजर आ रहा है, को फिल्म निर्माता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर कर इस बदलाव को सेलिब्रेट किया है. इस बीच निर्माता बोनी कपूर ने एक बार फिर अपनी दिवंगत पत्नी श्रीदेवी को याद करते हुए भावुक पोस्ट शेयर किया है. उन्होंने श्रीदेवी की एक पुरानी तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की और कैप्शन में लिखा, वो मुझे ऊपर से देख रही हैं और मुस्कुरा रही हैं. ये तस्वीर हमारी शादी से पहले की है. गौरतलब है कि बोनी कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर श्रीदेवी के साथ बिताए पलों को याद करते हुए उनकी तस्वीरें शेयर करते हैं और अपने जज्बातों को शब्दों में पिरोते हैं.

## ब्रीफ न्यूज

### तिलक व चंद्रशेखर आजाद के आदर्शों को अपनाने का संकल्प

**नवादा।** वरीय नागरिक संघ कार्यालय में गुरुवार को बालगंगाधर तिलक एवं चन्द्रशेखर आजाद की जयंती सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में मनाई गई. बालगंगाधर तिलक एवं क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद के चित्र पर उपस्थित सभी वरीय नागरिकों ने संयुक्त रुप से माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किए . डॉ.सुबोध कुमार ने कहा बालगंगाधर तिलक महान स्वतंत्रता सेनानी थे.उनका नारा था स्वराज हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, इसे लेकर रहूंगा. महाराष्ट्र में गणेशपूजा को धूमधाम से मनाने की परम्परा बनाकर पूरे राष्ट्र को गणेश पूजा से देश को जोड़ा.वहीं चन्द्रशेखर आजाद एक महान क्रांतिवीर थे जिन्होंने देश की आजादी के लिए प्राण न्योछावर किया. कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार ने बताया चन्द्रशेखर आजाद महान क्रांतिकारी राष्ट्र के सपूत थे जो देश की आजादी के लिए शहीद हुए. रामस्नेही सिंह एवं रामशरण प्रसाद सिंह ने भी दोनों महापुरुषों पर अपना विचार रखते हुए नमन किये.

### बिहार में बढ़ा बाढ़ का खतरा

**पटना।** नेपाल के तराई क्षेत्रों और पड़ोसी राज्यों में हो रही भारी बारिश से बिहार में गंगा, कोसी और बूढ़ी गंडक नदियों का जलस्तर बढ़ गया है. इन नदियों का जलस्तर बढ़ने से 9 जिलों बक्सर, पटना, वैशाली, समस्तीपुर, मुंगेर, बेगूसराय, कटिहार, भागलपुर और खगड़िया में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है. जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जुलाई में गंगा नदी में पिछले 15 वर्षों में इतना जलस्तर कभी नहीं देखा गया. बक्सर में गंगा का जलस्तर पिछले साल की तुलना में 6 मीटर और पटना में 2 मीटर अधिक है. उधर, फरक्का बराज के सभी 108 गेट खोल दिए गए हैं, जिसके बाद गंगा का पानी तेजी से निकल रहा है. मंगलवार शाम पटना में गंगा खतरे के निशान से 43 सेमी और फरक्का में 20 सेमी ऊपर बह रही थी. बक्सर से कहलगांव तक गंगा के उफान के कारण तटबंधों पर दबाव बढ़ गया है. जल संसाधन विभाग ने तटबंधों की सुरक्षा के लिए 600 सुरक्षाकर्मी और 45 से अधिक कनीय अभियंताओं को तैनात किया है, साथ ही रात्रि पेट्रोलिंग शुरू की गई है.

# अगले 7 दिनों तक राज्य के कई जिलों में भारी बारिश के आसार

**शुभम संदेश।पटना**

बिहार में मौसम का मिजाज बदलने वाला है. इसका कारण बंगाल की खाड़ी में बन रहा साइक्लोनिक सर्कुलेशन है.



पटना मौसम विज्ञान केंद्रा ने 23 जुलाई से अगले 7 दिनों तक राज्य के कई जिलों में भारी से अत्यंत भारी बारिश की संभावना जताई है. खासकर दक्षिणी बिहार के गया, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद और अरवल में गुरुवार से भारी बारिश का दौर शुरू होगा जो 28 जुलाई तक जारी रह सकता है. इस दौरान 30-40 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं और बिजली गिरने की आशंका भी है.उत्तर बिहार की तुलना में दक्षिणी जिलों में बारिश का प्रभाव अधिक होगा, जिससे अधिकतम तापमान में 5 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है. पटना में बुधवार और गुरुवार को आसमान साफ रहने से भीषण गर्मी और उमस का सामना करना पड़ेगा लेकिन शुक्रवार से बादल छाएंगे और एक-दो स्थानों पर बारिश के साथ ठनका गिरने की संभावना है. मौसम विभाग ने लोगों को बिजली के खंभों से दूर रहने, खेतों में काम करने से बचने और पक्के मकानों में शरण लेने की सलाह दी है.

मौसम विभाग ने रोहतास, औरंगाबाद और गया में गुरुवार को एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी है. पूर्वी और दक्षिण-मध्य बिहार में बुधवार को ठनका और तेज हवाओं की आशंका है. बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गंगा, कोसी और पुनपुन नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन को हाई अलर्ट पर रखा गया है. पटना के दियारा, मनेर और फतुहा में जलजमाव की स्थिति बनी हुई है.

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन 24 जुलाई तक एक निम्न दबाव क्षेत्र में बदल सकता है जो आगे चलकर साइक्लोन में तब्दील हो सकता है. हालांकि, मौसम मॉडल्स में अभी इसके तीव्रता और मार्ग को लेकर अनिश्चितता है. यह सिस्टम मुख्य रूप से ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों को प्रभावित कर सकता है, लेकिन इसका असर बिहार में भी भारी बारिश के रूप में देखने को मिलेगा.

## बिहार विधानमंडल में मानसून सत्र के तीसरे दिन जोरदार हंगामा, बोले नीतीश कुमार

# अपने पिता का कार्यकाल देखें तेजस्वी शाम को कोई घर से नहीं निकलता था

**शुभम संदेश।पटना**

बिहार विधानमंडल में मानसून सत्र के तीसरे दिन विधानसभा-विधानपरिषद में विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया. बिहार तीसरे दिन विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मतदाता पुनरीक्षण पर अपनी बात रखी. इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव को जवाब दिया.



मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि अपने माता-पिता का कार्यकाल देखें तेजस्वी यादव. राजधानी पटना तक में कोई शाम को नहीं निकलता था.

पहले क्या बुरे हालत थे. उन्होंने कहा कि राज्य को केंद्र सरकार काफी मदद कर रही है. हमने मिलकर जहां कहीं भी कमी थी उसे पूरा कर दिया है. अब चुनाव लड़ना है, तो चुनाव लड़िए. पहले किसी ने महिला के लिए कुछ नहीं किया. हम लोगों ने 50 प्रतिशत आरक्षण दिया. हमने महिलाओं के लिए काफी कुछ किया है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने मुस्लिमों के लिए भी काफी कुछ काम किया है. आप (तेजस्वी) जब बीच में थे, तो कितना ज्यादा बड़ाई कर रहे थे. हम लोगों ने जितना काम किया है, उसी को लेकर चुनाव में जाएंगे. जनता जिसे जिताएगी,वह यहां (सरकार में) आएगा. नीतीश कुमार ने कहा कि हम सबका काम करते हैं. पहले का बजट क्या था सबको पता है, आज तीन लाख करोड़ से ज्यादा का बजट बिहार का है. हम लोग चारों तरफ घूम कर देखें हैं. एक-एक काम किए हैं. नीतीश कुमार के बोलने के बाद भी सदन में जबरदस्त हंगामा जारी रहा. विपक्षी विधायक भाई वीरेंद्र के बोलने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह की अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल यहां ना करें. इस दौरान वहां काफी हंगामा होता रहा. इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया.

### बिहार की जनता बदलाव चाहती है : प्रशांत किशोर

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तमाम राजनीतिक दलों के नेता अपनी-अपनी रणनीति बनाने और जनता को अपने पक्ष में करने में जुटे हैं. इसी कड़ी में बुधवार को जन सुराज पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक ज्ञापन देने विधानसभा पहुंचे, लेकिन उन्हें पुलिस द्वारा पहले ही रोक लिया गया. पुलिस ने जन सुराज के कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्च भी किया, जिसमें एक कार्यकर्ता घायल हो गया. इस घटना के बाद जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा.

राजधानी पटना में जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि हम लोगों को मुख्यमंत्री से नहीं मिलने दिया जा रहा है. विधानसभा चुनाव में अभी तीन महीना बाकी है, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार क जीना हराम कर देंगे. इन्हें पता नहीं है कि बिहार की जनता बदलाव चाहती है. इससे पहले अपने समर्थकों के साथ विधानसभा का घेराव करने जा रहे प्रशांत किशोर के साथ जन सुराज समर्थक बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने लगे, तो पुलिस ने रोकने के लिए लाठियां चलाई. इस दौरान एक समर्थक जख्मी भी हो गया. पुलिस की कार्रवाई के बाद प्रशांत किशोर ने कहा कि हम लोग शांतिपूर्वक तरीके से जाकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देना चाहते हैं. पिछले 2 वर्ष में 94 लाख परिवार को दो-दो लाख रुपये देने का वादा किया था. आज तक एक भी परिवार को एक रुपया तक नहीं मिला. प्रशांत किशोर ने कहा कि ज्ञापन में एक करोड़ लोगों ने हस्ताक्षर किया है.

## न्यूज अपडेट

### मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट, 2 घायल

**भागलपुर।** जिले के मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र के मियां साहब मैदान में मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर चाकू चलाया गया. इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल युवक की पहचान मोहम्मद खुर्शीद के पुत्र मोहम्मद गुलचा (32) और मोहम्मद फरहान के तौर पर हुई है. घटना के बाद दोनों घायलों को इलाज के लिए परिजन ने मायागंज अस्पताल में भर्ती करवाया है. जहां पर उनका इलाज चल रहा है. बताया जा रहा है कि मोहम्मद गुलचा मियां साहब मैदान में सोया हुआ था. इसी दौरान मोहम्मद नक्की अपने दुकान को खोलने के लिए आया और किसी बात को लेकर मोहम्मद गुलचा से विवाद हो गया. कहासुनी के बाद जब विवाद बढ़ा तो मोहम्मद नक्की कुरैशी ने गुलचा पर चार बार पीठ में चाकू से हमला किया. बीच-बचाव करने पहुंचे गुलचा के भाई मोहम्मद फरहान पर भी हमला किया गया. जिससे दोनों घायल हो गए घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है.

### वाहन जांच के दौरान शराब के साथ दो गिरफ्तार

**नवादा।** जिले में जौली थानाक्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर गुरुवार को वाहन जाच के दौरान देशी-विदेशी शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है. इस संबंध में समेकित जाँच चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि शराबबंदी को सफल बनाने के उद्देश्य से झारखंड से बिहार आनेवाली सभी वाहनों की गहन तलाशी की जाती है.इसी दौरान झारखंड से आ रही यात्री बस को रोक कर तलाशी के दौरान बैग में रखे हंड्रेड पाइपर डीलक्स व्हिस्की 750 एमएल के 25 बोतल,ब्लैक डॉग ट्रिपल गोल्ड व्हिस्की 750 एमएल के 5 बोतल,ब्लैक डॉग ब्लैक रिजर्व व्हिस्की 750 एमएल के 5 बोतल और ब्लेंडर प्राइड व्हिस्की के 750 एमएल के 3 बोतल विदेशी शराब के साथ सिवान के दडरौंदा थानाक्षेत्र के खडसरा निवासी जय किशोर सिंह के पुत्र मोनू कुमार को गिरफ्तार किया गया है. अन्य मामले में वाहन जाँच के दौरान स्कूटी संख्या बीआर 21 एक्स 5889 का तलाशी दौरान देशी शराब के साथ रजौली थानाक्षेत्र के परमेश्वर बिगहा निवासी जदु राजवंशी के पुत्र अनीश कुमार को गिरफ्तार किया गया है.गिरफ्तार दोनों शराब कारोबारियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्यवाई की जा रही है.

### पुलिस ने 2960 लीटर स्प्रिट जब्त किया, चालक गिरफ्तार

**मोतीहारी।** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर मोतीहारी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब माफिया की साजिश को विफल कर दिया है. गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गोपालगंज के रास्ते मोतीहारी लाई जा रही 2960 लीटर स्प्रिट से लदे एक ट्रक को जब्त किया है. पुलिस ने मौके से ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच में जुट गई है. सदर डीएसपी दिलीप कुमार के नेतृत्व में तुरकौलिया पुलिस ने महनवा बाजार के पास वाहन जांच अभियान चलाया. इस दौरान कोटवा-छपवा रोड की ओर से आ रहे एक संदिग्ध ट्रक को रोका गया, लेकिन चालक ने ट्रक को भगाने की कोशिश की. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बल प्रयोग कर वाहन को पकड़ लिया. जब ट्रक की तलाशी ली गई तो उसमें चुना के बोरे की आड़ में प्लास्टिक की बाल्टियों में रखी गई 2960 लीटर स्प्रिट बरामद हुई. कुल 148 बाल्टियों में प्रत्येक में 20 लीटर स्प्रिट रखा गया था. साथ ही ट्रक से एक मोबाइल, 300 रुपये नगद, 75 बोरी चुना, ट्रक से संबंधित दस्तावेज और अन्य सामान जब्त किए गए. गिरफ्तार चालक की पहचान हर्षित सिंह, थाना मोगनीपुर, जिला कानपुर के रूप में हुई है.

### पूर्णिया : अपराध से मुक्ति के लिए पुलिस का जांच अभियान जारी

**पूर्णिया।** पूर्णिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस अभियान का उद्देश्य अपराध नियंत्रण और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी स्थापित करना था. अभियान के दौरान सड़क पर चल रहे वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की गई. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसे अभियानों के कई फायदे होते हैं. इससे अपराधियों की आवाजाही पर रोक लगती है और अपराध की योजना बना रहे तत्वों को पहले ही चिन्हित किया जा सकता है. चोरी या लूट जैसी घटनाओं में प्रयुक्त वाहनों की पहचान और जब्ती संभव हो पाती है. साथ ही, बिना कागजात के चल रहे वाहनों पर कानूनी कार्रवाई कर सड़क सुरक्षा को भी सुनिश्चित किया जाता है. पुलिस की सक्रियता से आम जनता में विश्वास बढ़ता है और असामाजिक तत्वों में कानून का डर बना रहता है.

## कारोबार

### भारत की पासपोर्ट रैंकिंग में आठ पायदान की छलांग

**नयी दिल्ली।** भारत ने जनवरी 2025 के बाद से अपनी पासपोर्ट रैंकिंग में बड़ा सुधार दर्ज किया है, और 85वें से 77वें स्थान पर पहुंच गया है. भारत की पासपोर्ट रैंकिंग आठ स्थान ऊपर चढ़ गई है. भारत को 59 देशों के लिए वीजा पहुंच प्राप्त हो गया है. पासपोर्ट रैंकिंग के मामले में शीर्ष पर कौन सा देश है, आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं. सिंगापुर ने हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, उसे दुनिया भर के 227 गंतव्यों में से 193 तक वीजा-मुक्त पहुंच प्रदान की गई है. जुलाई 2025 में प्रकाशित यह रैंकिंग अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (IATA) के विशिष्ट आंकड़ों पर आधारित है और यह उन गंतव्यों की संख्या दर्शाती है.

### पाकिस्तान ने 26.7 अरब डॉलर लिया कर्ज

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने पिछले वित्त वर्ष के दौरान 26.7 अरब डॉलर विदेश से कर्ज लिया. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह देश की बहुपक्षीय और द्विपक्षीय ऋणदाताओं पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाता है. एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार पाकिस्तान को वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 26.7 अरब डॉलर का कर्ज मिला. इसमें से करीब आधा पैसा पुराने कर्ज को चुकाने के लिए दोबारा उधार लिया गया. रिपोर्ट में आर्थिक मामलों के मंत्रालय, स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) और वित्त मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया कि यह आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले थोड़ा ज्यादा है.

### स्टैंडअप इंडिया योजना से उद्यमियों को मिल रहा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की स्टैंडअप इंडिया योजना के तहत अप्रैल 2022 से मार्च 2025 तक अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) और महिला उद्यमियों को लगभग 29,000 करोड़ रुपये के ऋण मंजूर किए गए हैं. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलावर को संसद में यह जानकारी दी. सीतारमण ने कहा कि वित्तीय सहायता के अलावा, यह योजना हाशिए पर पड़े वर्गों को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण औरर विशिष्ट विशेषज्ञता प्रदान करती है. इसमें कौशल केंद्र, मेंटरशिप सहायता, उद्यमिता विकास कार्यक्रम केंद्र, जिला उद्योग केंद्र शामिल है.

## एसबीआई कार्ड और फोनपे ने की रणनीतिक साझेदारी

# को-ब्रांडेड फोनपे एसबीआई कार्ड लॉन्च

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

भारत के सबसे बड़ी प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता एसबीआई कार्ड ने आज फोनपे के साथ मिलकर फोनपे एसबीआई कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की. इस नए को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य रोज़मर्रा के खर्चों पर एक फायदेमंद अनुभव प्रदान करना है, जिसे पूरे भारत में ग्राहकों की बढ़ती वित्तीय ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है. यह क्रेडिट कार्ड दो वेरिएंट में आता हैः फोनपे एसबीआई कार्ड पर्पल और फोनपे एसबीआई कार्ड सेलेक्ट ब्लैक, जो ग्राहकों की विभिन्न प्राथमिकताओं और लाइफस्टाइल खर्चों की ज़रूरतों को पूरा करते हैं. इसके अतिरिक्त, इस कॉन्टैक्टलेस क्रेडिट कार्ड के दोनों वेरिएंट रूपे और वीजा पेमेंट नेटवर्क पर उपलब्ध हैं, जिससे उपभोक्ताओं को उनकी ज़रूरतों के हिसाब से सबसे अच्छा नेटवर्क चुनने का विकल्प मिलता है. रूपे कार्ड को यूपीआई से भी जोड़ा जा सकता है और देश भर में लाखों यूपीआई मर्चेंट्स के साथ लेनदेन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है. वीजा वेरिएंट को फोनपे पर टोकनाइज किया जा सकता है और कई ऑनलाइन मर्चेंट्स के साथ सुरक्षित रूप से इस्तेमाल किया जा सकता है. नए फोनपे SBI कार्ड के साथ, ग्राहक विभिन्न रोज़मर्रा के लेनदेन पर रिवॉर्ड पॉइंट अर्जित कर सकते हैं, जिसमें किराना, बिल भुगतान, यात्रा बुकिंग, यूटिलिटी भुगतान, बीमा प्रीमियम भुगतान, और ऑनलाइन व ऑफलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म पर बहुत कुछ शामिल है. फोनपे एसबीआई कार्ड सेलेक्ट ब्लैक



कार्डधारक आवश्यक और बार-बार होने वाले फोनपे इन-ऐप लेनदेन पर रिवॉर्ड पॉइंट्स के रूप में 10% तक वैल्यू बैक अर्जित कर सकते हैं. ग्राहक अन्य प्लेटफॉर्म पर अपने सभी ऑनलाइन खर्चों पर रिवॉर्ड पॉइंट्स के रूप में 5% तक वैल्यू बैक भी प्राप्त कर सकते हैं.

इसके अलावा फोनपे एसबीआई कार्ड के लिए आवेदन प्रक्रिया को फोनपे ऐप में ही एकीकृत किया गया है. ग्राहक डिजिटल आवेदन के माध्यम से आसानी से कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं. ग्राहक फोनपे ऐप का उपयोग करके खरीदारी कर सकते हैं और अपने क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान भी फोनपे प्लेटफॉर्म पर ही कर सकते हैं. इस लॉन्च के अवसर पर एमडी एवं सीईओ, एसबीआई कार्ड, सलिला पांडे ने कहा, ₹भारत में डिजिटल भुगतान में तेजी से वृद्धि हो रही है, जो डिजिटल प्लेटफॉर्म की बढ़ती सुविधा और पहुंच से प्रेरित है. फोनपे के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी क्रेडिट कार्ड के उपयोग को और अधिक लोकप्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें एसबीआई कार्ड की गहरी डोमेन विशेषज्ञता और फोनपे के व्यापक डिजिटल नेटवर्क का मेल है. यह क्रेडिट कार्ड हर लेनदेन के साथ असाधारण लाभों और बेजोड़ सुविधा का एक अनूठा मिश्रण प्रदान करने के लिए सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया है. फोनपे एसबीआई कार्ड का लॉन्च विकसित होती उपभोक्ता ज़रूरतों के लिए बेहतरीन उत्पादों को वितरित करने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

अपनी बात रखते हुए फोनपे के सह-संस्थापक एवं सीईओ समीर निगम ने कहा, ₹हम हमेशा से वित्तीय सेवाओं को सरल बनाने और उन्हें सभी भारतीयों के लिए सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं. एसबीआई कार्ड के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से, हम डिजिटल भुगतानों से आगे बढ़कर औपचारिक क्रेडिट के क्षेत्र में अपनी पेशकशों का और विस्तार कर रहे हैं. हमने कार्ड की कार्यक्षमता को सीधे फोनपे ऐप में एम्बेड करके एक सहज उपयोगकर्ता अनुभव बनाने में महत्वपूर्ण प्रयास किया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि इसे लागू करना, प्रबंधन करना और उपयोग करना आसान है, साथ ही यह वैल्यू भी प्रदान करता है. यह पहल केवल सुविधा से कहीं बढ़कर है - हम भारत में एक अधिक समावेशी क्रेडिट परिदृश्य के लिए बुनियादी ढांचा तैयार कर रहे हैं. हमारा मानना है कि यह कार्ड कई उपयोगकर्ताओं की वित्तीय आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करेगा, और हम इस साझेदारी से उत्पन्न होने वाली संभावनाओं से रोमांचित हैं.

फोनपे एसबीआई कार्ड सेलेक्ट ब्लैक ₹1,499 के ज्वाइनिंग शुल्क के भुगतान पर ₹1,500 का वेलकम ई-गिफ्ट वाउचर प्रदान करता है. यह फोनपे और पिनकोड ऐप खर्चों पर रिवॉर्ड पॉइंट के रूप में 10% तक वैल्यू बैक अन्य सभी ऑनलाइन मर्चेंट खर्चों पर रिवॉर्ड पॉइंट के रूप में 5% तक वैल्यू बैक, और अन्य सभी पात्र खर्चों पर रिवॉर्ड पॉइंट के रूप में 1% वैल्यू बैक प्रदान करता है. फोनपे एसबीआई कार्ड पर्पल ₹499 के ज्वाइनिंग शुल्क के भुगतान पर ₹500 का वेलकम ई-गिफ्ट वाउचर प्रदान करता है. इसमें फोनपे और पिनकोड ऐप खर्चों पर रिवॉर्ड पॉइंट के रूप में 3% तक वैल्यू बैक, अन्य सभी ऑनलाइन लेनदेन पर रिवॉर्ड पॉइंट के रूप में 2% वैल्यू बैक और अन्य सभी पात्र खर्चों पर रिवॉर्ड पॉइंट के रूप में 1% वैल्यू बैक शामिल है. इन सभी रिवॉर्ड पॉइंट को बकाया क्रेडिट कार्ड बिलों का निपटारा करने या एसबीआई कार्ड रिडेम्पशन कैटलॉग से ई-गिफ्ट वाउचर प्राप्त करने के लिए भुनाया जा सकता है.

रिवॉर्ड के अतिरिक्त दोनों क्रेडिट कार्ड में महत्वपूर्ण माइलस्टोन और यात्रा लाभ भी शामिल हैं. फोनपे एसबीआई कार्ड सेलेक्ट ब्लैक धारकों को ₹5,00,000 के वार्षिक खर्च पर ₹5,000 का यात्रा वाउचर मिलेगा. ग्राहक प्रति वर्ष चार कांप्लीमेंट्री डोमेस्टिक लाउंज विज़िट (प्रति तिमाही एक) का भी आनंद ले सकते हैं, साथ ही अंतर्राष्ट्रीय लाउंज एक्सेस के लिए कांप्लीमेंट्री प्रायोरिटी पास सदस्यता भी मिलेगी.

# उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में तेजी का रुख

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच मजबूती बनी हुई है. आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी. हालांकि बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई. राहत की बात रही कि दबाव के बावजूद दोनों सूचकांक सुबह 10 बजे तक हरे निशान में ही कारोबार कर रहे थे. 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.25 प्रतिशत और निफ्टी 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे. सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी, बजाज ऑटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और इंडसइंड बैंक के शेयर 2.41 प्रतिशत से लेकर 0.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे. दूसरी ओर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, टेक महिंद्रा, ट्रेंट लिमिटेड, टाइटन कंपनी और एशियन पेंट्स के शेयर 1.22 प्रतिशत से लेकर 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे. अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,398 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी.

# सर्राफा बाजार में जोरदार तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज जोरदार तेजी का रुख नजर आ रहा है. सोना आज 1,050 रुपये से लेकर 1,140 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है. इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 2,200 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है. कीमत में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,01,300 रुपये से लेकर 1,01,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 92,860 रुपये से लेकर 93,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. चांदी के भाव में तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु



दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,18,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है.

दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,01,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 93,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,01,300 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,01,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,01,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,860 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है.

### एक्सएटी 2026 के लिए आवेदन शुरू, 250 से अधिक बी-स्कूलों में मिलेगा प्रवेश

**नयी दिल्ली।** देश की प्रतिष्ठित एमबीए/पीजीडीएम प्रवेश परीक्षाओं में शुमार ज़ेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट (एक्सएटी) 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. एक्सएलआरआई - ज़ेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित इस परीक्षा का आयोजन 4 जनवरी 2026, रविवार को किया जाएगा. इच्छुक अभ्यर्थी xatonline.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं. एक्सएटी को देशभर के 250 से अधिक प्रमुख बी-स्कूल स्वीकार करते हैं. इस परीक्षा की खासियत इसका समग्र एवं एप्टीट्यूड आधारित मूल्यांकन मॉडल है, जो प्रबंधन के योग्य उम्मीदवारों की सही पहचान करता है. यह परीक्षा ज़ेवियर एसोसिएशन ऑफ मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट्स के तहत संचालित होती है और पिछले 75 वर्षों से लीडरशिप और उत्कृष्टता की मजबूत विरासत को आगे बढ़ा रही है. एक्सएटी केवल एक प्रवेश परीक्षा नहीं, बल्कि नेतृत्व गढ़ने की परंपरा है. परीक्षा के कन्वेनर प्रोफेसर राहुल शुक्ला ने बताया कि, हम न केवल इस ऐतिहासिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, बल्कि इसे आज की आवश्यकताओं के अनुरूप भी ढाल रहे हैं. हमारा लक्ष्य छात्रों को परीक्षा के पहले दिन से ही पूरा सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करना है. परीक्षा देश के 100 से अधिक शहरों में आयोजित की जाएगी, जिससे छात्रों को अपने नजदीकी केंद्र पर परीक्षा देने का अवसर मिलेगा. इससे न केवल मेट्रो शहरों के, बल्कि छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को भी समान अवसर मिल सकेगा.

### भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने वाइसरॉय रिपोर्ट को बताया अविश्वसनीय

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने वेदांता लिमिटेड के समर्थन में एक विस्तृत कानूनी राय जारी करते हुए अमेरिकी शॉर्ट-सेलर वाइसरॉय रिसर्च ग्रुप की हालिया रिपोर्ट की कड़ी निंदा की है. 20 पृष्ठों की इस राय में कहा गया है कि वाइसरॉय की रिपोर्ट विश्वसनीय नहीं है और इसे बाजार में हेरफेर करने की नीयत से तैयार किया गया है. डॉ. चंद्रचूड़ की राय के अनुसार, रिपोर्ट में वेदांता के खिलाफ लगाए गए आरोप भारतीय न्यायिक परिप्रेक्ष्य में टिकाऊ नहीं हैं. उन्होंने इस रिपोर्ट को ₹निंदनीय₹ करार देते हुए इसे एक ₹गैरकानूनी वित्तीय लाभ₹ की साजिश बताया है. वेदांता ने यह कानूनी राय भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों में भी दाखिल की है. पूर्व सीजेआई ने रिपोर्ट के समय और इसके पीछे की मंशा पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं. उनका मानना है कि यह रिपोर्ट जानबूझकर उस समय जारी की गई है जब वेदांता ग्रुप सकारात्मक क्रेडिट ग्रोथ और सफल रीफाइनेंसिंग की दिशा में अग्रसर था. उन्होंने कहा कि इसका मकसद वेदांता के प्रस्तावित कॉर्पोरेट डीमर्जर अभ्यास को प्रभावित करना हो सकता है. डॉ. चंद्रचूड़ ने रिपोर्ट तैयार करने वाले शोधकर्ताओं की साख पर भी सवाल उठाए हैं और बताया कि वाइसरॉय रिसर्च ग्रुप की अन्य कंपनियों के खिलाफ की गई रिपोर्टों को लेकर भारत सहित कई देशों में कानूनी कार्यवाहियां जारी हैं. उन्होंने राय में यह भी स्पष्ट किया कि वेदांता के पास मानहानि के आधार पर भारतीय न्यायालयों में जाने के लिए पर्याप्त कानूनी आधार है.

### स्टॉक मार्केट में मोनिका एल्कोबेव की सपाट एंट्री, मामूली फायदे में आईपीओ निवेशक

**नयी दिल्ली।** एल्कोहलिक बेवरेजेज का आयात करके भारत और पड़ोसी देशों में बिक्री करने वाली कंपनी मोनिका एल्कोबेव के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मामूली बढ़त के साथ एंट्री की. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 286 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर सिर्फ 0.70 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 288 रुपये के स्तर पर हुई. लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण शेयरों में तेजी का रुख बना. सुबह 10:30 बजे तक के कारोबार के बाद कंपनी के शेयर 289.50 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे. इससे अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को करीब 1.22 प्रतिशत का मुनाफा हुआ है. मोनिका एल्कोबेव का 165.63 करोड़ रुपये का आईपीओ 16 से 18 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 4.08 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 2.54 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 8.86 गुना सब्सक्रिप्शन आया था. इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.29 गुना सब्सक्राइब हुआ था.

### जेमिमा रोड्रिग्स के साथ साझेदारी में आया कप्तान का आक्रामक तेवर

# हरमनप्रीत ने शब्द नहीं, शतक से दिया जवाब

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक वनडे में शानदार शतक जड़ते हुए न केवल अपनी फॉर्म में वापसी की, बल्कि भारत को श्रृंखला जीत दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई. इस मैच में उन्होंने 100 रन की साहसिक पारी खेली और 'प्लेयर ऑफ द मैच' और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज़' दोनों खिताब अपने नाम किए.जब हरमनप्रीत 22 रन पर थीं, तब लॉरेन फिलर की एक गेंद पर इंग्लैंड ने एलबीडब्ल्यू की अपील पर रिव्यू नहीं लेने का फैसला किया, जो बाद में उनकी बड़ी भूल साबित हुई. उस समय भारत मुश्किल स्थिति में था, लेकिन कप्तान ने मोर्चा संभालते हुए टीम को संकट से निकाला.यह हरमनप्रीत का एक साल बाद आया वनडे शतक था. पिछली बार उन्होंने जून 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेंगलुरु में शतक जमाया था. इसके बाद से उन्होंने 13 पारियों में 29 की औसत से सिर्फ 319 रन बनाए थे. इस दौरान भारत की अन्य बल्लेबाजों जैसे स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देओल और जेमिमा रोड्रिग्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे हरमनप्रीत की फॉर्म पर सवाल उठने लगे थे.तीसरे वनडे में जब हरमनप्रीत बल्लेबाजी के लिए उतरीं, तब भारत के दोनों ओपनर आउट हो चुके थे. इंग्लैंड की स्पिन जोड़ी सोफी एक्लेस्टोन और चार्ली डीन दबाव बना चुकी थी. 11 गेंदों तक बिना रन बनाए खेलने के बावजूद हरमनप्रीत ने संयम नहीं खोया और धीरे-धीरे लय में आती गईं. उन्होंने हरलीन देओल के साथ 81 रन की साझेदारी की, जिसने एक्लेस्टोन जैसे गेंदबाज की ओवरों को जल्दी खत्म करने पर इंग्लैंड को मजबूर कर दिया.एक समय 48 गेंदों पर 39 रन बनाकर खेल रहीं हरमनप्रीत ने जेमिमा रोड्रिग्स के आने के बाद रफ्तार पकड़ी. रोड्रिग्स ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए चार ओवरों में ही मैच का रुख बदल दिया. इसके बाद हरमनप्रीत ने भी अपने स्वाभाविक अंदाज में आक्रामकता दिखाई और अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाते हुए सिर्फ 28 गेंदों में पारी के दूसरे 50 रन पूरे किए.



**4000 रन क्लब में शामिल**


इस मैच में उन्होंने वनडे करियर का तीसरा शतक इंग्लैंड की धरती पर लगाया, जो उनके करियर का सबसे तेज़ शतक भी रहा. इसके साथ ही वह वनडे क्रिकेट में 4000 रन का आंकड़ा पार करने वाली भारत की तीसरी महिला खिलाड़ी बन गईं .मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा, ₹यह मैच हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण था. मैंने खुद से कहा था कि मैदान पर टिकना है और टीम के लिए खेलना है. शुरुआत में रन नहीं मिल रहे थे लेकिन धैर्य रखा और सही समय आने का इंतजार किया. यह पारी मैं अपने पिता को समर्पित करती हूं जो इस तरह की पारी का काफी समय से इंतजार कर रहे थे.

### आंद्रे रसेल ने इंटरनेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा

# आखिरी मैच में बल्ले ने उगली आग

एजेंसी। नयी दिल्ली

वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल बुधवार को अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेलने उतरे. उनके बल्ले ने आखिरी मैच में आग उगली. अपने फैंस और स्टेडियम में पहुंचे हजारों दर्शकों का भरपूर मनोरंजन आंद्रे रसेल ने किया, लेकिन आखिर में वेस्टइंडीज की टीम को हार का सामना करना पड़ा. इस तरह आंद्रे रसेल की विदाई खुशनुमा अंदाज में वेस्टइंडीज की टीम नहीं कर पाई. इस फेयरवेल पार्टी में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज जोश इंग्लिस ने खलल डाला, जिन्होंने तूफानी अंदाज में 33 गेंदों में 78 रन बनाए.37 साल के आंद्रे रसेल ने इस बात का ऐलान पहले ही कर दिया था कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहले दो मुकाबले उनके इंटरनेशनल करियर के आखिरी मैच होंगे. जमैका के सबीना पार्क में वे अपने फैंस और होम ग्राउंड में विदाई मैच खेलना चाहते थे. हालांकि, दोनों मैचों में टीम को हार मिली. दूसरे मैच की बात करें तो आंद्रे रसेल ने 15 गेंदों में 2 चौके और 4 छक्कों की मदद से 36 रनों की पारी खेली. उनका स्ट्राइक रेट 240 का था. 51 रन ब्रैंडन किंग ने बनाए थे. 20 ओवर में टीम 172 रन बना पाई. वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने 173 रनों का टारगेट 16वें ओवर में ही हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया.मैच के बाद आंद्रे रसेल ने कहा, मैं बस शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, सबीना पार्क के लोगों और इस मौके के लिए शुक्रिया. घरेलू दर्शकों के सामने खेलकर बहुत खुशी हुई, नतीजा हमारे पक्ष में नहीं गया, लेकिन इतने सारे मैच खेलकर मैं खुश हूं और टीम के भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं. नतीजा (आज) हमारे पक्ष में नहीं गया, आप सभी के समर्थन के लिए शुक्रिया, मैं इसकी बहुत सराहना करता हूं. मुझे याद है कि हमने दो विश्व कप जीते थे, झंडे बुलंद थे, लेकिन आखिरकार - मुझे लगता है कि अब आगे बढ़ने का समय आ गया था, हमारी टीम में कई अच्छे खिलाड़ी हैं, शेफर्ड भी जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं और रदरफोर्ड, अल्ज़ारी और होल्डर जैसे खिलाड़ी भी हैं. सबीना पार्क में अपने करियर का अंत करना शानदार रहा, नतीजा हमारे पक्ष में नहीं गया, लेकिन क्रिकेट का यही खेल है. आपने हमारा बहुत साथ दिया है और आगे भी देते रहिए.



# 2027 रग्बी वर्ल्ड कप: 26 जुलाई को कम्पाला में उद्घाटन मैच

**एशिया व अफ्रीका प्ले-ऑफ की मेजबानी करेगा युगांडा**



एजेंसी। कम्पाला

युगांडा 2027 रग्बी वर्ल्ड कप के लिए एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ मैच की मेजबानी करेगा. यह निर्णायक मुकाबला 26 जुलाई को कम्पाला स्थित मंडेला नेशनल स्टेडियम में नामीबिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच खेला जाएगा.अफ्रीकी क्वालिफायर में जिम्बाब्वे से हारने वाली नामीबिया की टीम के पास अब वर्ल्ड कप की दौड़ में बने रहने का यह अंतिम मौका होगा. अगर वे इस मैच में जीत हासिल करते हैं, तो उनकी उम्मीदें कायम रहेंगी.रग्बी अफ्रीका के अध्यक्ष हर्बर्ट मेंसाह ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ₹हमें खुशी है कि एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ युगांडा में आयोजित हो रहा है. यह युगांडा के लिए एक और बड़ा अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित करने का शानदार अवसर है. हम युगांडा सरकार और युगांडा रग्बी यूनियन के सहयोग के लिए आभारी हैं.यूएई की टीम मंगलवार को युगांडा पहुंच चुकी है. यदि यूएई यह मुकाबला जीतती है, तो वह नवंबर 2025 में होने वाले वर्ल्ड रग्बी रिपेशाज टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करेगी, जो उन्हें 2027 वर्ल्ड कप (ऑस्ट्रेलिया) के लिए एक और मौका देगा.रिपेशाज एक चार-टीमों का राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट होगा, जिसमें एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ विजेता, यूरोप की पांचवीं रैंक टीम, दक्षिण अमेरिका की तीसरी रैंक टीम, और दक्षिण अमेरिका/प्रशांत प्ले-ऑफ की हारने वाली टीम शामिल होंगी.

### यूएस ओलंपिक और पैरालंपिक समिति ने लिया बड़ा निर्णय

# ट्रांसजेंडर महिलाओं के महिला खेलों में भाग लेने पर लगाई रोक

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका की ओलंपिक और पैरालंपिक समिति (यूएसओपीसी) ने अपनी नीति में बड़ा बदलाव करते हुए ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने से प्रतिबंधित कर दिया है. यह फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस वर्ष की शुरुआत में जारी किए गए कार्यकारी आदेश के अनुरूप लिया गया है.यूएसओपीसी ने अपनी एथलीट सुरक्षा नीति में किए गए संशोधन में कहा, यूएसओपीसी अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी), अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) और राष्ट्रीय खेल महासंघों जैसे संबंधित निकायों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगा कि महिलाओं को निष्पक्ष और सुरक्षित प्रतिस्पर्धा का माहौल मिले, जो कार्यकारी आदेश और टेड स्टीवंस ओलंपिक एवं शौकिया खेल अधिनियम के अनुरूप हो.इस बदलाव को लेकर यूएसओपीसी ने फिलहाल किसी भी मीडिया सवाल का जवाब नहीं दिया है.एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यूएसओपीसी के अध्यक्ष जीन साइक्स और सीईओ सारा हिर्शलैंड ने टीम यूएसए समुदाय को एक मेमो भेजकर यह स्पष्ट किया कि एक संघीय चार्टर्ड संगठन होने के नाते, यूएसओपीसी की जिम्मेदारी है कि वह संघीय अपेक्षाओं का पालन करे.गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने फरवरी 2025 में कीपिंग मेन आउट ऑफ वूमेन स्पोर्ट्स नामक एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे. इस आदेश के तहत ट्रांसजेंडर लड़कियों और महिलाओं को महिला खेलों से बाहर रखने का निर्देश दिया गया है.

समर्थकों का कहना है कि यह कदम खेलों में निष्पक्षता लाने के लिए जरूरी है, जबकि आलोचक इसे अल्पसंख्यक ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों के अधिकारों का उल्लंघन मानते हैं. इस आदेश में न केवल स्कूली और कॉलेज स्तर के खेलों को शामिल किया गया है, बल्कि इसमें अमेरिका में प्रतिस्पर्धा करने के लिए ट्रांसजेंडर महिलाओं को वीजा देने से इनकार करने का निर्देश भी शामिल है. ट्रंप ने यह भी कहा कि वह 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक में ट्रांसजेंडर एथलीटों को भाग लेने की अनुमति नहीं देंगे.आदेश के अनुसार, अमेरिकी विदेश मंत्रालय को भी आईओसी पर दबाव डालने को कहा गया है ताकि वह अपनी मौजूदा नीति में बदलाव करे, जो वर्तमान में ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों को कुछ मानकों के तहत प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति देती है.बताया जा रहा है कि इस आदेश का असर खिलाड़ियों के एक बहुत छोटे समूह पर ही पड़ेगा. नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने दिसंबर में सीनेट पैनल को बताया था कि 1,100 सदस्य स्कूलों के 5.3 लाख से अधिक खिलाड़ियों में से उन्हें केवल 10 से कम ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों की जानकारी है.



# भारत ने इंग्लैंड को हरा कर 2-1 से जीती सीरीज

- हरमनप्रीत का शतक और क्रांति की गेंदबाजी ने दिलाई जीत

एजेंसी। चेस्टर-ले-स्ट्रीट

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक एकदिवसीय मुकाबले में 13 रन की शानदार जीत दर्ज करते हुए तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली. इस मुकाबले में कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद शतक और गेंदबाज क्रांति गौड के 6 विकेटों का अहम योगदान रहा. भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 5 विकेट पर 318 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 84 गेंदों पर 102 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें उन्होंने 14 चौके लगाए. उनके अलावा जेमिमा रोड्रिग्स ने तेज़तर्रार 50 रन और हरलीन देओल व स्मृति मंधाना ने क्रमशः 45-45 रनों की उपयोगी पारियां खेलीं. जवाब में इंग्लैंड की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए पूरे 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 296 रन ही बना सकी और 13 रन से मैच गंवा बैठी. इंग्लैंड की ओर से नैट स्किवर-ब्रंट ने सर्वाधिक 98 रन बनाए, जबकि एम्मा लैम्ब ने 68 रनों की शानदार पारी खेली. लेकिन भारत की गेंदबाज क्रांति गौड ने 52 रन देकर 6 विकेट झटकते हुए इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया. इस जीत के साथ भारत ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की और विदेशी जमीन पर एक और यादगार जीत दर्ज की. कप्तान हरमनप्रीत को उनकी शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया.



### ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया

# पांच मैचों की टी-20 सीरीज में बनाई 2-0 की बढ़त

एजेंसी। जमैका

ऑस्ट्रेलिया ने जोश इंगलिस की धमाकेदार बल्लेबाज़ी की बदौलत बुधवार (भारतीय समयानुसार) को वेस्टइंडीज को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में आठ विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है.इंगलिस ने मात्र 33 गेंदों में 78 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि कैमरन ग्रीन ने 32 गेंदों में 56 रन बनाकर उनका बखूबी साथ दिया. ऑस्ट्रेलिया ने 173 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 15.2 ओवर में हासिल कर लिया और 28 गेंद शेष रहते मैच जीत लिया.इससे पहले, वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद अपने अंतिम मुकाबले में दर्शकों को झूमने का मौका दिया. उन्होंने महज 15 गेंदों में 36 रन ठोक डाले, जिसमें चार गगनचुंबी छक्के शामिल थे.वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 172 रन बनाए. ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज़ एडम ज़म्पा ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 29 रन देकर तीन विकेट झटके.अब दोनों टीमों के बीच तीसरा टी20 मुकाबला शनिवार को सेंट किट्स एंड नेविस में खेला जाएगा (ऑस्ट्रेलियाई समयानुसार).



### एआईयू ने डब्ल्यूयूजी विवाद के लिए संयुक्त सचिव सेखों को निलंबित किया

# जांच के लिए तीन सदस्यों की टीम गठित

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने अपने संयुक्त सचिव बलजीत सिंह सेखों को निलंबित कर दिया है और जर्मनी के राइन-रूहर में चल रहे विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) के लिए चुने गए खिलाड़ियों के प्रतियोगिता में भाग लेने से चूकने के कुप्रबंधन की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच पैनल का गठन किया है.भारतीय बैडमिंटन टीम ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था लेकिन उस समय विवाद पैदा हो गया. जब यह बात सामने आई कि 16 जुलाई को टीम मैनेजरों की बैठक के दौरान भारतीय अधिकारियों द्वारा सभी नामों को सही ढंग से प्रस्तुत न कर पाने के कारण चुने गए 12 खिलाड़ियों में से छह को भाग लेने से रोक दिया गया था.भारतीय बैडमिंटन टीम ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था लेकिन उस समय विवाद पैदा हो गया जब यह बात सामने आई कि 16 जुलाई को टीम मैनेजरों की बैठक के दौरान भारतीय अधिकारियों द्वारा सभी नामों को सही ढंग से प्रस्तुत न कर पाने के कारण चुने गए 12 खिलाड़ियों में से छह को भाग लेने से रोक दिया गया था.एआईयू ने हालांकि कहा कि एफआईएसयू (विश्वविद्यालय खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्था) के साथ बातचीत के बाद, टीम के सभी 12 सदस्यों को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं, जैसा कि नियम है. रोहन कुमार, दर्शन पुजारी, अदिति भट्ट, अभिनाश मोहंती, विराज कुवले और अलीशा खान भारत की 12 सदस्यीय टीम का हिस्सा थे लेकिन उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला.महिलाओं की 400 मीटर दौड़ की धाविका देवयानी बाजाला ने भी आरोप लगाया कि अधिकारियों की गलती के कारण वह भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाई. एआईयू के महासचिव पंकज मित्तल ने कहा, 'जांच पैनल पूरे मामले की जांच करेगा और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए हमने अपने संयुक्त सचिव बलजीत सिंह सेखों को निलंबित करने का फैसला किया है. पैनल 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगा.



### डीसी ओपन : दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने दिखाया अपना जलवा

# एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला बनीं वीनस

एजेंसी। वॉशिंगटन

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी विनस विलियम्स ने एक बार फिर से अपना जादू दिखाते हुए डीसी ओपन में मंगलवार रात अमेरिकी खिलाड़ी पेटन स्टीयर्न्स को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराकर इतिहास रच दिया. इस जीत के साथ 45 वर्षीय विनस विलियम्स पेशेवर टेनिस में टूर-स्तरीय सिंगल्स मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बन गई हैं.

इससे पहले यह उपलब्धि टेनिस की महान खिलाड़ी मार्टिना नवरातिलोवा ने 2004 में 47 साल की उम्र में हासिल की थी.विनस के लिए यह जीत कई मायनों में खास रही. यह उनका लगभग दो वर्षों में पहला सिंगल्स मैच जीतना है. उन्होंने आखिरी बार अगस्त 2023 में सिनसिनाटी में सिंगल्स मैच जीता था और मार्च 2024 के बाद से किसी आधिकारिक सिंगल्स मैच में नहीं खेली थीं. इस दौरान वह गर्भाशय फाइब्रॉइड की सर्जरी के कारण टेनिस से दूर थीं और डब्ल्यूटीए द्वारा ₹निष्क्रिय₹ घोषित की गई थीं.मैच के बाद भावुक विनस ने कहा, इतने लंबे समय बाद लौटना और परफेक्ट मैच खेलना आसान नहीं होता. मैं सिर्फ अच्छा खेलना चाहती थी.और मैच जीतना भी.पेटन स्टीयर्न्स, जो उम्र में विनस से 22 साल छोटी हैं और वर्तमान में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 35वें स्थान पर हैं, के खिलाफ विनस ने अपने पुराने अंदाज की झलक दी.

उन्होंने पहले सेट में शानदार रिटर्न विनर से शुरुआत की और जल्द ही 4-2 की बढ़त हासिल कर ली.मैच के दौरान दर्शकों का समर्थन भी जबरदस्त रहा. जैसे ही विनस मुख्य कोर्ट में उतरीं, 7,000 दर्शकों वाले स्टेडियम में जोरदार तालियां और जयकारे गूंज उठे. उनके हर ऐस पर (कुछ 110 मील प्रति घंटे से भी तेज) दर्शकों की प्रतिक्रिया रोमांचक रही.हालांकि, खेल में उनकी लंबी गैरमौजूदगी के कुछ संकेत भी देखने को मिले जैसे शुरुआती गेम में लगातार चार गलतियों से ब्रेक हो जाना. लेकिन उन्होंने जल्दी ही वापसी की और मैच के आखिर में 112 मील प्रति घंटे की सर्व के साथ जीत की मुहर लगाई. अब विनस विलियम्स दूसरे दौर में पोलैंड की 27 वर्षीय और 5वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मैग्डालेना फ्रेच से भिड़ेंगी.ग्रैंड स्लैम चैंपियन विनस के करियर की उपलब्धियां किसी प्रेरणा से कम नहीं हैं उन्होंने अब तक 7 ग्रैंड स्लैम सिंगल्स खिताब, 14 महिला डबल्स (सभी अपनी बहन सेरेना विलियम्स के साथ), और 2 मिक्स्ड डबल्स खिताब जीते हैं.



# एथलेटिक बिलबाओ ने जीसस अरेसो को दूसरी बार टीम में किया शामिल

एजेंसी। मैड्रिड

एथलेटिक बिलबाओ ने एक बार फिर राइट बैक जीसस अरेसो को ओसासुना से साइन कर लिया है. यह अरेसो का क्लब में दूसरा कार्यकाल होगा.अरेसो को लगभग 1.2 करोड़ यूरो (करीब 14 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की रिलीज क्लॉज के तहत साइन किया गया है और उन्होंने 2031 तक छह साल का अनुबंध किया है. इस ट्रांसफर में एथलेटिक ने एटलेटिको मैड्रिड की रुचि को पीछे छोड़ा.26 वर्षीय अरेसो इससे पहले 2017 में 4.5 लाख यूरो में ओसासुना से एथलेटिक पहुंचे थे और क्लब की बी टीम के लिए 55 मुकाबलों में खेले. हालांकि, उन्होंने नया अनुबंध ठुकराकर 2021 में ओसासुना वापसी की थी. एक गंभीर पैर की चोट से उबरने के बाद, उन्होंने पिछले दो सीज़नों में ला लीगा में ओसासुना के लिए 76 मैच खेले.तेज और आक्रामक शैली में खेलने वाले अरेसो अब ओस्कार डी मार्कोस की जगह लेंगे, जिन्होंने पिछले सीज़न के अंत में क्लब के लिए रिकॉर्ड 572 मैच खेलने के बाद संन्यास ले लिया.सूत्रों के मुताबिक, एथलेटिक बिलबाओ स्पेन के डिफेंडर आयमेरिक लापोर्ते को भी सऊदी क्लब अल-नासर से दोबारा साइन करने के करीब है. क्लब ने पिछले सीज़न ला लीगा में चौथा स्थान हासिल किया था और चैंपियंस लीग में वापसी की तैयारी कर रहा है.



## ब्रीफ न्यूज

### मरकच्चो में जंगली हाथी ने युवक को कुचला, मौत

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखण्ड अंतर्गत चोपनाडीह के निकट बेलाडीह गांव में बुधवार की दोपहर एक हाथी ने एक युवक को कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था. हालांकि उपचार के लिये रांची ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी. युवक की पहचान बेलाडीह गांव निवासी 29 वर्षीय सद्दाम अंसारी, पिता मंसूर अंसारी के रूप में की गई है. ग्रामीणों के अनुसार हाथियों का झुंड देर रात से ही मरकच्चो प्रखण्ड के चोपनाडीह ग्रामीण इलाकों में भ्रमणशील था. बुधवार की सुबह खेती के लिए गए स्थानीय दो लोगों के मोटरसाइकिल को भी हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिसकी जानकारी उनके द्वारा गांव में आकर दी गई थी.

### बरही में पेपर लदा ट्रक पलटा,कोई हताहत नहीं

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत जवाहर घाट पुल के पास बुधवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया. उड़ीसा से पेपर लादकर पटना जा रही बारह चक्का ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई. हादसा सुबह करीब 3 से 4 बजे के बीच हुआ.गौरतलब है कि ट्रक पुल के नीचे गिरने से बाल-बाल बच गई, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई. ट्रक में मौजूद उपचालक ने बताया कि पुल से ठीक पहले तीखा मोड़ था, जहां चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक पलट गई.घटना की सूचना मिलते ही बरही थाना की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया.

### चंदवारा में सड़क दुर्घटना में एसआई हुआ घायल

**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाईन गेट के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एसआई बुरी तरह से घायल हो गये. मिली जानकारी के अनुसार एसआई राकेश सिंह बाइक पैसन प्रो पर सवार होकर चंदवारा से पुलिस लाईन आ रहे थे.तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया, जिससे वे बुरी तरह से घायल हो गए. घटना के सूचना मिलते ही चंदवारा थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार ने घायल एसआई को सदर अस्पताल कोडरमा में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए राँची रिम्स रेफर कर दिया गया.बताया जाता है कि एस आई राकेश सिंह पुलिस लाईन में लाइन बाबु के पद पर कार्यरत है.

### 12 लोगों पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**बरही।** बरही प्रखंड में बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद ने 12 लोगों के विरुद्ध बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. इन सभी पर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करने का आरोप है.प्राप्त जानकारी के अनुसार करियातपुर, धनवार और पटना रोड स्थित गिलान टोला क्षेत्र के कई निवासी बिना वैध कनेक्शन के बिजली का उपभोग कर रहे थे. विद्युत विभाग की जांच में ये मामले उजागर हुए, जिसके बाद संबंधित व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की गई.प्राथमिकी में जिन लोगों के नाम शामिल हैं, उनमें करियातपुर निवासी पार्वती देवी, नंदकिशोर प्रसाद, रंजीत ठाकुर, सत्रुधन सिंह, सोनू कुमार, दिलीप कुमार, संतोष भगत, असमुनिया खातून, शाजदा खातून, राजू केशरी एवं गुड्डू मालाकार शामिल हैं.बिजली विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की चोरी न केवल अवैध है, बल्कि इससे राजस्व की हानि भी होती है. विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसे अभियानों को जारी रखा जाएगा .

### आखिर क्यों पूर्व सांसद को जोड़ना पड़ा हाथ, पैर पकड़ने की कह दी बात

# अक्षयपात्रा योजना अपने उद्देश्य से कोसों दूर : जयंत सिन्हा

**प्रदीप सिन्हा । हजारीबाग**



हजारीबाग में अक्षयपात्रा योजना जिस उद्देश्य के साथ शुरु की गई थी वह अब तक पूरा नहीं हो पाया है. अक्षयपात्रा योजना के तहत जिले भर वैसे सरकारी स्कूल जहां मध्याह्न भोजन का संचालन होता है, उनके लिए पौष्टिक भोजन को लेकर बच्चों को मध्यान भोजन पहुंचना था, जो अभी महज 27 स्कूलों तक ही सीमित रह गया है. हजारीबाग के पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने इस योजना को धरातल पर उतरा था. उन्होंने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से हाथ जोड़कर प्रार्थना की है कि इस योजना को पूरा अवश्य करें. अक्षयपात्रा के लक्ष्य पूर्ति को लेकर हजारीबाग के पुर्व सांसद जयंत सिन्हा जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि का हाथ जोड़कर यह विनती कर रहे हैं कि अक्षय पत्र योजना जिस उद्देश्य के साथ धरातल पर उतरा गया था उसे पूरा कर दें. उन्होंने यह भी कह दिया कि अगर नौबत आयी तो वे पैर पकड़ने के लिए भी तैयार हैं . ज्ञात हो कि देश के पूर्व राज्य उड्डयन मंत्री जयंत सिन्हा ने बड़े ही उत्साह के साथ इस योजना को धरातल पर उतरा था कहा जाए तो यह जयंत सिन्हा जब सांसद थे तो उनका ड्रीम प्रोजेक्ट था. सरकारी विद्यालय के बच्चों को मध्यान्ह भोजन के रूप में बेहतर गर्म पौष्टिक खाना मिले इसे देखते हुए अक्षय पत्र योजना धरातल पर उतरे गई थी. जिसके तहत एक लाख बच्चों को मध्यान भोजन देना था. महज कुछ ही विद्यालय में मध्यान भोजन पहुंच रहा है. जयंत सिन्हा ने कहा कि बच्चों के भविष्य और उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ ना करें. अक्षय पात्रा एक महत्वपूर्ण योजना है. जिसका एकमात्र उद्देश्य बच्चों के हित के लिए है. एक बॉयलर के कारण खाना तैयार नहीं हो रहा है और इसे देखने वाला कोई नहीं है. इन्होंने कहा कि अब वह हजारीबाग के एक साधारण जानता है इस कारण सिर्फ वह प्रार्थना ही कर सकते हैं.हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने इस मामले को गंभीरता से भी लिया है. इन्होंने विश्वास जताया है कि कुछ समस्या आ रही है. उसे समस्या को दूर करके बच्चों को गर्म और पौष्टिक खाना उपलब्ध कराया जाएगा. हजारीबाग में स्थापित अक्षयपात्रा रसोईघर झारखंड का सबसे बड़ा रसोई घर है जहां एक साथ 10000 किलो चावल, 5000 किलो दाल और 5500 किलो सब्जी बनाने की योजना थी. यहां से सरकारी स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन पहुंचाया जाएगा l यहां भोजन बनाने के लिए स्थानीय बाजारों से सब्जी खरीदी जाएगी जिससे किसानों को लाभ पहुंचेगा लेकिन यह योजना महज कुछ स्कूल तक ही सिमट कर रह गई है .

## एक नजर

### गया पुल अंडरपास की समस्या का शीघ्र करें निदान : उपायुक्त

- बैठक में सड़क मरम्मती, नालियों, पाइपलाइन लीकेज को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**शुभम संदेश । धनबाद**

उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में गया पुल अंडरपास में हो रहे जल जमाव, सड़कों पर गड्ढे, ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान हेतु रेलवे, नगर निगम, पीएचइडी एवं आरसीडी के साथ समन्वय बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में की गई. इस दौरान आरसीडी के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि सड़क पर नालियों के पानी एवं जलापूर्ति योजना की पाइपलाइन से लीकेज के कारण निकलने वाले पानी से सड़कों पर हमेशा गड्ढे हो जाते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम की स्थिति निरंतर बनी रहती है. उपायुक्त ने गया पुल अंडरपास में रेलवे द्वारा बहाई जा रही नालियों की पानी निकासी की व्यवस्था एवं रेलवे द्वारा निर्मित नालियों की सफाई हेतु रेलवे के पदाधिकारियों एवं नगर निगम को निर्देशित किया. श्रमिक चौक में हो रही पाइपलाइन लीकेज के कारण जर्जर हो चुकी सड़क को लेकर पीएचइडी एवं आरसीडी के अभियंता को समस्या का त्वरित समाधान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

डीसी ने कहा कि गया पुल अंडरपास में छोटी सी समस्या को लेकर जाम की समस्या निरंतर लगी रहती है. इसे दूर करने के लिए जो किया जा सकता है उसे आपसी समन्वय के साथ सुनिश्चित करें. बैठक में आरसीडी के कार्यपालक अभियंता, अपर नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, पीएचइडी 1 के कार्यपालक अभियंता एवं रेलवे के पदाधिकारी मौजूद रहे.

### उपायुक्त ने जयनगर अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, लापरवाही उजागर

# सभी कर्मचारियों का वेतन रोका, एक को किया निलंबित



**शुभम संदेश । जयनगर**

उपायुक्त श्री ऋतुराज ने बुधवार को प्रखंड का व्यापक औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान अंचल कार्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूपायडीह और उत्क्रमित उच्च विद्यालय रूपायडीह का दौरा कर व्यवस्था का जायजा लिया.

अंचल कार्यालय के निरीक्षण में उपायुक्त ने आगत-निर्गत रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े पत्रों का परीक्षण किया, जिसमें रिकॉर्ड संधारण में भारी लापरवाही सामने आई. दाखिल-खारिज के कई मामले 30 से 90 दिनों से अधिक समय से लंबित पाए गए. राजस्व कर्मचारियों के पास दैनिक लॉग बुक तक उपलब्ध नहीं था. इस पर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अंचल कार्यालय के सभी कर्मचारियों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने का आदेश दिया. साथ ही कर्तव्यहीनता के आरोप में एक राजस्व कर्मचारी को निलंबित करने का निर्देश दिया.

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग पारदर्शिता व संवेदनशीलता के साथ कार्य करें.

**आंगनबाड़ी में अनियमितता, सेविका को शो-कॉज नोटिस:** निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने जयनगर पंचायत अंतर्गत मॉडल आंगनबाड़ी प्री-नर्सरी स्कूल 'किलकारी' का भी जायजा लिया. पंजी संधारण में अनियमितता पाए जाने पर सेविका को शो-कॉज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया. उन्होंने बच्चों से संवाद कर पाठ्यक्रम, कलर कोडिंग और पोषण स्थिति की जानकारी ली तथा सक्रिय सहभागिता पर संतोष व्यक्त किया.

**रूपायडीह पीएचसी में लापरवाही, वेतन रोका गया:** रूपायडीह स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में दवा भंडारण, प्रसव कक्ष, स्वच्छता, रजिस्टर संधारण समेत सभी व्यवस्थाओं में लापरवाही उजागर हुई. प्रसव कक्ष भी अव्यवस्थित पाया गया. उपायुक्त ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व एएनएम से स्पष्टीकरण मांगते हुए सभी कर्मचारियों का वेतन रोकने का आदेश दिया.

**विद्यालय की व्यवस्थाओं पर संतोष :** उत्क्रमित उच्च विद्यालय रूपायडीह के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पठन-पाठन, मध्याह्न भोजन, शिक्षकों की उपस्थिति, पोषण वाटिका, शौचालय व रसोईघर की स्वच्छता का आकलन किया. विद्यालय की व्यवस्था पर संतोष जताते हुए उपायुक्त ने शिक्षकों को इसी तरह कार्य करते रहने का निर्देश दिया.निरीक्षण के अंत में उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि जनता से जुड़े कार्यों में कोताही किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं होगी. सभी विभागीय कर्मी कार्य प्रणाली में सुधार लाएं और आमजनों के हित में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें.

### सभी विभाग 7 दिनों में तय लक्ष्य करें पूर्ण : डीडीसी

**जयनगर (कोडरमा)।** डीडीसी रवि जैन ने बुधवार को प्रखंड का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं की गहन समीक्षा की. इस दौरान प्रखंड मुख्यालय सभागार में आयोजित बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), 15वें वित्त आयोग तथा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत चल रही योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई. बैठक में कल्याण, कृषि, पशुपालन, विद्युत, पीएचईडी, स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास परियोजना व पंचायती राज विभाग के अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली गई. समीक्षा के दौरान डीडीसी ने निर्देश दिया कि जिन विभागों की प्रगति लक्ष्य से पीछे है, वे सात दिनों के भीतर कार्यों को पूर्ण करें. उन्होंने कहा कि योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. इस दौरान सभी विभागीय प्रतिनिधियों ने अपनी योजनाओं की अद्यतन स्थिति से डीडीसी श्री जैन को अवगत कराया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किए. बैठक में बीडीओ सह सीओ गौतम कुमार समेत प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित थे.

### मारपीट के मामले में दो गिरफ्तार,भेजे गए जेल

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के मोजा लोहाडंडा के जमीन विवाद मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बुधवार को अशोक यादव तिलैया एवं मंसूर खान पिता मुबारक खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. गौरतलब है कि स्थानीय निवासी जरीना खातून, पति मशकूर खान ने थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि उनकी पुश्तैनी जमीन पर कुछ लोग जबरन कब्जा जमाना चाह रहे हैं और विरोध करने पर उन्हें व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई. महिला ने बताया था कि उक्त जमीन पर उसका परिवार विगत 15-20 वर्षों से काबिज है, लेकिन बीते फरवरी महीने से ही आरोपी कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे. बुधवार को नामजद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

### चौपारण: डीलर से मांगा गया स्पष्टीकरण

**चौपारण ।** प्रखंड के चैथी पंचायत अंतर्गत जनवितरण प्रणाली विक्रेता रवि वर्णवाल (अनुक्रमांक 02/2003) के विरुद्ध खाद्यान्न वितरण में अनियमितता का मामला सामने आया है. जिला आपूर्ति पदाधिकारी, हजारीबाग ने इस संबंध में विक्रेता से स्पष्टीकरण की मांग की है. इस संबंध में एमओ भूपनाथ महतो ने बताया की 22 जुलाई 2025 को दूरभाष के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि विक्रेता द्वारा अगस्त माह 2025 के खाद्यान्न वितरण के क्रम में कई कार्डधारियों से अंगूठा लगवाकर पर्ची तो निकाल ली गई, लेकिन उन्हें खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया गया. सूचना मिलते ही अधिकारी द्वारा तत्काल स्थल जांच की गई.

### कोयला चोरों के हमले में फटा सीआईएसएफ अधिकारी का सिर



**शुभम संदेश । झरिया**

धनबाद के लोदना क्षेत्र स्थित नौ नंबर साइडिंग में बुधवार सुबह कोयला चोरों के एक गिरोह ने ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ अधिकारी चंद्र प्रकाश मौर्य (55) और एक जवान आरके मेहता पर जानलेवा हमला कर दिया. हमले में अधिकारी मौर्य के सिर पर रॉड से वार किया गया, जिससे उनका सिर फट गया, वहीं जवान मेहता को लाठी-डंडों से पीटा गया. दोनों घायलों का इलाज जेलगोड़ा अस्पताल में चल रहा है, जहां मौर्य की हालत गंभीर बनी हुई है. सूचना मिलते ही सीआईएसएफ कमांडेंट आशुतोष चौधरी, क्राइम ब्रांच इंचार्ज चिल्ला विग्नेश, लोदना ओपी प्रभारी गौरव कुमार व अन्य पुलिस और सीआईएसएफ बल मौके पर पहुंचे. घटना के बाद तिलाईबनी बस्ती में छापेमारी की गई, जहां आरोपियों के घर खाली मिले. घटना की जांच के दौरान रेलवे लाइन के पास से 15 से 20 टन अवैध कोयला बरामद किया गया. घायल अधिकारी चंद्र प्रकाश मौर्य के बयान पर श्रवण साव, उसका बेटा रवि उर्फ कल्लू साव, उसकी पत्नी और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ लोदना ओपी में मामला दर्ज किया गया है. सीआईएसएफ अधिकारियों के अनुसार, जब ड्यूटी पर तैनात जवानों ने कोयला चोरी से मना किया, तो महिला-पुरुषों की भीड़ ने हमला कर दिया. बताया जाता है कि तिलाईबनी बस्ती के पास सैकड़ों लोग कोयला चोरी में लिप्त रहते हैं और यही घटना का मुख्य कारण है. सीआईएसएफ डीआईजी जितेन्द्र तिवारी भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली.

## पेज तीन का शेषांश

### सांसद ने कहा बुलाई जाए एनडीआरएफ, नहीं .....

हालांकि इस मामले को स्थानीय पुलिस ने पुष्टि नहीं की थी. दूसरे दिन सुबह बुधवार को गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय कथित घटना स्थल पहुंचे. सांसद ने केशरगढ़ में चाल धंसने से 5 मजदूरों की मौत का दावा करते हुए मृतकों की सूची जारी कर दी और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए. सांसद चौधरी और पूर्वी विधायक सरयू राय घटना स्थल केशरगढ़ पहुंचे तो वहां उन्हें स्थानीय ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा. यहां सांसद के खिलाफ नारेबाजी हुई और मुर्दाबाद के नारे लगाए. सांसद समर्थकों और स्थानीय लोगों के बीच तीखी बहस हुई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया. किसी तरह पुलिस ने सांसद व विधायक को वहां से सुरक्षित निकाला. लोगों ने कहा कि केशरगढ़ में विस्थापितों की समस्याओं पर वर्षों से ध्यान नहीं दिया गया और अब चाल धंसने की अफवाह फैलाई जा रही है.

### सांसद ढुलू महतो ने क्षेत्रीय मुद्दों को मजबूती....

इन सवालों के जवाब में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कि वर्तमान में 15625/26 अगरतला-देवघर एक्सप्रेस सप्ताह में एक बार अगरतला-गुवाहाटी-जलपाईगुड़ी-भागलपुर-बांका-देवघर सेक्टर पर संचालित है. धनबाद पहले से ही रांची-कामाख्या एक्सप्रेस (15661/62) से गुवाहाटी से जुड़ा हुआ है. ट्रेन सेवाओं का विस्तार और उनकी आवृत्ति में वृद्धि एक सतत प्रक्रिया है, जो यात्री भार, संचालन की सुविधा और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करती है.

**सांसद का दूसरा सवाल कृषि क्षेत्र से जुड़ा :** सांसद ने पूछा कि क्या एग्री-श्योर फंड का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में टेक्नोलॉजी आधारित नवाचार को बढ़ावा देना है. क्या यह फंड कृषि बीमा, डेटा एनालिटिक्स और स्मार्ट उपकरणों के लिए 500 करोड़ रुपये के प्रावधान से बनाया गया है? इस फंड में झारखंड राज्य के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया गया है?

राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने उत्तर में बताया कि एग्री-श्योर फंड का कुल कोष 750 करोड़ का है, जिसमें केंद्र सरकार और नाबार्ड ने 250-250 करोड़ का अंशदान किया है. यह फंड भारत में पंजीकृत डीपीआईआईटी-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स को निवेश के माध्यम से सहायता प्रदान करेगा. इसमें कोई राज्य-विशिष्ट लक्ष्य नहीं है, परंतु जिन स्टार्टअप्स के समाधान छोटे और सीमांत किसानों के लिए उपयुक्त होंगे, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी.

सांसद ढुलू महतो ने कहा हमारा प्रयास है कि धनबाद सहित झारखंड के लोगों की समस्याओं को संसद में पूरी मजबूती के साथ रखा जाए. चाहे रेल कनेक्टिविटी की बात हो या किसानों के लिए तकनीकी नवाचार की ज़रूरत हम लगातार इन विषयों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### अनुसंधानकर्ता ने साक्ष्यों के साथ की....

बचाव पक्ष की ओर से उपलब्ध कराए कागजात के आधार पर पता चला कि आदित्य राज अस्पताल में भर्ती नहीं हुआ था. आदित्य राज को लगने वाले गन शॉट की पुष्टि डॉक्टरों द्वारा नहीं की गई है. बचाव पक्ष ने जोर देते हुए कहा कि यह मामला प्रत्यक्ष साक्ष्य का न होकर परिस्थिति जन साक्ष्य का है. वैज्ञानिकों के साक्ष्य के अनुसार तीन लोगों की मौत एक ही पिस्टल से हुई है, इसलिए ऐसा कहना कि संजीव सिंह बड़ा सा बंदूक लेकर गाड़ी के पीछे बैठा था, जिसका आधा भाग ढका हुआ था. इस तर्क को वैज्ञानिक साक्ष्य खंडित करता है. वैज्ञानिकों के साक्ष्य से यह बात भी प्रकाश में आया है कि नीरज सिंह गाड़ी के अगली सीट पर नहीं बल्कि पिछली सीट पर खिड़की की तरफ बैठे हुए थे. कारण कि फोरेंसिक जांच में नीरज सिंह के पायजामे में लगा रक्त पिछली सीट की सतह पर मिले रक्त से मिलान हुआ है.

### आरएसपी कॉलेज के खंडहर में बेसुध....

पुलिस पहुंची और फिर उसे इलाज के लिए धनबाद अस्पताल भेज दिया. वह झरिया क्षेत्र की रहने वाली बताई जा रही हैं. सूत्रों ने बताया कि दोपहर में जब तेज बारिश हो रही थी, उस वक्त एक युवक बाईक से उस युवती को लेकर आया था. हालांकि युवती के होश में आने के बाद पूरे मामले की सच्चाई सामने आएगी. बता दें कि 2017 में कॉलेज को अग्नि प्रभावित क्षेत्र बता कर बंद कर दिया गया है. इसके बाद से कॉलेज भवन खंडहर में तब्दील हो गया. इस कारण यहां दिन रात आज सामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है.

### विभावि के इतिहास विभाग में हुई ज्वलंत परिचर्चा

# नवीन साक्ष्य के आधार पर इतिहास लेखन भी बदल सकता है : प्रो मुकेश

**शुभम संदेश । हजारीबाग**

इतिहास से सम्बंधित उठ रहे विवादों के विषय पर बुधवार 23 जुलाई को स्नातकोत्तर इतिहास विभाग में वृहत परिचर्चा आयोजित की गई. विषय विशेषज्ञ के रूप में मगध विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मुकेश कुमार ने इन विवादों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला. उन्होंने इतिहास लेखन में वस्तुनिष्ठता और सामान्यीकरण पर विस्तार से व्याख्यान दिया. डॉ मुकेश कुमार ने तर्क दिया कि 1970 के दशक तक जहाँ भगत्रव हड़प्पा संस्कृति के दक्षिणी छोर को मान्यता थी. आज स्रोतों के आधार पर हड़प्पा सभ्यता के विस्तार का दक्षिणी छोर दायमाबाद स्वीकार किया जा रहा है. भविष्य में यह सीमा नए साक्ष्यों के आधार पर पुनः संशोधित हो सकता है. अतः नवीन साक्ष्यों और नवीन दृष्टिकोण के आधार पर इतिहास बदलता है.इसी प्रकार कुछ स्रोतों के आधार पर अकबर को अत्यंत सहिष्णु मुग़ल सम्राट के रूप में सामान्यीकृत कर दिया गया. तत्कालीन स्रोतों के पुनर्विश्लेषण के आधार पर यदि अकबर के सांप्रदायिक नीतियों का साक्ष्य मिलता है, तब इतिहास का कार्य दोनों दृष्टिकोण को महत्त्व देना है। पाठक स्वतंत्र होकर उनका आत्मसात कर सकते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साक्ष्यों के आधार पर इतिहास को कसौटी पर खरा उतरना पड़ता है. तभी भारतीय इतिहास प्रासांगिक बना रहेगा तथा नवीन भारत को दिशा दे सकेगा. इस व्याख्यान में विभागाध्यक्ष डॉ हितेंद्र अनुपम ने विषय प्रवेश कराया। इस अवसर पर इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ विकास कुमार, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ फ्रांसिस्का कुजूर तथा पूर्व संकायाध्यक्ष छात्रकल्याण तथा हिंदी विभाग की डॉ मंजुला सांगा उपस्थित थे. शोधार्थियों में सनी कुमार मेहता, सुमित कुमार, अमरेन्द्र कुमार आजाद, पुरुषोत्तम द्विवेदी, सुमती कुमारी, कुमारी गंगेश्वरी सिंह, जय कुमार के साथ-साथ पीएच.डी कोर्स वर्क 2024 के विद्यार्थी फरहीन खानम, माधुरी कुमारी, रीता कुमारी इस चर्चा में सक्रीय रहे.

### केंद्रीय मंत्री ने ध्वजाधारी आश्रम में कराया आरओ वॉटर प्यूरीफायर का अधिष्ठापन



**शुभम संदेश । कोडरमा**

जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक ध्वजाधारी आश्रम,मंदिर परिसर में एक सराहनीय सामाजिक पहल के तहत गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा आरओ वॉटर प्यूरीफायर का अधिष्ठापन किया गया. इस जनहितकारी कार्य केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री-सह-सांसद, कोडरमा श्रीमती अन्नपूर्णा देवी के सौजन्य से हुआ है. यह प्रयास श्रद्धालुओं एवं आश्रम आने वाले लोगों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इस अवसर पर महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही. साथ ही मनोज कुमार झुन्नू, राजेश पांडेय, जमुना यादव, शशि सिंह, धीरज तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे. स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए हर्ष जताया है और सांसद के प्रति आभार जताया है.

### नपं कोडरमा में राजस्व संग्रहण की बैठक हुई

**कोडरमा।** शंभू प्रसाद कुशवाहा प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में उन्होंने बताया कि नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत होल्डिंग टैक्स बकायेदारों जिन्हे नोटिस भेजने के बावजूद भी बकाया होल्डिंग टैक्स की राशि का भुगतान नहीं किये हैं वैसे होल्डिंग धारकों का बैंक खाता फ्रीज जायेगा. झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 184 (1) (ड़) के तहत तहत बकायेदारों के नाम का बैंक खाता तथा अन्य वित्तीय प्रपत्र चाहे एकल या संयुक्त रूप से धारण हो जब्त कर बकाया राशि की वसूली की जा सकती हैं इसके अलावे कुर्की, जब्ती के लिये बॉडी वारंट निर्गत करना और देय कर की वसूली के लिए चल एवं अचल संपत्ति की जब्ती एवं बिक्री की जाएगी भवनो को सीलबंद करने की कार्रवाइ टैक्स देने पर प्रति माह एक प्रतिशत ब्याज भी लगता है.

## कार्रवाई

### रामगढ़ में केवाईसी करते ही सामने आए फर्जी राशन कार्डधारी

# जिले में कटेंगे 66 हजार राशन कार्डधारकों के नाम

**शुभम संदेश । रामगढ़**

फोर व्हीलर पर घूमने वाले 25 लाख का टर्नओवर वाले और डुप्लीकेट राशन कार्ड बनाने वाले लोगों पर अब गाज गिरने वाली है. जिला आपूर्ति कार्यालय को धोखे में रखकर गलत तरीके से राशन कार्ड बनाने वाले लोग लोगों का नाम अब ऑनलाइन ही डिलीट कर दिया जाएगा. जिले में ऐसे लोगों की संख्या 66 हजार से भी अधिक है. इतनी बड़ी संख्या में लोग डीलर से राशन और आयुष्मान योजना का लाभ ले रहे हैं. सभी लोगों के घरों पर अब डॉलर और जनप्रतिनिधि पहुंचेंगे और सत्यापन होते ही वैसे लोगों का नाम राशन कार्ड धारक की सूची से हटा दिया जाएगा. जिला आपूर्ति पदाधिकारी



रंजीत टोप्पो ने बताया कि राशन कार्ड में फर्जीवाड़ा करने वाले की सूची तैयार कर ली गई है.डीएसओ रंजीता टोपो ने बुधवार को बताया कि राशन कार्ड धारकों का केवाईसी कराया जा रहा है. केवाईसी के दौरान आधार कार्ड से लिंक की गई सारी चीजें सामने आ जा रही हैं. केवाईसी में जैसे ही आधार कार्ड का नंबर डाला गया, उससे लिंक किए गए पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य चीजें खुद-ब-खुद सामने आ गई. इस दौरान यह स्पष्ट हुआ कि सैकड़ों लोग ऐसे हैं जिनका सालाना इनकम छह लाख रुपए से ज्यादा है. कुछ ऐसे लोग थे जिनका जीएसटी नंबर में टर्नओवर भी 25 लाख रुपये से अधिक का है.उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी करने वाले लोगों के नाम पर भी राशन कार्ड जारी किया गया है. इसके अलावा डुप्लीकेट राशन कार्ड बनाने वाले लोग भी इस सूची में सामने आ गए. इसके अलावा कुछ लोग 100 साल से अधिक उम्र के हैं. कुछ साइलेंट राशन कार्ड धारक हैं, जिन्होंने पिछले एक साल में राशन नहीं उठाया है. छह से 12 महीने के बीच भी राशन नहीं उठाने वालों का नाम भी इस सूची में शामिल किया गया है. 18 वर्ष से कम उम्र वाले युवक के नाम पर भी राशन कार्ड जारी कर दिया गया है.वहीं पीएम किसान योजना के लाभुकों का नाम भी राशन कार्ड से हटाया जा सकता है. कुछ ऐसे लोग भी हैं जिनका निधन हो गया है, लेकिन उनके नाम पर भी राशन उठाया जा रहा है. साथ ही फोर व्हीलर के मालिक भी राशन कार्ड धारक की सूची में शामिल हैं. ऐसे सभी लोगों का सत्यापन कर उनका नाम डिलीट किया जाएगा.

**66हजार 316 लोगों की बनी सूची:** जिले में गलत तरीके से राशन कार्ड बनवाने वाले लोगों की सूची में 66 हजार 316 लोग शामिल हैं. रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में 2894, चितरपुर प्रखंड में 5499, रामगढ़ प्रखंड में 5401, दुलमी प्रखंड में 6001, गोला प्रखंड में 17002, मांडू प्रखंड में 15552 और पतरातू प्रखंड में 13967 लोगों की सूची बनाई गई है. सभी व्यक्तियों के घर पर पीडीएस डीलर और पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से सर्वे कराया जा रहा है.

**तीन प्रखंड आपूर्ति कार्यालय का बना सिर दर्द:** गोला, मांडू और पतरातू प्रखंड जिला आपूर्ति कार्यालय का सिर दर्द बन गया है. इन तीनों प्रखंडों में बड़े पैमाने पर गलत तरीके से राशन कार्ड बनवाए गए हैं. सबसे बड़ी बात यह है कि मरे हुए लोगों के नाम पर भी यहां बड़े पैमाने पर राशन उठाया जा रहा है. गोला प्रखंड में 1019 लोग ऐसे हैं जिनका निधन काफी पहले हो चुका है.

## न्यूज अपडेट

### खिलाड़ियों के कल्याण से जुड़ा राष्ट्रीय खेल विधेयक लोकसभा में हुआ पेश

**नयी दिल्ली।** सरकार ने खेल संघों के सुशासन और खिलाड़ियों के कल्याण के उद्देश्य से राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 बुधवार को लोकसभा में पेश किया. यह विधेयक खेल विवादों के समाधान, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था करता है. युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शोर-शराबे के बीच विधेयक को पेश किया. बताया गया कि विधेयक का उद्देश्य खेल संघों को जवाबदेह बनाना, उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रतिनिधित्व देना और खेल विवादों के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के लिए कानूनी ढांचा तैयार करना है.

### बिहार को रेलवे क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास की सौगात मिली है: अश्विनी वैष्णव

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिहार को रेलवे क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास की सौगात मिली है. जहां 11 साल पहले बिहार को रेलवे बजट में मात्र 1,132 करोड़ रूपये की राशि मिलती थी, वहीं अब यह राशि बढ़कर 10,000 करोड़ रूपये हो गई है. यह बिहार के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. रेल मंत्री ने कहा कि कई वर्षों से लंबित प्रोजेक्ट्स को एनडीए सरकार ने पूरा किया है. मुंगेर और पटना में नए ब्रिज बनाए गए हैं और कोसी ब्रिज, जिसे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने मंजूरी दी थी, उसे अब मोदी सरकार ने पूरा किया है. उन्होंने जोर देकर कहा कि बिहार के साथ न्याय केवल एनडीए ही कर सकती है.

### लोकायुक्त की राज्यव्यापी छापेमारी भूमि हस्तांतरण में घपले का आरोप

**बेंगलुरु।** आय से अधिक संपत्ति और भूमि हस्तांतरण में अनियमितताओं के आरोपों के चलते कर्नाटक में बुधवार सुबह लोकायुक्त विभाग ने बड़े पैमाने पर छापेमारी की है. यह कार्रवाई बेंगलुरु, मैसूरु, बल्लारी, कोप्पल सहित कई जिलों में एकसाथ शुरू हुई. बेंगलुरु के आरटी नगर स्थित वरिष्ठ आईएएस अधिकारी वसंती अमर के आवास पर लोकायुक्त अधिकारियों ने छापा मारा. उन पर सरकारी जमीन को अवैध रूप से निजी व्यक्तियों को हस्तांतरित करने का आरोप है. वसंती अमर पूर्व में बेंगलुरु शहर की विशेष उपायुक्त के रूप में कार्यरत थीं. मैसूरु में नगर निगम के उप प्रभागीय अधिकारी वेंकटराम तथा कौशल विकास विभाग के संयुक्त निदेशक मंजुनाथस्वामी के घरों पर भी लोकायुक्त के दल ने छापेमारी की.

### जम्मू के शिव गुफा के पास भूस्खलन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के माहौर के बदोरा क्षेत्र में स्थित प्रतिष्ठित शिव गुफा के पास बीती देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया. भूस्खलन की चपेट में आने से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों युवक गुफा स्थल पर एक तंबू में सो रहे थे. अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन पास के एक पहाड़ से अचानक हुआ, जिससे भारी मात्रा में मलबा नीचे गिरा और तंबू को अपनी चपेट में ले लिया. मलबे के दबाव से तंबू पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और अंदर सो रहे दोनों युवक दब गए. मौके पर ही उनकी मौत हो गई. मृतकों की पहचान रशपाल सिंह जिला रियासी और रवि कुमार के रूप में हुई है.

### दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद सहित आसपास क्षेत्रों सुबह हुई तेज बारिश

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और सीमावर्ती दूसरे राज्यों के महानगरों में आज सुबह जमकर बरसात हुई. इससे जगह-जगह पानी भर गया. इस वजह से नौकरीपेशा लोगों को गंतव्य तक समय पर पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ा. कुछ स्थानों पर बरसात थम गई है. कई जगह बूंदाबांदी हो रही है. दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा के आसमान पर अभी भी बादलों का डेरा है. भारतीय मौसम एवं विज्ञान केंद्र ने बादलों की स्थिति पर उपग्रह से प्राप्त तस्वीर जारी की है. केंद्र ने अधिकांश स्थानों पर आज बरसात होने का पूर्वानुमान जारी किया है. बारिश की वजह से तापमान में कुछ गिरावट जरूर आई पर उसने सुबह समय से स्कूल-कॉलेज और दफ्तर पहुंचने वालों की मुश्किल बढ़ा दी.

### ब्रिटिश गायक ओजी ऑस्बॉर्न का 76 वर्ष की आयु में निधन

**बर्मिंघम।** ब्रिटिश रॉक म्यूजिक में धूम मचाने वाले और हेवी मेटल बैंड ब्लैक सब्बाथ के संस्थापक सदस्य ओजी ऑस्बॉर्न का यहां निधन हो गया. उन्होंने 76 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली. उनके परिवार ने मंगलवार को यह जानकारी दी. परिवार ने मृत्यु के कारणों का खुलासा नहीं किया है. द गार्डियन अखबार ने दिवंगत सिंगर के परिवार के हवाले से खबर में बताया कि ऑस्बॉर्न ने 2020 में खुलासा किया था कि उन्हें पार्किंसंस रोग हो गया था. इस बीमारी के कारण वह चलने-फिरने में असमर्थ हो गए थे. गार्डियन के अनुसार, उन्होंने अपना अंतिम संगीत कार्यक्रम पांच जुलाई, 2025 को बर्मिंघम में एक काले सिंहासन पर बैठकर प्रस्तुत किया.



## भारतीय नौसेना के 4 जहाजों की सिंगापुर यात्रा पूरी, समुद्री सहयोग पर हुई चर्चा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दक्षिण पूर्व एशिया में तैनाती के दौरान पूर्वी बेड़े के जहाजों दिल्ली, शक्ति, सतपुड़ा और किल्टन ने सिंगापुर बंदरगाह पर अपनी यात्रा पूरी कर ली है. पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल सुशील मेनन के नेतृत्व ने इन जहाजों की 16 से 19 जुलाई तक परिचालन तैनाती की गई थी. यात्रा के दौरान सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त और सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के फ्लीट कमांडर से मुलाकात हिंद-प्रशांत क्षेत्र में द्विपक्षीय नौसैनिक संबंधों और समुद्री सहयोग को बढ़ाने के अवसरों और संभावनाओं पर चर्चा की गई. इस यात्रा के दौरान रियर एडमिरल सुशील मेनन ने समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय विकास पर भारतीय नौसेना के दृष्टिकोण पर अकादमिक समुदाय के साथ अनौपचारिक चर्चा की. पूर्वी बेड़े के जहाजों के कमांडिंग अधिकारियों ने क्रांजी युद्ध स्मारक पर भव्य पुष्पांजलि समारोह में भाग लिया और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की. दोनों नौसेनाओं के बीच व्यावसायिक बातचीत में क्रॉस-डेक दौरे, विषय वस्तु विशेषज्ञों का आदान-प्रदान और मैत्रीपूर्ण खेल गतिविधियां शामिल थीं, जिनका उद्देश्य अंतर-संचालन और आपसी समझ को मजबूत करना था.

### पाकिस्तान की दो आतंकवाद-रोधी अदालतों ने कारागारों में सुनाया फैसला

# पीटीआई के प्रमुख नेताओं को 10 वर्ष जेल

**एजेंसी। लाहौर**



पाकिस्तान के लाहौर और सरगोधा की दो अदालतों ने रात करीब साढ़े नौ बजे अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कई नेताओं को 10 वर्ष के जेल की सजा सुनाई. इन सभी के खिलाफ 09 मई 2023 को इमरान की भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तारी के बाद देश में फैली हिंसा के आरोप में दर्ज मामलों पर यह फैसला आया है. डान अखबार की खबर के अनुसार, लाहौर आतंकवाद-रोधी अदालत के जज अरशद जावेद ने कोट लखपत जेल में रात करीब साढ़े नौ बजे शेरपाओ ब्रिज हिंसा मामले में फंसे पीटीआई नेताओं की मौजूदगी में यह फैसला सुनाया. अदालत ने डॉ. यास्मीन राशिद, सीनेटर एजाज चौधरी, पूर्व गवर्नर उमर सरफराज चीमा और पूर्व प्रांतीय मंत्री मियां महमूदुर राशिद को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई. पीटीआई के चार वरिष्ठ नेताओं के अलावा जज ने अफजाल अजीम पहाट, अली हसन, खालिद कयूम और रियाज हुसैन समेत कई आरोपितों को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई. हालांकि, अदालत ने पीटीआई के उपाध्यक्ष और पूर्व विदेशमंत्री शाह महमूद कुरैशी को बरी कर दिया. लाहौर में 09 मई को हुए दंगों से जुड़े किसी भी मामले में यह पहला फैसला है. जज ने कुरैशी सहित छह आरोपितों को बरी कर दिया. बचाव पक्ष के अनुसार कथित हिंसा के दिन उनके मुवक्किल कराची में थे. पीटीआई कार्यकर्ता हमजा अजीम, ऐतजाज रफीक, राणा तनवीर, इफ्तिखार अहमद और जायस खान को भी बरी कर दिया गया.

सुरक्षा कारणों से जेल में चले मुकदमे के दौरान 14 आरोपितों पर अभियोग लगाया गया था. अभियोजन पक्ष ने 28 सितंबर, 2023 को चालान (आरोप-पत्र) पेश किया था. अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि '09 मई की साजिश' 07 मई को इमरान खान के आवास जमान पार्क में रची गई थी. बचाव पक्ष के वकील मलिक ने तर्क दिया कि प्राथमिकी में 400 आरोपितों का उल्लेख है, लेकिन मुकदमा 14 पर ही चलाया जा रहा है. वकील ने यह भी बताया कि 09 मई को किसी भी व्यक्ति के घायल होने का कोई मेडिकल प्रमाण पत्र मौजूद नहीं है. उन्होंने कहा कि अभियोजन पक्ष कथित घटनास्थल पर पीटीआई नेताओं की मौजूदगी साबित करने में विफल रहा. कुरैशी के बारे में उन्होंने कहा कि पूर्व विदेश मंत्री 9 मई, 2023 को कराची में थे. सरवर रोड पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की, जिसमें दावा किया गया कि आरोपियों ने 09 मई के व्यापक हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान शेरपाओ ब्रिज पर भड़काऊ भाषण दिए और दंगे भड़काए. सरगोधा आतंकवाद-रोधी अदालत ने भी कारागार में मूसाखेल पुलिस स्टेशन में दर्ज 09 मई के एक दंगा मामले में पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता अहमद खान भाचर सहित दर्जनों पीटीआई नेताओं को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई. जज नईम शेख ने मौजूदा सांसद अहमद चट्ठा और पूर्व सांसद राणा बिलाल एजाज समेत 32 आरोपितों को दोषी ठहराया. इस मामले में नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब खान समेत 70 से अधिक आरोपितों को भगोड़ा घोषित किया गया था.

## न्यूज अपडेट

### चीन ने अमेरिका के एक सरकारी कर्मचारी को देश छोड़ने से रोका

**वॉशिंगटन।** चीन ने अमेरिका के एक सरकारी कर्मचारी को देश छोड़ने से रोक दिया है, जिसकी पुष्टि अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को की. यह कर्मचारी निजी यात्रा पर चीन गया था, लेकिन अब उसे वहां से निकलने की अनुमति नहीं दी जा रही है. यह घटना अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव के बीच सामने आई है. विदेश विभाग ने कर्मचारी की पहचान उजागर नहीं की, लेकिन बताया कि वह अमेरिकी पेटेंट और ट्रेडमार्क कार्यालय से जुड़ा है, जो कि वाणिज्य विभाग के अंतर्गत आता है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हम इस मामले पर बहुत नजदीकी से निगरानी रखे हुए हैं और जल्द समाधान के लिए चीनी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है.

### बांग्लादेश में ट्रक और बस में जोरदार टक्कर, छह लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के राजशाही विभाग के ग्राणीण क्षेत्र में आज सुबह हुए सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई. फिलहाल एक मृतक की पहचान हो सकी है. कुछ लोग घायल हैं. उन्हें पुलिस ने पास के अस्पताल में भर्ती कराया है. ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर में बोनपारा हाइवे पुलिस थाना प्रभारी इस्माइल हुसैन के हवाले से बताया गया है कि सुबह लगभग 9.30 राजशाही विभाग के ग्रामीण क्षेत्र के नाटोर जिला के बरईग्राम उपजिला में ट्रक और मिनी बस के बीच हुई टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई. यह दुर्घटना बोनपारा-हतीकुमरुल राजमार्ग पर एयरमारी में तारमुज पंप क्षेत्र के सामने हुई. मृतकों में अभी तक केवल बस चालक 32 वर्षीय रुबेल हुसैन की पहचान हो पाई है.

## पाक में मानसून का कहर, नदी-नाले उफान पर, 234 लोगों की हुई मौत



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान मानसून से त्राहिमाम-त्राहिमाम है. बरसात, बाढ़ और भूस्खलन से रास्ते बंद हो गए हैं. बादलों के फटने से बड़ी तबाही हुई है. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के ताजा आंकड़े हृदयविदारक हैं. इन आंकड़ों में 26 जून से अब तक कम से कम 234 लोगों की मौत होने की जानकारी दी गई है. कहा गया है कि 596 लोग घायल हुए हैं और 826 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं. राहत, बचाव और खोज अभियान में सेना को शामिल किया गया है. द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर में एनडीएमए के ताजा आंकड़े साझा किए गए हैं. कहा गया है कि अब तक 203 पशुओं की मौत हो चुकी है. बड़े पैमाने पर परिवार विस्थापित हुए हैं. मुल्क में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा प्रभावित हुआ. राहत, बचाव और खोज अभियान के तहत 450 लोगों को बचाया गया है. प्रभावित लोगों की सहायता के लिए 27 राहत और चिकित्सा शिविर स्थापित किए गए हैं. प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि खतरा अभी टला नहीं है. उत्तरी और पहाड़ी क्षेत्रों में कभी भी बारिश शुरू हो सकती है. गिलगित-बाल्तिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में स्थिति गंभीर है. डायमर के उपायुक्त अत्ता-उर-रहमान के अनुसार, सोमवार को बादल फटने से बाबूसर में चार पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी सहित कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई. एक दर्जन से अधिक लोग लापता हैं. बचाव और खोज अभियान जारी है. बाबूसर रोड का सात-आठ किलोमीटर का हिस्सा ध्वस्त हो गया है. 200 से अधिक फंसे हुए पर्यटकों को बचाकर चिलास लाया गया. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि हताहतों की संख्या का ब्यौरा देश भर में बारिश से जुड़ी घटनाओं से हुई तबाही की एक भयावह तस्वीर पेश करता है.




### बांग्लादेश : घायलों के इलाज के लिए भारत भेजेगा बर्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम

## भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ, मिलेगी राहत

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



बांग्लादेश में हुए एक भीषण सैन्य विमान हादसे में घायल लोगों की मदद के लिए भारत ने मानवीय कदम उठाते हुए जलन (बर्न) विशेषज्ञ डॉक्टरों और नर्सों की एक टीम ढाका भेजने का निर्णय लिया है. यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब बांग्लादेश की राजधानी ढाका में हुए इस दुर्घटना में अब तक 31 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जिनमें से अधिकांश स्कूली बच्चे बताए जा रहे हैं. हादसे के बाद 165 से अधिक लोग घायल हैं, जिनका इलाज ढाका के विभिन्न अस्पतालों में जारी है. यह दर्दनाक हादसा 21 जुलाई को हुआ, जब बांग्लादेश वायुसेना का एक चीन निर्मित एफ-7 बीजीआई ट्रेनर फाइटर जेट उड़ान भरने के तुरंत बाद तकनीकी खराबी के चलते नियंत्रण खो बैठा और माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज की इमारत से टकरा गया. टक्कर के बाद विमान में भयंकर विस्फोट हुआ, जिससे स्कूल में आग लग गई और बड़ी संख्या में बच्चे इसकी चपेट में आ गए. भारत सरकार ने इस दुर्घटना को अत्यंत दुखद और मानवीय संकट मानते हुए त्वरित सहायता की पेशकश की है. विदेश मंत्रालय की ओर से मंगलवार देर रात जारी एक बयान में कहा गया कि जलन विशेषज्ञ चिकित्सकों और प्रशिक्षित नर्सों की एक टीम आवश्यक चिकित्सा सहायता के साथ जल्द ही ढाका भेजी जाएगी. यह टीम विशेष रूप से दिल्ली के प्रतिष्ठित राममनोहर लोहिया और सफदरजंग अस्पतालों से चुनी गई है, जो बर्न मामलों में विशेषज्ञता रखते हैं. इस मेडिकल टीम का उद्देश्य ढाका के अस्पतालों में भर्ती पीड़ितों की स्थिति का आकलन करना, मौके पर प्राथमिक इलाज देना और जरूरत के अनुसार उन्हें भारत लाकर विशेष इलाज की सिफारिश करना है. भारत की इस त्वरित मानवीय सहायता को क्षेत्रीय सहयोग की मिसाल के रूप में देखा जा रहा है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)